শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 251 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

देश के साथ-साथ राज्य में भी रही हनुमान जयंती की धूम पेज 3
चेन्नई एयरपोर्ट के अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल से कनेक्टिविटी को मिलेगा... पेज 4
1045.66 करोड़ रुपए के 258 विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण ... पेज 5
भाजपा सरकार की नीतियों का अनुसरण कर रहा पूरा विश्व : कै. भूपेंद्र पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*संघर्ष ही इंसान को सशक्त और मजबूत बनाता है, फिर चाहे वो कितना भी कमजोर क्यों न हो।*
– **अज्ञात**

## राष्ट्रपति तीन दिवसीय दौरे पर, सीएम ने किया स्वागत

### दो दिवसीय गज महोत्सव आज से



**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार से तीन दिवसीय असम दौरे गुरुवार दोपहर बाद असम पहुंची। हवाई अड्डे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राज्यापल गुलाब चंद कटारिया भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। अमस के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ट्वीट में लिखा कि आदरणीया राष्ट्रपति जी, असम में आपका स्वागत है। आपकी गरिमामयी उपस्थिति और आशीर्वाद पाकर हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति यहां से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जाएंगी। वह बागोरी में पार्क की पश्चिमी रेंज का दौरा करेंगी, जीप सफारी लेंगी और फिर शाम को कोहोरा में केंद्रीय रेंज में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगी। गुवाहाटी के लिए रवाना होने से पहले राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह पार्क में दो दिवसीय *गज महोत्सव* का उद्घाटन करेंगी। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस वार्षिक उत्सव का उद्देश्य एशियाई हाथी का संरक्षण करना और बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष को हल -शेष पृष्ठ दो पर

## जनता के पक्ष में और दोषियों के खिलाफ ईमानदारी से काम करे पुलिस : मुख्यमंत्री



**गोलाघाट ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को नवनियुक्त पुलिस कांस्टेबलों का आह्वान किया कि वे सुनिश्चित करें कि आम लोगों को पुलिस के उत्पीड़न का सामना न करना पड़े। उन्होंने पुलिसकर्मियों से आग्रह किया कि वे हमेशा ईमानदारी और साहस के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। असम पुलिस की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में असम पुलिस की स्थिति बहुत ऊपर उठी है। मुख्यमंत्री यहां गोलाघाट जिलांतर्गत देरगांव के लाचित बरफुकन पुलिस अकादमी में 178वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। नौ माह के कठोर प्रशिक्षण बाद 1715 नवनियुक्त पुलिस कांस्टेबल पूर्ण पुलिसकर्मी बन गए हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पुलिस कांस्टेबलों का आह्वान किया कि वे आम जनता के पक्ष में और दोषियों के खिलाफ सख्त होने के लिए हमेशा समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करें। इस अवसर पर पुलिस कांस्टेबलों ने कई शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने कई पुलिस कांस्टेबलों को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के साथ पुलिस की दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके कारण जिस गांव से आया व्यक्ति पुलिसकर्मी बन जाता है -शेष पृष्ठ दो पर

## कोरोना वायरस : स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ आज बैठक करेंगे मांडविया

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की स्पीड तेजी के साथ बढ़ रही है। बीते दो दिनों में ही कोरोना के नए मामलों में करीब 80 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान 2300 से ज्यादा केस बढ़े हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एक बैठक बुलाई है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कल यानी शुक्रवार को सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। ये बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होगी। बैठक में अलग-अलग राज्यों में कोरोना को लेकर स्थिति की समीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी के नेतृत्व में लोकतंत्र होगा और मजबूत : सोनोवाल



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र का जन्म हुआ है। लोकतंत्र ने भारत से दुनियाभर की यात्रा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकतंत्र को और मजबूत बनाकर भारतीय समाज को गतिशील और मजबूत बनाए रखा है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल गुरुवार को भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर यहां स्थित वशिष्ठ चाराली में असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सोनोवाल के अनुसार, भारत अब दुनिया की सभी समस्याओं का समाधान का सूत्र प्रदान करने में सक्षम है। सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### टीटीपी ने कश्मीर को लेकर पाक सेना का उड़ाया मजाक

**कराची।** पाकिस्तानी सेना की नाक में दम करने वाले आंतकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने अब कश्मीर का जिक्र करके जनरल मुनीर का मजाक उड़ाया है। टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना द्वारा उसको भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का एजेंट बताए जाने के आरोप खारिज करते हुए कहा कि मुनीर की सेना कश्मीर को आजाद कराने का दावा करती है लेकिन अभी तक एक भी इंच हासिल नहीं कर सकी है। टीटीपी के प्रचार विंग उमर मीडिया ने एक बयान जारी करके पाकिस्तानी सेना की अक्षमता का -शेष पृष्ठ दो पर

### राजस्थान में आरएसएस प्रमुख समेत जुटेंगे तीन हजार प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक बहुत बड़ा आयोजन करने जा रहा है। संघ के सक्रिय संगठन राष्ट्रीय सेवा भारती की ओर से सात से नौ अप्रैल तक जयपुर के केशव विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा संगम का आयोजन किया जाएगा। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन का उद्घाटन संघ प्रमुख डॉ. मोहनराव भागवत सात अप्रैल को करेंगे। -शेष पृष्ठ दो पर

## कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला दीवारों पर भारत विरोधी नारे



**नई दिल्ली।** कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। यहां ओंटारियों प्रांत के विंडसर शहर में नकाबपोश हमलावरों ने हिंदू मंदिर पर हमला किया। हमलावरों ने मंदिर में तोड़फोड़ की और दीवारों पर नफरत भरे नारे लिखे। स्थानीय पुलिस ने घटना की जानकारी दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पुलिस दो संदिग्धों की तलाश में जुटी है। विंडसर पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नकाबपोश बदमाशों ने बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर के बाहर दीवार पर हिंदू-विरोधी और भारत-विरोधी नारे काले रंग के पेंट से लिखे हैं। पुलिस ने आगे कहा कि हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ की जांच -शेष पृष्ठ दो पर

## चीन के मनगढ़ंत नाम रखने से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी : भारत



**नई दिल्ली।** भारत ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुनः नामकरण करने को सिरे से खारिज करते हुए गुरुवार को फिर दोहराया कि यह राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और *मनगढ़ंत* नाम रखने से जमीनी हकीकत बदल नहीं जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि चीन ने ऐसा प्रयास किया हो और हम पहले की तरह इसे खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले भी कह चुके हैं कि हम ऐसे प्रयासों (चीन के) को खारिज करते हैं और हम फिर से यही दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और रहेगा। उन्होंने कहा कि हम अपने रूख पर टिके हुए है और गढ़े गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जाएगी। गौरतलब है कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे। चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है। चीन की सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल टाइम्स ने सोमवार को अपनी एक खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के आधिकारिक नाम जारी किए, जिनमें दो भूमि क्षेत्रों, दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों और दो नदियों सहित उनके सटीक निर्देशांक -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्वोत्तर को गंवा चुके थे पंडित नेहरू : सीतारमण



**नई दिल्ली।** भारत-चीन सीमा पर चीनी कार्रवाई के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री (पंडित) जवाहरलाल नेहरू ने पूर्वोत्तर को गंवा दिया था। सीतारमण ने कहा कि 1962 में, पूरे पूर्वोत्तर को भाग्य के सहारे छोड़ दिया गया था और नेहरू ने इस क्षेत्र को गंवा दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि हमने चीनियों को अरूणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से रोक दिया है, हमारी कार्रवाई इसे बयां करता है। इसलिए वे (कांग्रेस) यह कहते रहते हैं कि ओह, प्रधानमंत्री बोलते नहीं हैं। मैं चाहती हूं कि वह (राहुल गांधी) पहले जांच करें कि उनके प्रथम प्रधानमंत्री, हमारे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल -शेष पृष्ठ दो पर

## एके एंटनी के बेटे भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो गए हैं। अनिल ने बीबीसी विवाद के बाद कड़ा विरोध जताया था और कांग्रेस से मतभेद के बाद पार्टी छोड़ दी थी। अनिल एंटनी को आज भाजपा मुख्यालय में केरल प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन लेकर पहुंचे। बता दें कि अनिल एंटनी ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सोशल मीडिया संयोजक के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पीएम मोदी और गुजरात दंगों पर बनी विवादास्पद बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर एक ट्वीट किया था, जिसके बाद पार्टी में विवाद हो गया था। अनिल एंटनी को आज भाजपा नेता पीयूष गोयल और वी मुरलीधरन और पार्टी की केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने एक औपचारिक कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद अनिल एंटनी ने संवाददाताओं से कहा कि हर कांग्रेस कार्यकर्ता का मानना है कि वे एक परिवार के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन मेरा -शेष पृष्ठ दो पर

### मैं आहत हूं : एंटनी

कांग्रेस के सीनियर नेता एके एंटनी बेटे के भाजपा में शामिल होने पर दुखी हैं। उन्होंने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि अनिल (एंटनी) के भाजपा में शामिल होने के फैसले से आहत हूं, यह गलत फैसला है। पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी का बेटा अनिल एंटनी आज भाजपा में शामिल हो गया। अनिल एंटनी ने साल 2002 के गुजरात दंगो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर हुए विवाद के बाद जनवरी में ही कांग्रेस छोड़ दी थी। पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक एंटनी ने अपने बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में शामिल होने के फैसले पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। गुरुवार -शेष पृष्ठ दो पर

## यूपीआई : खाते में बिना पैसों के भी खर्च कर सकेंगे आप



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से बैंकों में प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति दी है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गर्वनर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि बैंकों में प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति देकर यूपीआई का दायरा बढ़ाया जाएगा। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और ग्राहकों को क्रेडिट तक पहुंच बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यूपीआई ने रिटेल भुगतान के परिदृष्य को बदला है और अब तक उसमें कई नए फीचर जोड़े जा चुके हैं। इसी क्रम में यह प्री -शेष पृष्ठ दो पर

## एससी के कुछ पूर्व जस्टिस भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं : रिजीजू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री किरण रिजीजू ने इस बात से इंकार किया है कि उच्चतम न्यायालय के कुछ पूर्व न्यायाधीश भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में रिजीजू ने गुरुवार को यह बात कही। ज्ञात हो कि हाल ही में उन्होंने एक कार्यक्रम में दावा किया था कि भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा बन चुके कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कुछ कार्यकर्ता कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए। दरअसल, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान और जनता दल यूनाइटेड के रामनाथ ठाकुर ने केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री से सवाल किया था कि क्या उनके अनुसार उच्चतम न्यायालय के कुछ पूर्व न्यायाधीश भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं? इसके जवाब में रिजीजू ने कहा कि जी नहीं। राज्यसभा के दोनों सदस्यों ने उनसे इस बारे में ब्योरा मांगते हुए ऐसी सूचना का स्रोत भी मांगा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समय-समय पर न्याय विभाग में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के सेवारत न्यायाधीशों के साथ-साथ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि न्याय विभाग केवल उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और सेवा शर्तों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि उच्चतर न्यायपालिका में जवाबदेही *आंतरिक तंत्र क्रियाविधि* के माध्यम से बनाए रखी जाती है। रिजीजू ने कहा कि भारत के उच्चतम न्यायालय में 7 मई 1997 को अपनी पूर्ण न्यायालय बैठक में भारत के उच्चतम न्यायालय ने दो संकल्प अंगीकृत किए थे। उनके मुताबिक पहला, न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन है जो उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा पालन एवं अनुसरण किए जाने वाले कतिपय न्यायिक मानदंड और सिद्धांतों का उल्लेख करता है। उन्होंने कहा कि दूसरा उन न्यायाधीशों के विरुद्ध -शेष पृष्ठ दो पर

## भगवान हनुमान को जब राक्षसों का सामना करना पड़ा तो हो गए कठोर : पीएम



**नई दिल्ली।** भाजपा के 44वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले से ही कहा जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को *अति आत्मविश्वास* की भावना से सचेत रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी अति आत्मविश्वास का शिकार नहीं होना है। इस अवसर पर मोदी ने भगवान हनुमान और भाजपा के बीच समानताएं बताईं और कहा कि पार्टी निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि आत्म संदेह को खत्म करने के बाद भगवान हनुमान की तरह ही भारत अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर हम भगवान हनुमान का पूरा जीवन देखें तो उनमें *कर सकने वाला* की प्रवृत्ति थी जिसकी वजह से उन्हें बड़ी सफलताएं हासिल हुईं। हनुमान जी का जीवन और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंग आज भी हमें पुरषार्थ के लिए प्रेरित करते हैं... भारत की विकास यात्रा के लिए प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत के आंतरिक मामलों पर किसी से नसीहत की जरूरत नहीं : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** विदेश मंत्रालय ने भारत के आंतरिक मामलों में बाहरी देशों की टिप्पणियों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा कि हमें किसी की नसीहत की जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के उत्तर में कहा कि समय-समय पर बाहरी देश भारत के घटनाक्रम के बारे में टिप्पणियां करते रहते हैं। पता नहीं इसके जरिए वे क्या हासिल करना चाहते हैं। जहां तक भारत का सवाल है उसे किसी के विचारों और सत्यापन की दरकार नहीं है। इस संबंध में उन्होंने जर्मनी सहित अन्य देशों के नेताओं की टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर कहा कि भारत की प्रणाली और संस्थाएं इनसे प्रभावित नहीं होती। अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम के खिलाफ चल रही कानूनी प्रक्रिया के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस पर गौर किया है। मामले पर अमेरिकी संस्थानों को ही विचार करना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही के संबंध में अमेरिकी पूंजीपति जॉर्ज सोरोस पर आक्षेप किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी भारत के राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में सोरोस की भूमिका की आलोचना कर चुके हैं। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्री का कथन अपने आप में स्पष्ट है। यदि इस संबंध में कोई गड़बड़ी पाई जाएगी तो संबंधित एजेंसियां कार्रवाई करेंगी।

## गल्लापट्टी में हनुमान जयंती मनी

**गुवाहाटी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति के सौजन्य से फैंसी बाजार टीआरपी रोड गल्ला पट्टी में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का विशाल आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी की प्रतिमा का अभिषेक के पश्चात श्रृंगार किया गया। प्रात: 11.15 पर महा आरती की गई व दोपहर एक बजे से श्री गुरु भक्त मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में शाम को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हनुमान जी की प्रतिमा को कोलकोता के फूलों से सुसज्जित विशाल रथ में विराजमान किया गया। इसके अलावा शोभायात्रा में 300 से भी अधिक महिलाओं ने हनुमान निशान को लेकर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियों भगवान हनुमान, भगवान शिव, भगवान राम लक्ष्मण और मां सीता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शाम को अतिथि कलाकार मुंबई के अम्बरीश कुमार और पटना की गिन्नी कौर ने भजन संध्या में भजनों की श्रृंखला प्रस्तुत की। जन्म उत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, सचिव राकेश चौधरी और कोषाध्यक्ष सुनील बाजोरिया के अलावा मंदिर के मुख्य पुजारी बंकटलाल शर्मा, विशिष्ठ समाजसेवी अशोक धानुका, कैलाश लोहिया, रतन शर्मा, जयप्रकाश गोयंका, प्रदीप भडेच, शरद जैन, रामअवतार भरतीया, शंकरलाल गोयंका, दीनदयाल सिवोटिया, विनोद छावछरिया, रामपाल सीकरिया, ललित धानुका, रतन गोयंका, ऋषि गुप्ता, मनोज अग्रवाल (बेली), मनोज जालान (प्रोटेक), राजेंद्र देवड़ा, सोमेंद्र शर्मा, सुनील अजीतसरिया, दीपक मित्तल, विकास अग्रवाला, गौतम शर्मा, दीपक बाजोरिया, मनोज लुंडिया, प्रदीप भुवालका, राजा गुप्ता, उमेश बेड़िया, संतोष बंका, संजय मोजिका, विजय अग्रवाल (त्रिवेणी), पीतराम केडिया, अजय पोद्दार, गौरव सिवोटीया, आदर्श शर्मा, जेपी लोहिया, गोविंद खेतान, मधुसूदन सिवोटिया, प्रभात शर्मा और विष्णु डीडवानिया के अलावा अन्य कई श्रद्धालुओं ने अपना सक्रिय सहयोग दिया।


No.Jt.DHS(N)/Tender/Cloth Wash/2023/

**INVITATON OF SEALED TENDER**

Sealed tenders affixing non refundable stamp of Rs. 8.25(Rupees Eight and Twenty Five Paisa) only are invited from the bonafied Dhubi/Washer Man/ Women/Dry Cleaner for Washing of cloths of B.P.Civil Hospital, Nagaon for the year 2023-24. The Tenders will be received upto 1.00PM on 25/04/2023 and will be opened on same day at 3.00 PM in the office of the Joint Director of Health Services, Nagaon.

The terms and conditions of tender details may be obtained in the notice board office of the Joint Director of Health Services, Nagaon in office hours.

*-- Janasanyog /C/ 475 /23*

Joint Director of Health Services
Nagaon (Assam)


## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **दशम अध्याय**

**( गृहस्थ संत )**

**माया दासी बनि रही, सन्त स्वामिपन भाव।**
**यह महिमा गुरुदेव की, ब्रह्मविद्या परभाव॥ 19॥**

**शब्दार्थ :** (स्वामिपन) स्वामीत्व, स्वामी भाव।

**भाष्य :** ब्रह्मविद्या विज्ञान द्वारा जब आत्मा शुद्ध स्वरूप में आ जाती है, तब प्रकृति स्वयं उसके अधीन हो जाती है और वह सारे देह-संघात रूपी माया का स्वामी बन जाती है और वह माया उसकी दासी बन जाती है। सद्गुरु की यह मान महिमा है, जिसके द्वारा यह दुर्लभ अवस्था प्राप्त होती है। ब्रह्मविद्या का महान महत्व सद्गुरु द्वारा प्राप्त होता है।

**संग्रह त्याग न करत हैं, माया आवे जाय।**
**आप भजन प्रभु की करें, माया करे सहाय॥ 20॥**

**शब्दार्थ :** (संग्रह) एकत्र करना (सहाय) सहायता (माया) प्रकृति।

**भाष्य :** संत, माया का संग्रह और त्याग नहीं करते, परंतु माया आती-जाती रहता है। संत अपने प्रभु का भजन करते रहते हैं और वह विघ्न न देकर उनकी सहायता करती है।

## साहित्य और संस्कृति की समृद्धि का राजमार्ग है अनुवाद : डॉ. पाठक

**रंगिया।** प्रख्यात शिक्षाविद परेश बैश्य की दो पुस्तकों के बोड़ो संस्करण का विमोचन 3 अप्रैल में गुवाहाटी प्रेस क्लब में किया गया। बच्चों के लिए परेश वैश्य द्वारा लिखित दो जीवनी पुस्तकों *डॉ. भीमराव अम्बेडकर* और *सरदार वल्लभभाई पटेल* का बोड़ो लेखक प्रतिमा नंदी नार्जारी द्वारा बोड़ो में अनुवाद किया गया है। पुस्तकों का विमोचन बोड़ो साहित्य सभा के अध्यक्ष तरेन बोड़ो ने गुवाहाटी प्रेस क्लब में किया। कार्यक्रम में प्रमुख शिक्षाविद डॉ. दयानंद पाठक मुख्य अतिथि थे। दोनो पुस्तकें नई पीढ़ी के बोड़ो छात्रों को राष्ट्रीय एकता और एकजुटता की ओर आकर्षित करेंगी। बोड़ो भाषा में बहुत कम अनुवादित साहित्य है।

## बाइक रेसलर धनराज रूपाका का निधन



**रंगिया/शिलांग।** शिलांग के विख्यात बाईक रेसलर तथा खुशमिजाज व्यक्तित्व के धनी धनराज रूपाका का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने शिलांग के निग्रीम्स अस्पताल मे अपनी अंतिम सांस ली। उनकी इस खबर के बाद समूचे अंचल में शोक व्याप्त है। शिलांग के प्रतिष्ठित व्यवसायी सत्यनारायण रूपाका एवं पुष्पा देवी रूपाका के छोटे पुत्र 35 वर्षीय स्वर्गीय धनराज रूपाका के निधन पर उनके आत्मीय और चाहने वालों ने शोक व्यक्त किया है। मालूम हो कि धनराज रूपाका कई दिनों से जटिल बीमारी से जूझ रहे थे जिनकी शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ गई, इसके कारण उन्हें तत्काल ही शिलांग के निग्रीम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां ईलाज के दौरान बुधवार को सुबह 6 बजे डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर गुवाहाटी के क्रिश्चियन बस्ती स्थित उनके अग्रज भाई योगेश अग्रवाल के निवास पर लाया गया। जहां से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई तथा धार्मिक रीति रिवाज के साथ भूतनाथ मुक्तिधाम में बुधवार को दोपहर 1 बजे उनका अंतिम संस्कार संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि गुवाहाटी के विशिष्ठ व्यवसायी व समाजसेवी नरसिंह, योगेश, प्रवीण, धरमवीर एवं भवानी रूपाका के अनुज स्वर्गीय धनराज रूपाका अपने मृदुल स्वभाव के लिए सभी के प्रिय थे। उनके निधन पर बहनोई शंकरलाल भजनका, दिनेश तोदी सहित समस्त आत्मीयों द्वारा दिवंगत आत्मा के चीर शांति की कामना के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। वहीं शोक संतप्त परिवार द्वारा रविवार 9 अप्रैल 2023 को दोपहर 3-6 बजे तक बैठक का समय दिया गया है। बैठक गुवाहाटी, क्रिश्चियन बस्ती के नीलमणि फूकन पथ स्थित नामसिंग अपार्टमेंट मकान नं- 14, फ्लेट नं- 403 निवास स्थान पर होगी।


**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**CHANGE OF NAME**

I, KORE MALLIKARJUN MANOHAR, No. 15432376P Rank- NK, R/O- Vill.- Old Miraj Road, Waghmodengar Kupwad, Tal. Miraj, Dist.- Sangli, Pin- 416436, That I, have changed my daughter's name from TANVI to TANVI MALLIKARJUN KORE, Date of birth is 10 July 2015. Vide affidavit before the Notary Tezpur, Sonitpur on 5/4/2023.

**CHANGE OF NAME**

I, KORE MALLIKARJUN MANOHAR, No. 15432376P Rank- NK, R/O- Vill.- Old Miraj Road, Waghmodengar Kupwad, Tal. Miraj, Dist.- Sangli, Pin- 416436, That I have changed my son's name from AARAV to AARAV MALLIKARJUN KORE, Date of birth is 11 April 2018. Vide affidavit before the Notary Tezpur, Sonitpur on 5/4/2023.

**CHANGE OF NAME**

I, Pallapati Vijaya Kumari, Date of Birth 20/02/1982, W/O- Guntaiah Pallapati, R/O- Ramapuram, P/O- Somidevi Palle, P/S-Racherla Mandal, Dist- Prakasam, State- Andhra Pradesh, Pin-523368. That in Army service record wherein my name has been recorded as G.Vijaya Kumari instead of Correct name Pallapati Vijaya Kumari. Vide affidavit before the Notary Sonitpur, Tezpur on 17 March 2023.


## राज्यपाल ने लोगों को गुड फ्राइडे की बधाई दी



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने गुड फ्राइडे के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों, विशेषकर ईसाई समुदाय के लोगों को बधाई दी है। अपने संदेश में कटारिया ने कहा कि गुड फ्राइडे हमें प्रभु ईसा मसीह के सर्वोच्च और नि:स्वार्थ बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने मानवता को पापों के भयानक प्रभाव से बचाने के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। गुड फ्राइडे के इस अवसर पर, आइए हम प्रभु यीशु के सर्वोच्च बलिदान को याद करें और मार्गदर्शन और शक्ति के लिए प्रार्थना करें। उनका नि:स्वार्थ कार्य हमें प्रेरित करे और हमारी आत्मा को मजबूत करे, साहस और जीवन के संघर्षों और कठिनाइयों के माध्यम से हमारा मार्गदर्शन करे।

## पृष्ठ एक का शेष

### राष्ट्रपति तीन दिवसीय ...

करने के तरीके खोजना है। वहीं गुवाहाटी में माउंट कंचनजंगा अभियान-2023 को झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। उसी दिन वह गुवाहाटी हाई कोर्ट के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू 6 अप्रैल से असम का दौरा करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने ट्विटर पर कहा कि समूचा असम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मेजबानी के लिए उत्सुक है। वह 7 अप्रैल को गज उत्सव-2023 का उद्घाटन करेंगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रपति शनिवार को वतेजपुर का दौरा करेंगी और असम यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन यानी शनिवार को राष्ट्रपति तेजपुर का दौरा करेंगी। यहां वह वायुसेना केंद्र से सुखोई 30 लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। इससे पहले 2009 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने अग्रिम मोर्चे के लड़ाकू विमान में उड़ान भर चुकी हैं। बता दें कि 7 अप्रैल को राष्ट्रपति काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज महोत्सव-2023 का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद वह गुवाहाटी में कंचनजंगा माउंटेन अभियान-2023 का उद्घाटन करेंगी। उसी दिन वह गुवाहाटी में गौहाटी उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। 8 अप्रैल को राष्ट्रपति तेजपुर वायु सेना स्टेशन पर सुखोई एमकेआई-30 लड़ाकू विमानों की उड़ान में भाग लेंगी।

### जनता के पक्ष ...

और वह धीरे-धीरे गांव की संस्कृति से दूर हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्शा चालकों पर लाठीचार्ज, निर्दोष लोगों पर पुलिस अत्याचार अतीत की बात होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के वित्त मंत्री अजंता नेउग, कृषि मंत्री अतुल बोरा, स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत, पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह और मुख्य सचिव पवन बरठाकुर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 मई को लगभग छह हजार पांच सौ पुलिसकर्मियों को नियुक्ति दी जाएगी। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को बधाई दी।

### कोरोना वायरस ...

ने बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 5,335 नए मामले सामने आए हैं। कोरोना सक्रिय मामलों में भी इजाफा हुआ है। एक्टिव केस बढ़कर अब 25,587 हो गए हैं। बता दें कि देश में लंबे समय बाद कोरोना के एक दिन में पांच हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। कल यानी बुधवार को 4,435 कोरोना पॉजिटिव हुए थे। देश की राजधानी दिल्ली में भी कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना के 509 मरीज मिले हैं। वहीं, दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 1795 हो गई है। इसके अलावा नोएडा में 47, जबकि गाजियाबाद में कुल 13 मरीज कोरोना के मिले हैं। देश में कोरोना वैक्सीन की अभी तक 220.66 करोड़ से ज्यादा खुराक लग चुकी है। 102.74 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज दी गई है। इसके अलावा, करीब 95.20 करोड़ दूसरी खुराक दी जा चुकी है। वहीं, 22.72 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रीकाशन डोज भी लगी है।

### मोदी के नेतृत्व...

की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित करने के कारण भारत आज दुनिया में एक नीति निर्माता राष्ट्र बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिक्र करते हुए सोनोवाल ने 21 जून को राज्य में सभी स्तरों पर योग करने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी के हर बूथ पर योग दिवस मनाने के उपाय करने की आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का स्थापना दिवस बुधवार को कार्यकर्ताओं ने हर बूथ, मंडल और जिला कार्यालय पर मनाया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने स्थापना के समय से ही सर्वोच्च बलिदान देने वाले और पार्टी को मजबूत करने वाले हर कार्यकर्ता के दुर्लभ योगदान का खूबसूरती से वर्णन किया। कलिता के मुताबिक पिछले कार्यकर्ताओं की कुर्बानियों के कारण ही पार्टी आज स्वर्णिम दिन देख रही है। स्थापना दिवस समारोह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नारायण बरकटकी, रमेन डेका, राजेन गोहाई, रंजीत कुमार दास और राज्य संगठन महासचिव फणींद्र नाथ शर्मा आदि मौजूद थे। कलिता ने पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सुना। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले कई प्रमुख नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। राज्य में आयोजन के लिए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयंत कुमार दास और महासचिव पुलक गोहाईं के नेतृत्व में अध्यक्षता में एक उत्सव समिति का गठन किया गया है।

### कनाडा में हिंदू ...

घृणा से प्रेरित घटना के रूप में की जा रही है। शुरुआती जांच में अधिकारियों ने एक वीडियो प्राप्त किया है, जिसमें दो संदिग्धों को रात 12 बजे के बाद इलाके में देखा गया है। वीडियो में, एक संदिग्ध इमारत की दीवार पर तोड़फोड़ करता हुआ दिखाई देता है, जबकि दूसरा उसके साथ खड़ा है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय, एक संदिग्ध ने काले रंग का स्वेटर, बाएं पैर पर एक छोटे से सफेद लोगो के साथ काली पैंट और काले और सफेद रंग के हाई-टॉप रनिंग शूज पहने थे। दूसरे संदिग्ध ने काली पैंट, एक स्वेटशर्ट, काले जूते और सफेद मोजे पहने थे। कनाडा के हिंदू मंदिरों में पहले भी कई दफा ऐसी घटना हो चुकी है, लेकिन अभी तक वहां की सरकार द्वारा कोई कड़ा कदम नहीं उठाया गया है। विंडसर में हुई यह पांचवीं घटना है, जहां मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। बता दें कि इससे पहले 14 फरवरी को मिसिसागा के राम मंदिर में तोड़फोड़ के साथ हिंदू और भारत विरोधी नारे लिखे गए थे। वहीं, कनाडा के ही ब्रैम्पटन के गौरी शंकर मंदिर तो रिचमंड के विष्णु मंदिर में भी कई मूर्तियों को तोड़ा गया था। खालिस्तानी समर्थकों ने कई बार महात्मा गांधी की मूर्ति को भी निशाना बनाया है और भारत विरोधी नारे लिखे हैं।

### चीन के मनगढ़ंत ...

भी दिए गए हैं। इसके अलावा, स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की गई है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया था कि *जंगनान* चीनी क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि स्टेट काउंसिल के भौगोलिक नामों को लेकर प्रशासन के संबंधित नियमों के अनुसार चीन की सरकार के सक्षम अधिकारियों ने जंगनान के कुछ हिस्सों के नामों का मानकीकरण किया है। यह चीन के संप्रभु अधिकारों के दायरे में किया गया है। चीनी मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी, और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। वहीं, अमेरिका ने कहा है कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है और क्षेत्रीय दावों के तहत स्थानीय इलाकों का नाम बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र (अरुणाचल प्रदेश) को लंबे समय से (भारत के अभिन्न अंग के रूप में) मान्यता देता रहा है।

### एके एंटनी के ...

मानना है कि मैं कांग्रेस के लिए काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम से काफी प्रभावित हुआ हूं। बता दें कि अनिल कांग्रेस नेता शशि थरूर के काफी करीबी रहे हैं। उन्होंने अपने त्यागपत्र में भी थरूर को धन्यवाद कहा था। वे कांग्रेस की मुख्यधारा की राजनीति से हमेशा दूर रहे, लेकिन हमेशा बड़े मुद्दों पर उन्होंने अपनी बात रखी।

### मैं आहत हूं ...

को पत्रकारों से बात करते हुए एंटनी ने कहा कि वे अपने बेटे के कदम से बहुत आहत हैं और उन्हें यह मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने बेटे को हमेशा देश के लिए काम करना सिखाया है न कि एक परिवार के लिए, लेकिन उसने एक अलग रास्ता चुना है। वह एक ऐसी पार्टी में शामिल हो गया है जो देश को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने और हमारे देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकता। यह गलत और पीड़ादायक है। एंटनी ने कहा कि वे अंतिम सांस तक कांग्रेस पार्टी और उसकी विचारधारा के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में किसी से उनकी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन वह उनकी नीतियों और एजेंडे के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि कि मैं पांच दशकों से अधिक समय से कांग्रेस पार्टी का एक वफादार सिपाही रहा हूं। मैंने एक मुख्यमंत्री, एक रक्षा मंत्री और एक राज्यसभा सदस्य के रूप में देश की सेवा की है। मैंने हमेशा लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को बरकरार रखा है। मैं इन सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक भाजपा की विचारधारा के खिलाफ खड़ा रहूंगा। अनिल एंटनी के आज भाजपा में शामिल होने पर पार्टी के नेता पीयूष गोयल, वी मुरलीधरन और पार्टी की केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने एक औपचारिक कार्यक्रम में उनका स्वागत किया। पार्टी छोड़ने से पहले अनिल एंटनी केरल में कांग्रेस का सोशल मीडिया सेल चलाते थे। उन्होंने पार्टी छोड़ने से पहले बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को *भारत के खिलाफ पक्षपातपूर्ण* कहा था। कांग्रेस ने पीएम मोदी पर हमला करने के लिए डॉक्यूमेंट्री का हवाला दिया था। डॉक्यूमेंट्री में उन पर भारतीय राजनीति में विपक्ष के स्थान को कम करने के लिए सुनियोजित चाल चलने का आरोप लगाया गया था। अनिल एंटनी ने आज संवाददाताओं से कहा कि हर कांग्रेस कार्यकर्ता का मानना है कि वे एक परिवार के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन मेरा मानना था कि मैं कांग्रेस के लिए काम कर रहा हूं।

### यूपीआई : खाते में ...

सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन को जोड़ने की तैयारी है। जो यूजर्स पेटीएम, फोनपे या गूगलपे जैसे ऐप के जरिए यूपीआई भुगतान करते हैं, उन्हें अब प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन दी जाएगी। यह राशि बैंकों या वित्तीय संस्थान की ओर से तय होगी। इस राशि का इस्तेमाल यूजर्स तब भी कर सकेंगे, जबकि उनके खाते में पैसे नहीं होंगे। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई की इस पहल से इनोवेशन को और बढ़ावा मिलेगा। क्रेडिट लाइन किसी यूजर्स के लिए बैंक की ओर से तय की गई वह लिमिट होगी, जिस राशि को यूजर्स खर्च कर पाएगा. बैंक और वित्तीय संस्थान यूजर की आमदनी और कर्ज चुकाने की क्षमता का आकलन करके यह क्रेडिट लाइन तैयार करेंगे। एक तरह से यूपीआई पर भी ओवरड्राफ्ट जैसी सुविधा दी जाएगी। जहां कोई ग्राहक जरूरत पर इस राशि का इस्तेमाल करेगा और फिर ब्याज सहित इस रकम को वापस लौटा देगा। इस सुविधा के एवज में बैंक यूजर्स कुछ ब्याज वसूलेंगे।

### पूर्वोत्तर को गंवा ...

नेहरू ने क्या कहा था। वह पूर्वोत्तर को गंवा चुके थे। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए यह कहा। उन्होंने कहा कि अगर आप अरूणाचल प्रदेश और असम के कुछ हिस्सों में जायेंगे, तो लोग खुद ही बताएंगे। अरुणाचल प्रदेश के लोग क्षेत्र में भारत के साथ डटे रहे और हर चीनी को वहां से भागना पड़ा था। कांग्रेस ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कई स्थानों का नाम बदलने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई थी और आरोप लगाया था कि यह पड़ोसी देश को मोदी की ओर से दी गयी क्लीन चिट और सीमा पर चीनी कार्रवाइयों पर उनकी चुप्पी का परिणाम है। चीन की नाम बदलने के कार्य को भारत ने स्पष्ट रूप से यह कह कर खारिज कर दिया है कि अरूणाचल भारत का एक अभिन्न अंग है और नये नामकरण करने से यह वास्तविकता नहीं बदल सकती है।

### एससी के कुछ पूर्व ...

समुचित उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए आंतरिक तंत्र प्रक्रिया है, जो न्यायिक जीवन के सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मूल्यों का अनुसरण नहीं करते हैं और जिसके अंतर्गत वह मूल्य भी हैं जो न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन में सम्मिलित है। रिजीजू ने कहा कि उच्चतर न्यायपालिका के लिए स्थापित आंतरिक तंत्र क्रियाविधि के अनुसार भारत के मुख्य न्यायमूर्ति उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों तथा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्तियों के आचरण के विरुद्ध शिकायतों को प्राप्त करने के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के आचरण के विरुद्ध शिकायतों को प्राप्त करने के लिए सक्षम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि न्याय विभाग द्वारा प्राप्त शिकायतें समुचित कार्रवाई के लिए यथास्थिति भारत के मुख्य न्यायमूर्ति या संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति को अग्रेषित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से संबंधित शिकायतें विभाग द्वारा निपटारा नहीं की जाती हैं। रिजीजू उसस सवाल का जवाब दे रहे थे जिसमें खान और ठाकुर ने पूछा था कि क्या सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर कुछ पूर्व न्यायाधीश भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं संबंधी टिप्पणी के बारे में भारत के मुख्य न्यायाधीश और गृह मंत्रालय को सूचित किया है और इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण क्या है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में रिजीजू ने दिल्ली में *न्यायाधीशों की नियुक्ति में जवाबदेही* विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी का हवाला देते हुए कहा था कि इसमें उच्चतम न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कुछ वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद थे। उन्होंने कहा था कि लेकिन पूरे दिन यही चर्चा होती रही कि सरकार किस तरह से न्यायपालिका को अपने नियंत्रण में ले रही है। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों में- शायद तीन या चार न्यायाधीश और कुछ कार्यकर्ता ऐसे हैं, जो भारत-विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं- ये लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए। उन्होंने न्यायपालिका को तटस्थ बताते हुए यह भी कहा था कि इनमें से कुछ लोग अदालत भी जाते हैं और कहते हैं कि कृपया सरकार पर लगाम लगाएं, कृपया सरकार की नीति बदलें। उन्होंने कहा था कि ये लोग चाहते हैं कि न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका निभाए, जो संभव नहीं हो सकता।

### भगवान हनुमान को ...

भगवान हनुमान के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी...लेकिन आज भारत बजरंगबली की तरह अपने भीतर सूक्त शक्तियों का आभास कर चुका है। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। पीएम मोदी ने कहा कि जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीतिक संस्कृति प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने की है। कांग्रेस जैसी पार्टियों की संस्कृति छोटा-छोटा सोचना, छोटे सपने देखना और उससे भी कम हासिल करके खुशियां मनाना है। खुशी मतलब एक-दूसरे की पीठ थपथपाना है। भाजपा की राजनीतिक संस्कृति है बड़े सपने देखना और उससे भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी जान से खप जाना। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी। 1984 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जहां मात्र दो सीट ही जीती थीं, वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में उसने 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

### टीटीपी ने कश्मीर ...

मजाक उड़ाते कहा कि अगर उसे भारत का समर्थन हासिल होता तो पाकिस्तानी सेना अफगानिस्तान के तालिबान के शासकों से उनकी जमीन पर टीटीपी के अड्डों के बारे में क्यों बात करती। टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना की क्षमता पर भी सवाल उठाया। उसने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत से कश्मीर की एक इंच जमीन भी आजाद नहीं करा सकी। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने कहा कि पाकिस्तानी सेना केवल अपनी जनता का दमन करना जानती है। टीटीपी ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान के आर्थिक संकट और देश में राजनीतिक अराजकता के लिए सेना जिम्मेदार है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अफगानिस्तान की सरकार के साथ राजनयिक संबंध बनाएं। उसने दुनिया से तालिबान से बातचीत की अपील की। टीटीपी आतंकी लगातार पाकिस्तानी सेना हमले कर रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों पेशावर की मस्जिद पर किए गए भीषण हमले में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी मारे गए थे। पाकिस्तान सरकार लगातार तालिबान से गिड़गिड़ा रही है कि वह टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई करे। तालिबान पाकिस्तान के इस अनुरोध को खारिज कर चुका है। तालिबान ने कहा है कि उसकी जमीन पर टीटीपी आतंकी सक्रिय नहीं हैं। टीटीपी आतंकी पाकिस्तान की वर्तमान सरकार को गैर इस्लामिक मानते हैं और वे पूरे देश में शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। इन आतंकियों के पास अब अमेरिका के घातक हथियार आ गए हैं जिससे वे जानलेवा हमले कर रहे हैं।

### राजस्थान में ...


जबकि इस समारोह में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले एक हजार से ज्यादा संगठन के तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों का कहना है कि हर पांच साल में राष्ट्रीय सेवा भारती की ओर से राष्ट्रीय सेवा संगम आयोजित किया जा रहा है। पहला सेवा संगम साल 2010 में बेंगलुरु में आयोजित किया गया था। इसमें 980 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। साल 2015 में दूसरा सेवा संगम नई दिल्ली में आयोजित हुआ। उसका श्रेय वाक्य समरस भारत, समर्थ भारत रहा। इसमें 3500 प्रतिनिधि ने भाग लिया और अब तीसरा सेवा संगम जयपुर में 7, 8 और 9 अप्रैल को होने जा रहा है। सेवा संगम से जुड़े कार्यकर्ताओं का कहना है कि सेवा भारती ने पिछले साल 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है। इसके साथ ही दक्षता, स्वास्थ्य, कौशल विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में संगठन लगातार काम कर रहा है। सेवा भारती द्वारा वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित और पीड़ित बंधुओं की सेवा करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रोत्साहन और सहयोग करने वाली संस्था है। हमारा लक्ष्य हर व्यक्ति तक रोजगार पहुंचकर उसे आत्मनिर्भर बनाना है।

# देश के साथ-साथ राज्य में भी रही हनुमान जयंती की धूम


गुवाहाटी गौशाला


कोकराझाड़


विश्वनाथ चाराली


फैंसी बाजार


ग्वालपाड़ा


गांधीबस्ती

**गुवाहाटी ( विभास )।** माहेश्वरी सभा के सत्र 2023-2025 की कार्यकारिणी का औपचारिक गठन नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीताराम बिहानी की अध्यक्षता में छत्रीबाड़ी स्थित आसाम महेश्वरी भवन में एक सभा के दौरान किया गया। इससे पहले समाज बंधुओ द्वारा भगवान महेश की पूजा एवं प्रसाद द्वारा वंदना की गई। नई कार्यकारणी हेतु अध्यक्ष द्वारा अधक्षीय कोटो से 4 में से सिफ 3 नए सदस्य भंवरलाल डागा, राजेश बाहेती, संदीप काबरा के नामे की घोषणा हुई। नवीन कार्यकारिणी हेतु सदन से आए सुझाव एवं सर्वसमिति से नामो द्वारा स्वकृति दी गई। जिसमें, धनराज झंवर एवं पवन साबू को उपाध्यक्ष, राजेश बाहेती को कोषाध्यक्ष का पदभार दिया गया। नितिन माहेश्वरी एवं नारायण गट्टानी को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। जनसंपर्क अधिकारी का दायित्व संतोष तापड़िया को दिया गया। सभा द्वारा कैलाश काबरा, अमरचंद कालानी, दिनेश बिहानी, रमेश चांडक, अरविंद साबू, विष्णु बिनानी, निरंजन काबरा, बसंत मल, बनवारीलाल मुंधरा एवं पवन मोहता सभी वरिष्ठ सदस्यों को मिलाकर एक सलाहकारों का पैनल गठन किया गया ताकि समाज सेवा का नया आयाम लिखा जाए। आज की बैठक में कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सभा सदस्यों में बनवारीलाल बिरला, दीनदयाल मुंदड़ा, जितू राठी, कैलाश राठी, रामेश्वर तापड़िया, राजेश सोनी, रमेश तापड़िया एवं निवर्तमान सभा सचिव मदन गोपाल सिगची, माहेश्वरी महिला समिति की सचिव पुष्पा सोनी एवम् माहेश्वरी युवा संघठन के सचिव राघव बाहेती ने आज की बैठक में अपने अपने सुझावो से आज की बैठक में विचार रखे। समाज के वरिष्ठ सदस्यों सुलोचना देवी नागोरी, बाबूलाल सोमानी, बालकिशन मुंदड़ा, भगवानदास दमानी, भवानी शंकर राठी, राजकुमार भूतड़ा, बनवारी सारडा, संदीप राठी एवं नवीन लाहोटी की गरिमामय उपस्थिति बहुत ही सराहनीय रही। सभा द्वारा 29 मई को होने वाले माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के लिए सर्वसमीति से सयोंजक का भार कार्यकारिणी सदस्य रमेश तापड़िया को दिया गया। सभा मंत्री सुरेंद्र लाहोटी द्वारा आज की बैठक में आए सभी समाज बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए सभी के साथ और सहयोग की कामना की। **गुवाहाटी गौशाला** आठगांव स्थित गुवाहाटी गोशाला हनुमान मंदिर मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में मुख्य यजमान गौतम शर्मा ने विशेष पूजा अर्चना करके हनुमान जी का अभिषेक किया। इस अवसर पर हनुमान जी की 125वर्ष से भी अधिक प्राचीन प्रतिमा को चांदी के मुकुट और मुखौटा से सुसज्जित करके गुलाब पुष्प की माला पहनाई गई। इस अवसर पर गौशाला के ट्रस्टी इंचार्ज अशोक धानुका, ट्रस्टी सौमेन्द्र शर्मा, समाजसेवी कैलाश काबरा, मंत्री प्रदीप भुवालका, रामअवतार सिखवाल, गौशाला के व्यवस्थापक संतोष शर्मा, मदन चौधरी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर सुनील बाजोरिया ने बाबा को चोला अर्पण कर निशान चढ़ाया। पूजन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भी वितरित किया गया। **विश्वनाथ से।** विश्वनाथ जिले के सबसे पुराने हनुमान मंदिर में एक व विश्वनाथ चाराली के शहर के बीचोंबीच स्थित एक सौ वर्षो से पुरानी इतिहास प्रसिद्ध नवनिर्माण ठाकुरबाड़ी मंदिर में 39 वां हनुमान जयंती जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया। बुधवार को सुबह 9 बजे से शुरू अखंड रामायण पाठ का समापन आज सुबह 9 बजे हुआ जो सुबह से 24 घंटों चल रहा था 7 अखंड रामायण पाठ का का कथा वाचक पुरोहित गोविंद शास्त्री के नेतृत्व में किया। अखंड रामायण पाठ समापन के बाद आरती किया गया और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद बालाजी महाराज का फूलों का श्रृंगार और आरती पूजन किया गया 7 बालाजी को सवामपी भोग लगाया गया। तत्पश्चात अपराह्न 2:00 बजे स्थानीय ठबाड़ी ड़ी मंदिर से विभिन्न धार्मिक झांकियों द्वारा नगर परिक्रमा और शोभायात्रा निकाली गई। विश्वनाथ चाराली शहर की परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी मंदिर में समापन होती है। इसके बालाजी का आरती और प्रसाद वितरण भक्तों के बीच किया जाता है। सभी श्रद्धालुओं के स्वर से जय श्री राम व पवनपुत्र सीया रामचन्द्र के ध्वनि गूंज उठा और चारों ओर भक्तिमय वातावरण छा गया। इस मौके पर असंख्य महिला श्रद्धालुओं के बीच श्री हनुमान जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, सचिव शंकर लाल पारिक, दिलीप शर्मा, श्यामसुन्दर हैडा, गेशर प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, बजरंग रौनियार, हरिप्रसाद ठाकुर, कन्हैया प्रसाद गुप्ता, संजीब पटवारी, जय गुप्ता, रमानंद रौनियार, राजु प्रसाद, आदि गणमान्य महानुभाव और बच्चे बढ़ चढ़ कर उपस्थित रहते हैं। **कोकराझाड़ से** राज्य के विभिन्न हिस्सों के तरह आज कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम गोसाईगांव, श्रीरामपुर, महामाया ओर धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाया गया। कोकराझाड़ जिले के हनुमान मंदिर में एक विशाल शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। वहीं कोकराझाड़ राधेकृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष मदन गोपाल अग्रवाला और मंत्री दिलीप सेठिया एवं कोकराझाड़ के समग्र मारवाड़ी समाज के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम के साथ हनुमान जयंती मनाया गया। इस मौके पर राजस्थान से 11 पंडितों का एक दल यहां आया था और भक्तिमुल्क कार्यक्रम का आयोजन किया। फकीराग्राम के रेलवे हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। फकीराग्राम के संकटमोचन हनुमान मंदिर में रामयण पाठ, विभिन्न भक्तिमुल्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा में भी हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। **गुवाहाटी गांधी बस्ती से** गांधी बस्ती स्थित शुभम ईलीट में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः प्रभातफेरी निकाली गई। तथा हनुमान जी का दरबार सजाकर ज्योत प्रज्वलित कर महिलाओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सालासर भक्त मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। रात्रि को भजन संध्या के पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया। **गुवहााटी पैंसी बाजार से** फैंसी बाजार तीन नंबर रेल गेट स्थित धर्मशाला हनुमान मंदिर में प्रातः अभिषेक के पश्चात सहस्त्रार्चन के बाद महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर को ब्राह्मणों द्वारा सुंदरकांड का पाठ तथा जानकी महिला मंडल द्वारा बधाई गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजा कर अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। गल्लापट्टी हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा का मंदिर के सन्मुख स्वागत भी किया गया।

## कामाख्या रेलवे स्टेशन पर तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के कामाख्या रेलवे स्टेशन पर भारतीय आव्रजन कानूनों को तोड़ने के आरोप में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। बुधवार को एक समन्वित अभियान में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेलवे पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। जिन तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है उनमें अब्दुल कयूम, अजीम अली और सज्जिल मिया शामिल हैं। तीनों व्यक्ति बांग्लादेश के सिलहट जिले के मूल निवासी हैं। कथित तौर पर तीनों के कब्जे से फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड सहित कई गैरकानूनी दस्तावेज जब्त किए गए हैं। तीन बांग्लादेशी नागरिक पहले कथित तौर पर नौकरी के उद्देश्य से कश्मीर में तैनात थे। असम के सिलचर में पिछले साल बांग्लादेश के दो नागरिकों को भारतीय आव्रजन कानून तोड़ने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने कथित तौर पर सिलचर रेलवे स्टेशन पर दो बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने दोनों बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान खोकन फकीर और मिजानुर रहमान के रूप में की है। पुलिस ने कहा कि उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि 17 अक्तूबर को दलालों की मदद से दोनों ने सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने कथित तौर पर केरल में एक कंपनी में काम करते हुए कुछ दिन बिताए थे।

## संदिग्ध हेरोइन बरामदगी के साथ एकगिरफ्तार

**रंगिया।** रंगिया थाना प्रभारी भास्कर मल्ल पटवारी के दिशानिर्देश पर रंगिया पुलिस की एक टीम ने वृहस्पतिवार दिनांक 06/04/2023 को अपराह्न लगभग 4 बजे आशिक इलाही 25 वर्षीय पुत्र-अब्दुल गफ्फार अहमद, गांव- बालागांव, थाना- रंगिया स्थित उसके घर में छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया और इस अभियान मे 4 नग साबुन के डिब्बे बरामद किए गए जिनमें संदिग्ध हेरोइन थी। बरामद हेरोइन का वजन 83 ग्राम बताया गया है। आशिक इलाही को गिरफ्तार कर लिया गया है।


PRESS NOTICE

The Superintending Engineer, PWD, Guwahat! Building Circle-II, Chandmari, Guwahati-3 on behalf of Governor of Assam invites item rate bids in electronic tendering system for the work "Repairing/ renovation/ extension and Construction of Interior design, replacement of outside gate, renewing sanitary and water supply fittings including inside & outside painting etc. in Govt. Qtr. No. M-10 at New Minister Colony, Dispur" with an approximate value of work of Rs.94,58,196.00 from APWD registered Class-I (A/B/C)/ Class-II contractors (under this Circle) having experience of similar nature of work. Details of the bids may be seen at e-procurement portal website: www.assamtenders.gov. in and also in the office of the undersigned during office hours. The bidders must be enrolled in www.assamtenders.gov. in for participating in the bidding process.

Note:-

1. Any modification of tender may be seen in the portal www.assamtenders.gov.in.
2. **The prospective bidder must visit the work site before submission of tender. The bidders have to submit evidence of site visit in the form of a certificate duly certified by the concerned Executive Engineer, P.W.D.**

Sd/-
Superintending Engineer, P.W.D.
Guwahati Building Circle-II
Chandmari, Guwahati-3

***-- Janasanyog /C/569/23***


## नगरबेड़ा रंगाली बिहू सम्मेलन का हीरक जयंती समारोह 14 से

**नगरबेड़ा ( विभास )।** एप्रील:कामरूप जिले के बोको विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगरबेड़ा क्षेत्रीय रंगाली बिहू सम्मेलन का हीरक जयंती समारोह 14 अप्रैल से चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर लुइतपरिया कॉलेज के असमिया विभाग के प्रोफेसर अभिराम कलिता की अध्यक्षता में 75वें नगरबेड़ा क्षेत्रीय रंगाली बिहू सम्मेलन के नवगठित समिति ने हीरक जयंती समारोह को धूमधाम से पालन करने के लिए एक सभा का आयोजन किया। नगरबेड़ा क्षेत्रीय रंगाली बिहू सम्मेलन की हीरक जयंती समारोह के कार्यक्रम के अनुसार 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे बिहू झंडों के साथ 75वां ध्वजा फहराए जाएगा। वहीं उत्सव समिति के अध्यक्ष रतन कुमार पाठक सहित 75 जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगे। सुबह 9-30 बजे अखिल कामरूप जिला छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक कुमार पाठक द्वारा शहीद तर्पण के बाद बरनिल सांस्कृतिक जुलूस का उद्घाटन नगरबेड़ा क्षेत्रीय महकमा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मदन पाठक करेंगे। 15 अप्रैल सुबह 8 बजे लंबी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे बिमला प्रसाद चलिहा महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. कमल पाठक रंगारंग मंच उद्घाटन करने बाद आमंत्रित बिहु दल के साथ नगरबेड़ा आंचलिक बिहुआ दल का नृत्य प्रदर्शन। शाम 7.30 बजे 12 साल के निचे के बीच मौ-परी प्रतियोगिता के बाद असमीया संगीत के आधार पर खुले एकक नृत्य प्रतियोगिता अनुष्ठित होगा। 16 अप्रैल सुबह 9 बजे सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश कलिता ने एक दिवसीय भलीवल प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। शाम 6 बजे बिहु और कृष्टि दल के विविध सुर रंगम का मुख्य आकर्षण गोहाटी के मघाइ बिहुआ दल करेंगे। शाम 7.30 बजे रंगीया के कमेडी सागर अनुष्ठान के बाद आमंत्रित संगीत कलाकार के अनुष्ठान होगा। 17 अप्रैल सुबह 9 बजे विविध खेल कूद, चित्रांकन प्रतियोगिता। सुबह 11 बजे क्रमानुसार अध्यापक डॉ. आनोवार हुसैन, अवसर प्राप्त शिक्षक पवित्र कुमार पाठक और डेविड दास के परिचालन में असमीया साहित्य संस्कृति और बिहु संपर्क के उपर खुली प्रश्नोत्तर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12बजे भेश्वन (कलां) प्रदर्शन। शाम 6 बजे आकर्षण आमंत्रित गोहाटी जोनविरी बिहु दल का नृत्य प्रदर्शन। शाम 7-30 बजे कामरुप जिले विद्यालय परिदर्शक अपुर्व ठाकुरिया ने बिहु सम्मेलन का हीरक जयंती वर्षपुर्ती अनुष्ठान उपलक्ष्य में प्रकाशित होने वाले स्मृति ग्रंथ *आलोगणी* का उन्मोचन करेंगे।

## कैंसर जागरूकता पर लायंस उमंग का कार्यक्रम आयोजित




...थाओं में से एक लायंस क्लब आफ गुवाहाटी उमंग के तत्वाधान में कैंसर जागरूकता पर बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब कि जनसंपर्क अधिकारी आरुषि गर्ग सोनी ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में लायंस जिला 322 जी के *वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी* के तहत बी बरुवा कैंसर इंस्टीट्यूट में बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की सदस्य डॉ लिपिका मोदी ने बच्चों को कैंसर से जुड़ी अहम जानकारियां दी। इस मौके पर क्लब की ओर से अस्पताल में चिकित्साधिन बच्चों के लिए राशन, प्रोटीन से जुड़े खाद्य वस्तु, ड्राई फ्रूट, दूध सहित पठन-पाठन की वस्तुएं उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजिका रेनू अग्रवाल, सोनाली जैन, अध्यक्ष सीमा सोनी, सचिव कंचन पोद्दार, कोषाध्यक्ष कुसुम जैन सहित सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा।

## स्वास्थ्य सेवा महोत्सव का शुभारंभ

**रंगिया ( विभास )।** पूरे असम के साथ ही कामरूप जिले में आज से स्वास्थ्य सेवा महोत्सव का आगाज हो गया। राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने आज जिले के 27 सरकारी चिकित्सा संस्थानों का दौरा किया और चिकित्सा संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इस स्वास्थ्य सेवा महोत्सव के माध्यम से कामरूप जिले के कुल 80 स्वास्थ्य सेवा संस्थानों का मूल्यांकन किया जाएगा जो कि आज से आगामी 8 अप्रैल तक राज्य भर में आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि *स्वास्थ्य सेवा महोत्सव* पूरे राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए देशभर के भीतर पहली बार आयोजित किया गया है। इस पहल के माध्यम से राज्य सरकार का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य में विभिन्न स्तरों पर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन करेगा। इस मूल्यांकन कार्यक्रम में राज्य के कुल 1, 252 सरकारी स्वास्थ्य केंद्र शामिल होंगे, जिनमें 21 जिला अस्पताल, 16 महकमा अस्पताल, 205 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 1, 010 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। प्रधान सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राज्य सरकार, अविनाश जोशी ने आज रानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, असम का संचालन निदेशक डॉ. एम.एस. लक्ष्मी प्रिया ने तोलाराम बाफना जिला नागरिक अस्पताल, बेजेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-एफआरयू और शुवालकुची एफआरयू का दौरा किया और चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया। वहीं उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने आजरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया और स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और बुनियादी ढांचे का जायजा लिया।


**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

No. C/S. File No. **of 2022-23/.........**

Sealed tenders eventually to be drawn in **F-2** form affixing not refundable Court Fee Stamps of Rs. 8.25 (Rupees Eight and paisa twenty Five) only and with a validity period of 180 (One Hundred and Eighty) days are invited from the registered contractors of APWD Bidg. for the work as detailed below and will be issued in the Office of the undersigned from **12-04-2023 to 13-04-2023** and received from **18.04.2023 to 19.04.2023** upto 14.00 hours of **19.04.2023** will be opened on the same date at **2.30 pm** in the office of the undersigned.

| Gr. No. | Name or work | Approx Value of work (Exclusive of GST) | Bid security (in Rs.) (Bank Draft, TDR) | | Cost of Document IPO/D.D/ Banker Cheque | Time of Comple-tion | Eligibility of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (For Gen. category) | (For SC/ST/ OBC/ MOBC/UGE | | | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
| 1 | Supply and instsallation of water supply delivery pipeline from pump to overhead tanks of Block CM/A/C/F/G/H anong with renovation /repair of water pump house at Janata Bhawan, Dispur, Guwahati-6 (Renovation /Repair of water pump house) | Rs. 16,85,962.00 | Rs. 33,719.00 | Rs. 16,860.00 | Rs. 1,000.00 | 21 Days | Class-I (A,B,C) Bldg. & Class-II & III Category Contractor Only |
| 2 | Supply and instsallation of water supply delivery Pipeline from pump to overhead tanks of Block CM/A/C/F/G/H anong with renovation /repair of water pump house at Janata Bhawan, Dispur, Guwahati-6 (Supply & Installation of water supply delivery pipelines etc.) | Rs. 12,73,984.00 | Rs. 25,480.00 | Rs. 12,740.00 | Rs. 1,000.00 | 21 Days | |

1. Details particulars and tender papers will be issued to the eligible contractor or their authorized agents with attested signature in application from **12-04-2023 & 13-04-2023** up to 2.00 P.M.
2. IPO and bid security must be payable in favour of the "The Executive Engineer, PWD, Capital Construction Division, Dispur, Ghy-6".
3. Contractor must have prequalification documents having similar nature of works executed for last 3 (Three) years.
4. The Contractor will have to submit up to date registration certificate for the year 2022-23, GST, Labour Licence, EPF, Partnership deed/Power of attorney in case of Proprietorship firm duly attested by Govt. Gazetted Officer.
5. If for any reason last date of receiving or issuing tender paper is a declared holiday/bandh, tender will received and opened on the next working day.
6. The undersigned will be the sole authority to cancel or accept any tender without showing any reason.
7. The short NIT will be a part of the contract agreement.
8. Other details can be seen in the tender document

Sd/-
Executive Engineer, P.W.D.
C.C. Division, Dispur, Ghy-6.

***-- Janasanyog /C/563/23***

# चेन्नई एयरपोर्ट के अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल से कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा : प्रधानमंत्री

- स्वच्छ भारत मिशन गरीब महिलाओं के जीवन को बना रहा सशक्त
- किसान क्रेडिट कार्ड मेहनती किसानों का जीवन बना रहा आसान
- मछुआरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए केंद्र प्रयासरत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि चेन्नई हवाई अड्डे पर नया अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल भवन चेन्नई के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि इससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। एक ट्वीट थ्रेड में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सूचित किया कि चेन्नई हवाई अड्डे पर नए अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल भवन के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी 08 अप्रैल को करेंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, यह चेन्नई के बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण होगा। यह कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पूरे देश के लिए खुशी की बात है कि स्वच्छ भारत मिशन ने हमारी गरीब माताओं और बहनों के जीवन को सशक्त बनाने का काम किया है। मोदी ने गरीब माताओं और बहनों के लिए शौचालयों के महत्व को दशार्ने वाला एक रचनात्मक वीडियो क्लिप भी साझा किया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, देशभर के लिए यह हर्ष का विषय है कि स्वच्छ भारत मिशन ने हमारी गरीब माताओं और बहनों के जीवन को सशक्त बनाने का काम किया है। नगालैंड सरकार में सहकारिता मंत्री जैकब झिमोमी के ट्वीट थ्रेड का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि जी-20 कार्यक्रमों में से एक के दौरान शानदार नगा संस्कृति को अच्छी तरह प्रदर्शित किया



गया। नगा संस्कृति जीवंतता, वीरता और प्रकृति के प्रति सम्मान की पर्यायवाची है। एक ट्वीट थ्रेड में जैकब झिमोमी ने नगालैंड के कोहिमा में जी-20 के सभी प्रतिनिधियों का पूरे दिल से स्वागत करने की बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि ऊजार्वान नगा भाइयों और बहनों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नगा नृत्य से प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि किसान क्रेडिट कार्ड हमारे मेहनती किसानों का जीवन आसान बना रहा है और यही इसका मुख्य उद्देश्य भी है। ट्वीट थ्रेड में हाथरस के सांसद राजवीर दिलेर ने किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। हाथरस सांसद के ट्वीट थ्रेड का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि किसान क्रेडिट कार्ड ने हमारे परिश्रमी अन्नदाताओं का जीवन आसान बनाया है। यही इसका मूल उद्देश्य भी है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमारी सरकार मछुआरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काफी काम कर रही है, जिसमें ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना, नवीनतम प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना, बुनियादी ढांचे का उन्नयन करना और अन्य कार्य शामिल हैं। केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री के एक ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लहमारी सरकार मछुआरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बहुत सारे काम कर रही है। इसमें क्रेडिट तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना, नवीनतम तकनीक उपलब्ध कराना, बुनियादी ढांचे का उन्नयन करना और बहुत कुछ शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों डांडिया मस्ती 2022, टोक्यो में सीपीआर और एईडी देकर एक व्यक्ति को बचाने के लिए जापान में रहने वाली दीपाली झावेरी और ओटा को जोटो फायर स्टेशन द्वारा सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। भारत में जापान के दूतावास के एक ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा, यह जानकर खुशी हो रही है और यह किसी भी प्रभावित व्यक्ति को समय पर सहायता देने के महत्व को रेखांकित करता है।

# लोकसभा में 25 बैठकें और करीब 46 घंटे ही हुआ कामकाज

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** सत्रहवीं लोकसभा के ग्यारहवें सत्र का गुरुवार को अंतिम दिन था। 31 जनवरी से शुरू हुआ संसद का बजट सत्र दो भागों में था। इस दौरान 25 बैठकें हुईं और लगभग 46 घंटे कामकाज हुआ। इस सत्र के दौरान आठ सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा छह विधेयक पारित किए गए। बजट सत्र का दूसरा भाग विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध के चलते बाधित रहा। विपक्ष जहां अडानी-हिंडनबर्ग मामले में जेपीसी की मांग करता रहा तो वहीं सत्ता पक्ष राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर उनसे माफी मांगता रहा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के दूसरे भाग के अंतिम दिन बताया कि इस सत्र के दौरान 25 बैठकें की गईं और लगभग 45 घंटे 55 मिनट तक कार्यवाही चली। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 31 जनवरी को एक साथ समवेत दोनों सभाओं के सदस्यों के समक्ष अभिभाषण प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 13 घंटे 44 मिनट तक चली और इस चर्चा में



143 सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा के अंत में प्रधानमंत्री ने वाद-विवाद का उत्तर दिया। सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकार किया। इस सत्र में वित्त मंत्री द्वारा एक फरवरी को केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय बजट 2023-24 पर सामान्य चर्चा 14 घंटे 45 मिनट तक चली। वाद-विवाद में 145 सदस्यों ने भाग लिया और वित्त मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया। केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों की वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान मांगों को सभा द्वारा 23 मार्च को स्वीकृत किया गया तथा संबंधित विनियोग विधेयक को पारित किया गया। उसके उपरांत सभा द्वारा वित्त विधेयक पारित किया गया। सत्र के दौरान 29 तारांकित प्रश्नों का मौखिक उत्तर दिया गया। प्रश्नकाल के बाद लोक महत्व के कुल 133 मामले उठाए गए तथा नियम 377 के अधीन कुल 436 मामले लिए गए। लोकसभा की विभागों से संबद्ध स्थायी समितियों ने 62 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। सत्र में निदेश 73ए के अधीन 14 और संसदीय कार्य मंत्री द्वारा संसदीय कामकाज के संबंध में दिये गये तीन वक्तव्य सहित 23 वक्तव्य दिए गए। सत्र के दौरान 2799 पत्र सभा पटल पर रखे गए।

# मां सोनिया के साथ रहेंगे राहुल, 10-जनपथ में पहुंच रहा सामान

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सामान उनके मौजूदा सरकारी आवास से उनकी मां सोनिया गांधी के आवास 10-जनपथ शिफ्ट होना शुरू हो गया है। मानहानि के मामले में 2 वर्ष की सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छिनने पर राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया था। उन्हें 22 अप्रैल तक सरकारी आवास खाली करने को कहा गया था। कांग्रेस नेता अभी 12 तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में रह रहे हैं। 2004 में सांसद बनने के बाद से वह इसी बंगले में रह रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी के कार्यालय के कामकाज के लिए एक अलग घर



ढूंढा जा रहा है। सैंट्रल पब्लिक डिपार्टमैंट के अनुसार कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का 10-जनपथ आवास प्रधानमंत्री के आवास से भी बड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी का सरकारी आवास 7 लोक कल्याण मार्ग 14,101 वर्ग मीटर में बना है, जबकि 10-जनपत 15,181 वर्ग मीटर में बना है। लाल बहादुर शास्त्री जब प्रधानमंत्री बने तो यहीं रहते थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद से राजीव गांधी का परिवार 10-जनपथ में रह रहा है। इसी के पीछे कांग्रेस मुख्यालय है।

# आबकारी घोटालाः मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई, सीबीआई को नोटिस

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने 20 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। 31 मार्च को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया पर लगे आरोप गंभीर हैं। सीबीआई जांच जारी है, ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती है। 34 पेज के आदेश में कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया सबूतों और गवाहों




को प्रभावित कर सकते हैं। आपराधिक षड्यंत्र में सिसोदिया की सक्रिय भूमिका रही। प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत भी अपराध किया गया दिख रहा है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि सिसोदिया आबकारी घोटाला के आपराधिक साजिश के कर्ताधर्ता थे। 90-100 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत सिसोदिया और उनके सहयोगियों को देने के लिए थे। इनमें से 20-30 करोड़ रुपये विजय नायर, अभिषेक बोईनपल्ली और दिनेश अरोड़ा के जरिये पहुंचता था। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

# सरकार ने बजट को चर्चा में नहीं लाने का पूरा प्रयास कियाः खड़गे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगा मार्च निकाला। कांग्रेस के अलावा द्रविड़ मुनेत्र कषगम, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) जैसे समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों और वाम दलों के सांसद सुबह 11.30 बजे मार्च में शामिल हुए। मार्च के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार ने इस बजट को चर्चा में नहीं लाने का पूरा प्रयास किया। भाजपा




सरकार लोकतंत्र की बहुत बातें कहती है लेकिन जो कहती है उसके तहत चलती नहीं हैं। खड़गे ने आगे कहा कि 50 लाख करोड़ का बजट केवल 12 मिनट में पास किया गया है। वे हमेशा कहते रहे कि विपक्ष को दिलचस्पी नहीं है लेकिन विघ्न तो सरकार की तरफ से हुआ है।

# शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, सुनवाई 14 अप्रैल को

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षकों को फिनलैंड में ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर 14 अप्रैल को सुनवाई करेगा। गुरुवार को दिल्ली सरकार की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली



बेंच के सामने मामले को मेंशन कर जल्द सुनवाई की मांग की। जिसके बाद कोर्ट ने 14 अप्रैल को सुनवाई का आदेश दिया। सिंघवी ने कहा कि उपराज्यपाल यह तय कर रहे हैं कि कौन शिक्षक विदेश जाएगा और वो कब जाएगा।

# कर्नाटक कांग्रेस ने जारी की 42 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**बैंगलुरू (ईएमएस)।** कर्नाटक में चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है और 45 दिनों से भी कम समय में 224 विधानसभा सीटों वाले राज्य को एक नई सत्तारूढ़ पार्टी और एक प्रभारी मिलेगा। कांग्रेस ने 42 नामों के साथ अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। कर्नाटक में लगातार दूसरा ऐतिहासिक कार्यकाल हासिल करने की दृष्टि से सत्तारूढ़ भाजपा न केवल अपने अभियान के जरिए निशानों पर राजनीतिक दिग्गजों को तैनात कर रही है, बल्कि स्टार पावर को भी शामिल कर रही है। भगवा पार्टी ने विक्रांत रोना स्टार सुदीप संजीव, जिन्हें किच्चा सुदीप के नाम से भी जाना जाता है, सहित कई कन्नड़ अभिनेताओं से संपर्क किया है। पीएम मोदी बांदीपुर टाइगर रिजर्व का दौरा करने और संरक्षण गतिविधियों में शामिल फ्रंटलाइन फील्ड स्टाफ और स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत करने के लिए भी तैयार हैं। उनका मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में थेप्पकडु हाथी शिविर का दौरा करने और टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशकों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है, जिन्होंने हाल ही में संपन्न प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन अभ्यास के 5वें चक्र में सर्वोच्च स्कोर किया है। वह इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस भी लॉन्च करेंगे। कर्नाटक कांग्रेस ने 42 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की है। दो बीजेपी टर्नकोट, बाबूराव चिचानसुर और एनवाई गोपालकृष्ण को गुरमित्कल और मोलाकलमुरु निर्वाचन क्षेत्रों से टिकट मिला। बाबूराव गुरमित्कल सीट से और गोपालकृष्ण मोलाकलमुरु से चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी ने सभी 224 सीटों के लिए 3 नाम भेजे हैं। चुनाव निकाय 9 अप्रैल तक किसी एक नाम पर फैसला करेगा। कुछ वरिष्ठ, ईश्वरप्पा, टिकट से चूक सकते हैं। पार्टी का झुकाव नए चेहरों को लाने की ओर है। दिग्गज भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने कन्नड़ सुपरस्टार किच्छा सुदीप के पार्टी को समर्थन पर प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि वह एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता हैं। वह जहां भी जाते हैं, यह बीजेपी के लिए मददगार होता है। शिवमोग्गा के एक वकील ने राज्य चुनाव निकाय को पत्र लिखकर 13 मई को चुनाव खत्म होने तक किच्चा सुदीप की फिल्मों के प्रसारण पर रोक लगाने की मांग की है। वकील केपी श्रीपाल ने कन्नड़ सुपरस्टार द्वारा अपना समर्थन देने के घंटों बाद पत्र लिखा।

# एम्स को दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया डेक्सेल इंजेक्शन आयात करने का निर्देश

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हॉर्सशू किडनी डिसऑर्डर से पीड़ित चार साल के बच्चे की मां द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को डेक्सेल इंजेक्शन आयात करने का निर्देश दिया है, जिसकी बच्चे के इलाज के लिए तत्काल जरूरत है। हॉर्सशू किडनी डिसऑर्डर एक दुर्लभ स्थिति है, जिसमें गुर्दे निचले सिरे पर एक साथ जुड़ जाते हैं और जन्म से पहले एक यू आकार बना लेते हैं। अदालत का आदेश रजिस्ट्रार जनरल को बच्चे की मां से एक ईमेल प्राप्त होने के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि इंजेक्शन भारत में उपलब्ध नहीं था और उसके बेटे के इलाज के लिए आवश्यक था। ईमेल के आधार पर एक जनहित याचिका दर्ज की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एम्स को तत्काल इंजेक्शन आयात करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यह बच्चे को बिना किसी देरी के लगाया जाए। बच्चे की मां ने कहा कि उसे एम्स द्वारा डेक्सेल इंजेक्शन प्राप्त करने के लिए नंद नगरी में ईएसआईसी डिस्पेंसरी में भेजा गया था, क्योंकि बच्चे के पिता कर्मचारी राज्य बीमा निगम योजना के लाभार्थी हैं। हालांकि, डिस्पेंसरी ने उसे यह कहते हुए वापस एम्स रेफर कर दिया कि देश में इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। जवाब में ईएसआईसी ने अदालत को सूचित किया कि इंजेक्शन केवल इसलिए मना कर दिया गया, क्योंकि यह भारत में उपलब्ध नहीं था, और भारत फामाकोपिया में इसका कोई विकल्प नहीं था, जिसमें औषधीय दवाओं और उनके प्रभाव और उपयोग के लिए निर्देश सूचीबद्ध हैं। ईएसआईसी के वकील ने अदालत से एम्स को इंजेक्शन खरीदने का निर्देश देने का अनुरोध किया और ईएसआईसी द्वारा किए गए पूरे खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी। अदालत ने कहा कि इसलिए एम्स अस्पताल को बच्चे एवं मरीज के इलाज के लिए आवश्यक इंजेक्शन की खरीद-आयात करने के लिए तत्काल कदम उठाने और बिना देरी किए इसे लगाने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने यह भी कहा कि एम्स प्रतिपूर्ति के लिए ईएसआईसी कार्यालय को इस संबंध में व्यय एवं प्रभारों का विवरण भी सूचित करेगा।

# कांग्रेस से आप में आए रिंकू होंगे जालंधर से पार्टी प्रत्याशी

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** जालंधर लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के दौरान सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सुशील कुमार रिंकू को पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया है। रिंकू बुधवार को ही कांग्रेस छोड़कर आआपा में शामिल हुए थे। आआपा द्वारा रिंकू को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कांग्रेस ने सरकार को घेर लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को ट्वीट करके सुशील कुमार रिंकू को जालंधर से प्रत्याशी घोषित करने के बारे में जानकारी दी। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस पार्टी में थे और वो कल ही आम आदमी पार्टी में शामिल हुए



थे। कांग्रेस के बाद आम आदमी पार्टी दूसरी ऐसी पार्टी बन गई है, जिसने जालंधर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने दिवंगत सांसद संतोष चौधरी की पत्नी कर्मजीत कौर को चुनावी मैदान में उतार रखा है। भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल-बसपा गठजोड़ ने अभी तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है।

# अब साल में दो बार होंगे कक्षा 12 के बोर्ड एग्जाम!

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एनसीईआरटी के सामाजिक विज्ञान के सिलेबस में हाल ही में कई बड़े बदलाव के बाद अब 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम के पैटर्न में भी बदलाव हो सकते हैं। नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ पैनल 12वीं कक्षा के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा और सेमेस्टर प्रणाली की सिफारिश कर सकता है। छात्रों को साइंस और आर्ट्स को मिलाकर एक मिश्रित कोर्स बनाने की सिफारिश करने की संभावना है, ताकि स्कूल बोर्डों में कक्षा 11 और 12 में कला, वाणिज्य और विज्ञान को अलग करने वाली दीवार को मिटाया जा सके। इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन के तहत 12 सदस्यीय संचालन समिति द्वारा तैयार की जा रही सिफारिशों को अपनाने के बाद कक्षा 9 और 10 की संरचना में भी एक बड़ा बदलाव होगा, जिसमें छात्रों को 8 पेपर पास करने होंगे। वर्तमान में सीबीएसई सहित अधिकांश बोर्डों के छात्रों को कक्षा 10 में कम से कम पांच विषयों को पास करना होता है। सूत्रों के अनुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सुझाए अनुसार सिस्टम धीरे-धीरे ऑन डिमांड परीक्षाओं की सुविधा की ओर बढ़ेगा। सूत्रों ने बताया कि एनसीएफ डॉक्यूमेंट का ड्राफ्ट लगभग तैयार है और इसे जल्द ही पब्लिक फीडबैक के लिए अपलोड किया जाएगा। एनसीएफ को आखिरी बार 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के तहत संशोधित किया गया था।

# मनी लॉड्रिंग केस में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने इस मामले के सह-आरोपितों अंकुश जैन और वैभव जैन की जमानत याचिका भी खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 22 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका का दिल्ली हाईकोर्ट में विरोध करते हुए कहा कि अगर जैन को जमानत दी जाती है तो मामले के गवाहों की जान को खतरा हो सकता है। ईडी ने कहा था कि सत्येंद्र जैन प्रभावशाली व्यक्ति हैं और बड़े राजनीतिक पद पर रह चुके हैं। वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। ईडी ने कहा कि जैन को जमानत के लिए तय ट्रिपल टेस्ट को भी पास करना होगा। ईडी ने जेल में सत्येंद्र जैन के बर्ताव के बारे में कोर्ट को



बताया कि जेल में वह मसाज करा रहा था। बैठकें कर रहा था। यहां तक कि उसे बाहर का खाना भी मिलता था। ईडी ने कहा था कि वैभव जैन और अंकुश जैन दोनों ने सत्येंद्र जैन की सहायता की और वह भी इस अपराध में जिम्मेदार हैं। 6 फरवरी को सह-आरोपितों अंकुश जैन और वैभव जैन की ओर से पेश वकील सुशील गुप्ता ने कहा था कि सत्येंद्र जैन का कंपनियों से कोई लेना-देना नहीं है। सुशील गुप्ता ने कहा था कि दोनों सह-आरोपितों ने ही कलकत्ता स्थित कंपनी को पैसे भेजे थे। 1 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। सत्येंद्र जैन ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत न दिए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। 17 नवंबर 2022 को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन समेत तीनों आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के अलावा इस मामले के आरोपितों वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका भी खारिज करने का आदेश दिया था। बता दें कि ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था।

# ऊना में 57 विधवाओं को मिलेगा फ्री राशन, हिमोत्कर्ष ने जारी की सूची

**ऊना, (हि. स.)।** हिमोत्कर्ष परिषद ने अमोदिनी महिला सशक्तिकरण सेवा प्रकल्प के तहत वर्ष 2023-24 के लिए जिला ऊना की 57 पात्र महिलाओं का चयन किया हैं। चयनित महिलाओं को हर माह 750 रुपए प्रत्येक की दर से राशन वितरण किया जाएगा। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर व हिमोत्कर्ष अमोदिनी सेवा प्रकल्प प्रभारी एवं परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 से शुरू इस प्रकल्प के तहत पिछले 10 वर्षो में दानवीर लोगों के सहयोग से 575 पात्र विधवा महिलाओं को 40 लाख रुपए का राशन वितरित किया जा चुका है। पिछले वित्तिय वर्ष में 61 महिलाओं को यह सुविधा प्रदान की गई थी। उन्होंने बताया कि नए सत्र 2023-24 के लिए 57 महिलाओं को चुना गया हैं। इन महिलाओं को अप्रैल 2023 से लेकर मार्च 2024 तक हर महीने सहायता के रुप में राशन वितरित किया जाएगा। हिमोत्कर्ष पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकल्प में परिषद के सदस्यों के साथ-साथ जिला के दानवीर लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि चयनित महिलाओं को हर तीन माह बाद आयोजित कार्यक्रम में राशन सामग्री प्रदान की जाती है। नंगड़ा गांव से पिंकी कुमारी, दुलैहड़ से अनीता रानी, टक्का से मधु बाला, नैहरी नौरंगा से कमलेश कुमारी, अंबोटा से संतोष कुमारी, डूहल बगबाला से मधु बाला, चौकीमन्यार



से अनीता, मल्लूवाल से सीमा देवी, झलेड़ा से सुनीता देवी, कांगड़ से माया देवी, नंगल संलागड़ी से आदर्श बाला, हरोली से ज्योति देवी, चतेहर से सुषमा कुमारी, जखेड़ा से निर्मला देवी, बडैहर से दीपिका, मवा कोहला से पुष्पा देवी, हीरा नगर से निम्मो देवी, वार्ड नंबर आठ ऊना से कुसुम रानी, झलेड़ा से केसरी देवी, रामपुर से लक्ष्मी देवी, वार्ड नंबर आठ ऊना से सरिता कुमारी, हीरा नगर से कवलजीत कौर, हीरा नगर से अनीता कुमारी, नगनोली से मीना देवी, ईसपुर से ब्यासा देवी, मवा कोहला से रामप्यारी, समनाल से अंजना कुमारी, ईसपुर से उषा देवी, चतेहर से सोनू देवी, मवा सिंधिया से दलजीत कौर, ईसपुर से अनु बाला, पंजावर से अमरजीत कौर, सुनेहरा से लक्ष्मी देवी, नांगरान उप्परला से उपमा शर्मा, सुनेहरा से सुमन देवी, ईसपुर से उर्मिला देवी, ईसपुर से गुरप्रीत कौर, हीरा नगर से अनीता ठाकुर, ठठल से शंकुतला देवी, देहलां से बख्शो देवी, ईसपुर से अंजना कुमारी, कुठार कलां से सोमा देवी, धुसाड़ा से पिंकी देवी, अपर बसाल से जीवन ज्योति, पंजावर से सुनीता कुमारी, हरोट से सागरी देवी, कांगड़ से नीलम देवी, हलेड़ा से हरप्रीत कौर, अपर बसाल से आशा, बहडाला से बलविंद्र कौर, लोअर बसाल से रीना देवी, घालुवाल से संदेश कुमारी, हलेड़ा से बलबीर देवी, संतोषगढ़ वार्ड आठ से इंदु बाला, सासन से सुमन, सासन से कुसवा देवी, जनकौर से आशा देवी शामिल हैं।

# पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ धूमधाम से मनाया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस




**मथुरा, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपना 44वां स्थापना दिवस मना रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी कार्यालय पुष्पांजलि में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने पार्टी ध्वज फहराकर सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा अपने समर्पित कार्यकर्ता की बदौलत कामयाब है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत शर्मा व विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के भुवन भूषण कमल को पटका पहनाकर सम्मानित किया। महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने कहा बाबा साहब आंबेडकर की जयंती सामाजिक न्याय सप्ताह के तौर पर छह से 14 अप्रैल तक मनाई जाएगी।

# अखंड भारत निर्माण के लिए भाजपा का उदय हुआ : डॉ नरेंद्र सिंह गौर




**प्रयागराज, (हि.स.)।** देश की एकता और अखंडता का संरक्षण एवं अखंड भारत के निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ। 21 अक्टूबर 1951 को देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। यह बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने बताया कि कश्मीर की रक्षा के लिए डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हो गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आगे चलकर भारतीय जनसंघ, जनता पार्टी बनी और जनता पार्टी के बाद भारतीय जनता पार्टी बनी। जिसकी स्थापना छह अप्रैल 1980 को हुई। जिसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई हुए। जिनके नेतृत्व में भाजपा लाखों कार्यकताओं संग संघर्ष भरे मार्ग पर चलकर सिफर से लेकर शिखर तक पहुंची और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी विश्व पटल पर चरम सीमा तक पहुंच गई है। भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने कहा कि कार्यकताओं के दम पर भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे पार्टी बनी है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि हमें आने वाली चुनौतियों से लड़ना है और पार्टी को आगे बढ़ाना है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया संबोधन निश्चित रूप से भाजपा कार्यकताओं के लिए और उत्साह भरने का काम करेगी। भाजपा का चरित्र सेवा समर्पण राष्ट्रभक्ति का है और भाजपा कार्यकर्ता निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए न सिर्फ चुनाव जीत रहे हैं बल्कि जनता का हृदय भी जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वंशवाद, परिवारवाद की राजनीति को समाप्त कर राष्ट्रवाद की स्थापना की है। इसके पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पार्टी का ध्वज फहरा कर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन सुना। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर प्रयागराज महानगर के 1202 बूथों पर कार्यकताओं के पदाधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय एवं घरों पर पार्टी का ध्वज लगाया गया। संचालन महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा एवं समापन मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर शशि वार्ष्णेय, मुरारी लाल अग्रवाल, गिरि बाबा, देवेश सिंह, रमेश पासी, मृत्युंजय तिवारी, राघवेंद्र सिंह, गिरिजेश मिश्रा, अनिल कुमार, संजय श्रीवास्तव, अनुपम मालवीय, भोला तिवारी, शिखा रस्तोगी, राजेश सोनकर, मनोज कुमार कुशवाहा, पवन मिश्रा, गीता कनौजिया, अर्चना शुक्ला, रीता सिंह, चंद्रा अहलूवालिया, तीर्थराज पांडे, विक्रम सिंह भदौरिया, निरंकार त्रिपाठी, श्याम प्रकाश पांडे एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर खूंटी जिला कार्यालय में सम्मानित हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता

**तुष्टीकरण की राजनीति से देश को काफी नुकसान हो रहा है : अर्जुन मुंडा**



**खूंटी, (हि.स.)।** भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिले के उन वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं को सम्मानित किया गया, जो जनसंघ काल से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बतौर मुख्य अतिथि जबकि खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के विधायक कोचे मुंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता नमन के योग्य हैं। ऐसे वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन पार्टी को हमेशा मिलता रहा है। भाजपा को मुकाम तक पहुंचाने वाले कार्यकर्ताओं ने ही इसकी बुनियाद डाली और जेल की यात्रा तक करके पार्टी को मजबूत बनाया। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं ने शून्य से शुरू कर पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचा दिया। इसका सारा श्रेय एक-एक कार्यकर्ता को जाता है। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों की पूर्ववर्ती सरकारों ने राष्ट्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि 1914 से अब तक सौ गुणा से अधिक विकास काम हुआ है। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भाजपा ने दो सांसदों के साथ राजनीति शुरू की थी और आज भाजपा कहां है, यह सब जानते हैं। इसका सारा श्रेय कार्यकताओं को जाता है। इसके पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला, जबकि अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के वयोवृद्ध कार्यकर्ता मुनीनाथ मिश्रा, अरुण भगत, अधिवक्ता भोलानंद तिवारी, अधिवक्ता आशुतोष भगत, कैलाश भगत सहित जनसंघ काल के कई कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रधानमंत्री से मिले राकेश सिन्हा, बेगूसराय के विकास पर की चर्चा




**बेगूसराय, (हि.स.)।** राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर बेगूसराय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन पर चर्चा की तथा आयोजित प्रतियोगिता का रिपोर्ट कार्ड सौंपा।राकेश सिन्हा ने बेगूसराय में रेलवे सहित शाम्हो पुल और अन्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने विश्व हेरिटेज के लिए नामांकित मेघालय के कांगथांग का भी रिपोर्ट कार्ड भेंट किया। प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार में सम्पूर्ण देश के साथ बेगूसराय का भी सर्वांगीण विकास का लक्ष्य है। रेल, रोड, पुल, फ्लाइओवर, रेल ओवर ब्रिज, एयरपोर्ट, काबर झील, जयमंगलागढ़, नौला गढ़, ट्रॉमा सेंटर सहित हर क्षेत्र में काम आगे बढ़ रहा है। विकास की रफ़्तार इसी तरह रहेगी और विकसित बेगूसराय का संकल्प मूर्त रूप लेगा। सांसद प्रतिनिधि शम्भू कुमार ने बताया कि राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने आज प्रधानमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद पी.टी. उषा से भी मिलकर खेल महोत्सव में उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने बेगूसराय के विकास का पूरा खाका रखा है, अवश्य ही विकसित बेगूसराय का संकल्प राकेश सिन्हा के मार्गदर्शन में पूरा होगा। भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, संजय सिंह, बलराम सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में बेगूसराय में रेल, रोड, पुल सहित अन्य विकास कार्य के लिए नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव और राकेश सिन्हा का अभिनंदन है। रामकल्याण सिंह, डॉ. सुरेश प्रसाद राय, नवीन सिंह, सुनील कुंवर, राकेश रौशन मुन्ना एवं नीरज नवीन आदि ने कहा कि बेगूसराय के खेल महोत्सव का संदेश राकेश सिन्हा के सहयोग से प्रधानमंत्री तक गया, यह सुखद है।

# 1045.66 करोड़ रुपये के 258 विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में 1045.66 करोड़ रुपये की लागत वाले 258 विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के मैदान पर आयोजित समारोह में 333.85 करोड़ रुपये के 56 विकास कार्यों का लोकार्पण और 711.81 करोड़ रुपये के 202 विकास कार्यों का शिलान्यास होना है। इस दौरान जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों को कुछ न कुछ सौगात मिलनी तय है। लोकार्पण-शिलान्यास के कार्यों में धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास के कई प्रोजेक्ट सम्मिलित हैं। रविवार पूर्वाह्न खाद कारखाना मैदान में आयोजित शिलान्यास-लोकार्पण समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा रोड कनेक्टिविटी, बाढ़ सुरक्षा, सीवरेज, शैक्षिक संस्थानों में एकेडमिक ब्लॉक व छात्रावास, स्वास्थ्य अवस्थापना, मिनी स्टेडियम, रेल ओवरब्रिज, पर्यटन विकास जैसे कार्यों का उपहार दिया जायेगा। विकास की इन परियोजनाओं से जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों को कुछ न कुछ जरूर मिलेगा।

**इनका होगा लोकार्पण**

- 14.09 करोड़ की लागत से भीटी, बांसगांव, गोला मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण
- 43.92 करोड़ रुपये से खजनी-सिकरीगंज मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण
- 23.69 करोड़ रुपये से पिपराइच-जगदीशपुर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण
- 15.33 करोड़ रुपये से सीहापार-घघसरा मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण
- 13.55 करोड़ रुपये से रामनगर कडजहाँ से तरकुलानी रेगुलेटर मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, खजनी में कुआनो नदी के बनकटा घाट पर सेतु पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य
- अमृत कार्यक्रम के तहत गोरखपुर सीवरेज योजना जोन-ए1, उत्तरी भाग। लागत 136.28 करोड़ रुपये।




- चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र स्थित दुबौली में मिनी स्टेडियम। लागत 4.89 करोड़ रुपये।
-दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में छात्रावास। लागत 2.81 करोड़ रुपये।
- ममता राजकीय मानसिक मंदित बालिका विद्यालय। लागत 9.02 करोड़ रुपये।
- नवीन मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र आवासीय। लागत 7.05 करोड़ रुपये।
- पिपराइच के महमूदाबाद स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक। लागत 1.38 करोड़ रुपये।
- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ओबीसी गर्ल्स हॉस्टल। लागत 2.07 करोड़ रुपये।

**शहर के अंदर फोरलेन-बाहरी हिस्से में दो रेल ओवरब्रिज का शिलान्यास** - मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर के अंदर फोरलेन और बाहरी हिस्से में दो रेल ओवरब्रिज का शिलान्यास होगा। पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौक तक फोरलेन बनेगा। 277 करोड़ 77 लाख 94 हजार रुपये की लागत से इसे बनाया जाना है। डोमिनगढ़ से गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य समपार संख्या 162 ए पर पूर्व निर्मित रेल ओवरब्रिज के समानांतर टू-लेन ओवरब्रिज का निर्माण होगा। इस निर्माण कार्य पर 115 करोड़ 76 लाख 86 हजारों रुपये की लागत आएगी। दूसरा रेल ओवरब्रिज गोरखपुर-आनंदनगर रेलखंड पर मानीराम-पीपीगंज के मध्य समपार संख्या 14 सी पर बनेगा। इसके निर्माण पर 151 करोड़ 42 लाख 26 हजार रुपये खर्च होंगे।

**बुनियादी सुविधाओं संग आस्था का सम्मान** - रविवार को लोकार्पित और शिलान्यास वाली परियोजनाओं में धर्मस्थलों के पर्यटन विकास के कई कार्य सम्मिलित हैं। इनमें 1.60 करोड़ रुपये से कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर के पर्यटन विकास कार्य, 1.69 करोड़ रुपये से उरुवा स्थित चचाईराम मठ के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण शामिल है। सीएम के हाथों कैम्पियरगंज के बलुआ में प्राचीन शिव स्थल, सोनौरा खुर्द स्थित ठाकुरजी मंदिर, भैसला स्थित गौरशंकर मंदिर, खजनी के भरोहिया में प्राचीन शिव स्थल, हरनही मार्ग स्थित जैश्वरनाथ मंदिर, सहजनवा के बनकटिया स्थित शिव मंदिर, खजनी के बेलघाट स्थित हनुमान मंदिर, पिपराइच के लखेसरा स्थित शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास भी होगा।

# डीपीएस गोरखपुर के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सीएम योगी

**गोरखपुर, (हि.स.)।** प्राइमरी से लेकर उच्च, तकनीकी, चिकित्सा शिक्षा के हब के रूप में उभरे गोरखपुर में देश की कई प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थाएं भी अपनी शाखाएं खोल रही हैं। गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर मानीराम में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की गोरखपुर शाखा स्थापित है। 09 अप्रैल यानी रविवार को इसका स्थापना दिवस (फाउंडेशन डे) समारोह है। "अभ्युदय" नाम से मनाये जाने वाले इस स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। डीपीएस गोरखपुर ब्रांच के मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद एवं प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता विजय बहादुर सिंह का कहना है कि विद्यालय में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर सीएम योगी का दृष्टिकोण भविष्योन्मुखी एवं बेहद प्रेरणादायी है। उनके मुख्य आतिथ्य में डीपीएस गोरखपुर का फाउंडेशन डे मनाया जाना सौभाग्य की बात है। यह समारोह एक तरह से विद्यालय के औपचारिक शुभारंभ जैसा होगा। डीपीएस गोरखपुर ब्रांच के संचालक (प्रो-वाइस चेयरमैन) विशाल सिंह ने बताया कि 12 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में स्थित यह विद्यालय उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ पाठ्येत्तर और खेलकूद की गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान है। समाज व देश हित में बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास से उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाना ही मुख्य मंशा है।





# आजसू, राजद, वामदल ने शिक्षा मंत्री के निधन पर जताया शोक



**रांची, (हि.स.)।** आजसू, राजद, भाकपा, माले और माकपा ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक जताया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन की खबर से आहत हूं। वे जुझारू तेवर के और जमीन से जुड़े नेता थे। उनका असमय जाना झारखंड की राजनीति में अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा मंत्री का निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। हम सब ने एक जननेता को खो दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके समस्त चाहने वालों तथा परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। भाकपा नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि उनके निधन से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है। वे एक कर्मठ, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राजनेता थे। साथ ही कुशल प्रशासक थे। उनके निधन पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं कार्यालय सचिव अजय कुमार सिंह ने भी शोक जताया है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि जगरनाथ महतो के निधन से राज्य के लोकतांत्रिक आंदोलन को भारी क्षति हुई है। वे एक सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के राजनेता थे। माले नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा कि जगरनाथ महतो का निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। भाकपा माले राज्य कमेटी इनके निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करती है। भाकपा-माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, केंद्रीय कमेटी के सदस्य शुभेंदु सेन, राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने उनके निधन और शोक संतृप्त परिवार और परिजन के प्रति गहरी शोक-संवेदना प्रकट करती है।

# पीड़ित मानवता की सेवा का माध्यम बनेगा मनोहर मेमोरियल अस्पताल : पीयूष



**नवादा, (हि.स.)।** जिले में रजौली अनुमंडल मुख्यालय के संगत रोड में स्थित मनोहर मेमोरियल अस्तपाल का गुरुवार को पहला स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष और सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विक्रम सिहाग मौजूद रहे। एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। जिसका सबसे बड़ा पटल मनोहर मेमोरियल अस्पताल बनेगा।उन्होंने अस्पताल संचालक को मानव सेवा के भाव से अस्पताल में इलाज की व्यवस्था करने को भी कहा । भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि इतिहास पताल इलाके के लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने में सहायक बनेगी। मनोहर मेमोरियल अस्पताल के अध्यक्ष सौमित्र सिंह उर्फ राजा बाबू ने बताया कि पहला स्थापना दिवस मनोहर बाबू के जयंती पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। उन्होंने बताया कि गरीब एवं लाचार लोगों के लिये यह हॉस्पिटल एक वर्ष से अपनी सेवा दे रहा है। इस हॉस्पिटल में गरीब एवं असहाय लोगों की कम कीमत में इलाज किया जाता है। यहां विभिन प्रकार के रोगों का इलाज किया जाता है। इसके लिये हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। इस मौके पर डीसीएलआर जफर हसन, कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल तिवारी, सिरदला सीओ गुलाम सरवर, डायरेक्टर आलोक कुमार, डॉक्टर अभिजीत कुमार, डॉक्टर तवसुम, डॉक्टर पुष्कर चंद्रा,डॉक्टर सोनम गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन,बब्लू सिंह, सजंय सिंह अधिवक्ता,दीपक कुमार मुना,बंटी सिंह,अमरेश सिंह सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# भारत में रामराज्य लाने के लिए हनुमान जी की उपासना अनिवार्य : विश्वनाथ कुलकर्णी

**वाराणसी, (हि.स.)।** भारत में रामराज्य लाने के लिए हनुमान जी की आराधना अनिवार्य है। शक्ति, भक्ति, कला, चतुराई और बुद्धिमता इनमें श्रेष्ठ होकर भी भगवान रामचंद्र की चरणों में हमेशा समर्पित रहनेवाले मारुति की उपासना रामराज्य लाने के लिए कार्यरत सभी धर्म वीरों को करना चाहिए। ये उद्गार हिंदू जनजागृति समिति के विश्वनाथ कुलकर्णी के है। श्री हनुमत जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर विश्वनाथ कुलकर्णी ने कहा कि चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती के अवसर पर गदा पूजन कर वीर हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। मनोजवम् मारुत तुल्य वेगम्, जितेंद्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम ॥ श्लोक का उल्लेख कर कहा कि मारुति जी के अतुलनीय गुण विशेषताओं का परिचय होता है। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए 'पुत्रकामेष्टी' यज्ञ किया। तब उस यज्ञ से अग्नि देव ने प्रकट होकर दशरथ के रानियों के लिए पायस (खीर) प्रदान की। अंजनी को भी दशरथ की रानियों के समान तपश्चर्य द्वारा पायस प्राप्त हुआ था। इसी प्रसाद के प्रभाव से मारुति का जन्म हुआ। उस दिन चैत्र पूर्णिमा थी। इस दिन को 'हनुमान जयंती' के रूप में मनाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के (किष्किंधा कांड 66वे सर्ग) में हनुमान जी की जन्म कथा इस प्रकार वर्णित है। सर्वशक्तिमान, सभी देवताओं में केवल मारुति जी ही ऐसे देवता हैं जिनको अनिष्ट शक्तियां कष्ट नहीं पहुंचा सकती। लंका में लाखों राक्षस थे फिर भी वह मारुति को कोई कष्ट नहीं पहुंचा पाए । दास्य भक्ति के सर्व उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में आज भी मारुति की राम भक्ति का ही उदाहरण दिया जाता है। वे अपने प्रभु के लिए प्राणों को अर्पण करने के लिए भी सदैव तत्पर रहते थे। उनकी सेवा के आगे उनको शिव तत्व और ब्रह्म तत्व की इच्छा भी कौडी के मोल लगती थी। हनुमान अर्थात सेवक और सैनिक इन दोनों का सम मिश्रण ही है। व्याकरण सूत्र, सूत्र वृत्ति, वार्तिक, भाष्य और संग्रह इन सब में मारुति की बराबरी करनेवाला कोई भी नहीं था। (उत्तम राम चरित्र में (36.44.46) मारुति जी को 11वां व्याकरणकार मानते हैं । अनेक प्रसंगों में सुग्रीव आदि वानरों के साथ ही साथ भगवान श्रीराम ने भी उनका परामर्श माना है। रावण को छोड़कर आए विभीषण को अपने पक्ष में नहीं लेना चाहिए, ऐसा अन्य सैनिकों का विचार था परंतु मारुति ने "उन्हें अपने पक्ष" में लेना चाहिए ऐसा बताया और वह भगवान श्रीराम ने इसे मान्य किया। लंका में माता सीता से प्रथम भेंट के समय उनके मन में स्वयं के विषय में विश्वास निर्माण करने, शत्रु पक्ष के पराभव के लिए लंका दहन करने, राम जी के आगमन को लेकर भरत की भावना जानने के लिए, राम जी ने उन्हीं को भेजा इससे उनकी बुद्धिमत्ता और मानसशास्त्र में निपुणता का पता चलता है। लंका दहन के द्वारा उन्होंने रावण की प्रजा का रावण के बल पर जो विश्वास था उसको डगमगा दिया। साहित्य, तत्वज्ञान और अभिव्यक्ति कला में निपुण हनुमान जी का रावण के दरबार में भाषण अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट नमूना है। हर समय प्रभु श्री राम अवतार लेते हैं तो उनका स्वरूप वही होता है। परंतु मारुति हर अवतार में अलग होते हैं। मारुति शब्द सप्त चिरंजीव में से एक होने पर भी सप्त चिरंजीव चार युगों के समाप्त होने पर मोक्ष को जाते हैं और उनकी जगह अत्यंत उन्नत ऐसे सात लोग लेते हैं। उन्होंने कहा कि पंचमुखी मारुति मारुति की मूर्ति अत्यधिक मात्रा में दिखाई देती है। गरुड़, वराह, हयग्रीव, सिंह और कपि मुख यह पांच मुख होते हैं। इन 10 भुजी मूर्तियों के हाथ में ध्वज ,खड्ग, पाश इत्यादि शस्त्र होते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे हनुमान जी राम काज के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहे, वैसे ही राष्ट्र और धर्म के लिए हम सभी को प्रतिदिन न्यूनतम 1 घंटे देना चाहिए।

# जगरनाथ दा ने नियति को भी टाइगर होने का एहसास कराया : हेमंत सोरेन



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज सुबह राजनीतिक योद्धा जगरनाथ दा के निधन की खबर से निःशब्द और मर्माहत हो गया। जगरनाथ दा इस सरकार में मंत्री के साथ मेरे बड़े भाई और एक ऐसे अभिभावक की भूमिका में थे जो गलतियां होने पर डांट भी लगा देते थे और कभी पीठ भी थपथपा देते थे। उन्होंने कहा कि जगरनाथ दा को यूं ही टाइगर नहीं कहा जाता था। कोरोना काल में गंभीर रूप से ग्रसित होने के बावजूद उन्होंने नियति से लंबी लड़ाई लड़ी और जीत कर अपने टाइगर होने को चरितार्थ कर दिखाया। सोरेन ने कहा कि टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ दा ने अपने संघर्ष, कर्तव्य निष्ठा, सादगी और विचारों की स्पष्टता के कारण अपनी खास और अलग पहचान बनाई। निर्धारित लक्ष्य हर हाल में हासिल करने की उनकी जिद से मैंने बहुत कुछ सीखा। कई बार विषम परिस्थितियों में उनके सलाह, विचार और हौसला आफजाई ने हिम्मत दी और लड़ने का जज्बा दिया। जगरनाथ दा जैसे व्यक्तित्व की कमी की भरपाई करना संभव नहीं है। उनकी कमी जीवन भर खलेगी। उनकी शिक्षा, उनका मार्गदर्शन और उनका आशीर्वाद मुझे आगे का रास्ता दिखाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जगरनाथ दा ने अपने मंत्रित्व काल के दौरान शिक्षा विभाग में कुछ ऐसे निर्णय लिए जिसे झारखंड हरदम याद रखेगा। अलग झारखंड के मुखर योद्धा जगरनाथ दा की सोच और उनके संकल्पों को पूरा कर उसे साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार और पार्टी उनके सोच और विचार को साकार करने के प्रति तब तक संकल्पित रहेगी जब तक उसे हासिल नहीं कर लिया जाता। सोरेन ने कहा कि बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन के वक्त जिस शून्यता का एहसास हुआ था उसी शून्यता का एहसास आज हो रहा है। ईश्वर अपने श्री चरणों में दिवंगत आत्मा को स्थान दें। साथ ही उनके परिवार और समर्थकों को इस दुःख में खुद को संभालने का साहस और सामर्थ्य दें, यही प्रार्थना है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का गुरुवार सुबह 6:30 बजे चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में निधन हो गया।

# नवादा में भाजपा स्थापना दिवस पर राष्ट्रीयता की रक्षा का लिया गया संकल्प



**नवादा, (हि. स.)।** भारतीय जानता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीयता की रक्षा का संकल्प के साथ ही ज़िलाध्यक्ष अनिल मेहता अध्यक्षता में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज़िलाध्यक्ष अनिल मेहता ने स्थापना दिवस के अवसर पर ज़िला कार्यालय में ध्वजारोहण किया। उसके बाद सभी कार्यकताओं ने ज़िला कार्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना और एक दूसरे को मिठाई खिलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष राधामोहन शर्मा, पूर्व विधायक अनिल सिंह एवं निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना ने जनसंघ काल के कार्यकताओं को सम्मानित किया। ज़िलाध्यक्ष अनिल मेहता ने दीवाल लेखन करते हुए कमल पुष्प एवं एक बार फिर मोदी सरकार और एक बार फिर भाजपा सरकार लिखने का कार्य किया। कार्यक्रम में लोकसभा विस्तारक रवि रौशन मण्डल,ज़िला उपाध्यक्ष विजय पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# शिक्षा से खेलती राजनीति

**प्रसन्नता** का विषय यह कि विधानसभा में बहस अब गली-कूचे और हैंडपंप से कहीं आगे निकलकर विश्वविद्यालय के स्तर की हो गई है। विधानसभा सत्र में भर्तियों की जांच ने शिमला और मंडी विश्वविद्यालयों के कान पकड़े, तो कहीं अपने औचित्य की जमीन से फिसल रहे केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल कैंपस पर भी बात हुई। अगर माननीयों को लगता है कि विश्वविद्यालयों में भर्ती प्रक्रिया के मानदंड दरकिनार करके कुछ लोगों की नियुक्तियां हुई हैं, तो इन संदर्भों को पूरी तरह खंगालने की जरूरत है। सरकार से छानबीन इसलिए भी आपेक्षित है क्योंकि विश्वविद्यालयों ने खुद को चंद व्यक्तियों के समूहों या विचारधाराओं के चबूतरों के रूप में परिवर्तित करना शुरू किया है, जबकि शैक्षणिक उपलब्धियों के खालीपन ने हिमाचल की उच्च शिक्षा को गहरी खाई की तरफ धकेलने का भी काम किया है। आरोपों से घिरे विश्वविद्यालय अगर अपने शैक्षणिक परिचय से मोहताज हैं, तो हम किस अस्तित्व की बात करते हैं। विडंबना यह कि जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय का उदय हुआ, उसी रफ्तार से इसकी आरंभिक परतों में ही दोषारोपण होने लगा है। राजनीति पहले भी विश्वविद्यालयों से खेलती रही है और अब भी ऐसे विषय ढूंढे जा रहे हैं, जिनके आधार पर शैक्षणिक परिसर सत्ता और विपक्ष को मुकाबिल कर रहे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आशंका प्रकट की है कि जिस तरह जांच के दायरे खड़े किए जा रहे हैं, उनसे मंडी विश्वविद्यालय की नींव को खतरा है। ऐसे में सवाल यह कि डिनोटिफिकेशन की गाज में यह विश्वविद्यालय भी आ जाएगा। हमें नहीं लगता कि इतने बड़े कदम के लिए अभी स्पष्ट साक्ष्य सामने आए हैं, फिर भी शिक्षा में उचित-अनुचित व वांछित-अवांछित का फैसला होना ही चाहिए। हिमाचल में पिछले दो दशकों से शिक्षा के प्रसार में केवल राजनीति के तहखाने देखे गए और यह एक तरह का सदाबहार सियासी चरित्र बन गया कि नेताओं ने अपनी इच्छा की मूछें किसी न किसी स्कूल, कालेज, इंजीनियरिंग-मेडिकल कालेज या अब विश्वविद्यालयों से चस्पां कर दीं। नतीजतन कई अनावश्यक संस्थान तो खुल गए, लेकिन शिक्षा कहीं पिछड़ गई। उदाहरण के लिए जब से तकनीकी विश्वविद्यालय खुला, इंजीनियरिंग की पढ़ाई और एमबीए के पाठ्यक्रम निरर्थक हो गए। बेशक शिमला और मंडी के बीच विश्वविद्यालयों का विभाजन हो गया, लेकिन समानांतर पाठ्यक्रमों के विभाजन से अंतर यही आया कि शिक्षा की एक भौगोलिक रेखा कायम हो गई। आश्चर्य यह कि जयराम सरकार ने एक नए विश्वविद्यालय की उत्पत्ति करते हुए यह गौर नहीं किया कि चालीस सालों से धर्मशाला में चल रहे शिमला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र की वरिष्ठता का सही इस्तेमाल कैसे किया जाए। इस अध्ययन केंद्र ने कई वकील, जज, स्कूल-कालेज व विश्वविद्यालय स्तर के शिक्षाविद तथा कारपोरेट जगत के लिए प्रतिभाएं पैदा की हैं, लेकिन राजनीति के खेल में इसके अस्तित्व पर कोई बहस नहीं। आश्चर्य यह कि चंद मेडिकल कालेजों के ऊपर भी एक मेडिकल यूनिवर्सिटी का सियासी आविष्कार हो जाता है, लेकिन देश के दस टॉप आयुर्वेदिक कालेजों में शुमार पपरोला कालेज के अस्तित्व को सुधारने का अवसर ही नहीं मिलता। पिछले चौदह सालों में केंद्रीय विश्वविद्यालय के अस्तित्व ने जितनी राजनीति पैदा की, उसी का असर है कि इस संस्थान ने शिक्षा को लेकर विचार विमर्श करना ही छोड़ दिया, वरना यहां भी आईआईटी मंडी की तरह शोध व शोधार्थियों पर चर्चा होती। सियासत होना बुरी बात नहीं, लेकिन जहां शिक्षा के पर्यावरण, वातावरण व अनुकूलन को दरकिनार करके, संस्थानों के रंग रौगन पर ही चर्चा हो, वहां शिक्षार्थी भी पेंटर ही साबित होंगे। विधानसभा में चर्चा तो इस बात को लेकर की जानी चाहिए कि हिमाचल से संबंधी शोध में कौन सा विश्वविद्यालय तीसमार खां साबित हो रहा है। पिछले एक साल की अवधि में हुए सेमिनारों के विषय देख लिए जाएं कि उच्च शिक्षा में कितनी संवेदना और अभिव्यक्ति का साहस बचा है। एमबीए के हजारों स्नातकोत्तर पैदा करने वाला हिमाचल बताए कि इनका भविष्य किस रेत पर खड़ा है। राजनीति को कभी तो तौबा करनी होगी कि अब शिक्षा को ईंट-पत्थर बनाने या पहनाने के बजाय, इसे छात्रों पर आजमाने को उच्चतर माहौल पैदा करना होगा। इसी प्रदेश में संस्कृत व डिजीटल विश्वविद्यालयों की पैरवी भी होती रही है। ऐसे में क्या इस तरह की पैरवी को पारंगत होने की अनुमति मिलनी चाहिए। तमाम शैक्षणिक संस्थानों का ऑडिट करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इनकी उपयोगिता व प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए नया क्या किया जाए। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आश्वासन दिया है कि सरकार आने वाले दिनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में कुछ अहम फैसले लेगी। ऐसी किसी बैठक के आयोजन में शिक्षाविदों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

> सरकार से छानबीन इसलिए भी आपेक्षित है क्योंकि विश्वविद्यालयों ने खुद को चंद व्यक्तियों के समूहों या विचारधाराओं के चबूतरों के रूप में परिवर्तित करना शुरू किया है, जबकि शैक्षणिक उलपब्धियों के खालीपन ने हिमालच की उच्च शिक्षा को गहरी खाई की तरफ धकेलने का भी काम किया है। आरोपों से घिरे विश्वविद्यालय अगर अपने शैक्षणिक परिचय से मोहताज हैं, तो हम किस अस्तित्व की बात करते हैं। विडंबना यह कि जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय का उदय हुआ, उसी रफ्तार से इसकी आरंभिक परतों में ही दोषारोपण होने लगा है।

## कुछ अलग

# दंगे की नियति यही है?

**23** मई, 1987 को पश्चिमी उप्र में मेरठ के मलियाना में भीषण दंगे हुए थे। दंगे क्या, हम उन्हें 'नरसंहार' करार देते हैं, क्योंकि 68 मासूम लोगों की हत्याएं कर दी गई थीं। करीब 106 घरों को जला दिया गया था। नुकसान और मौत का कोई आकलन किया जा सकता है क्या? अब करीब 36 साल बाद अदालत का फैसला आया है, तो सभी ज़िंदा 40 आरोपियों को 'बरी' घोषित कर दिया गया है। यह न्याय है या विडंबना अथवा दंगों की नियति, परिणति यही होती है! यदि इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जाती है, तो न जाने कितने और साल बर्बाद होंगे? हम मलियाना अथवा हाशिमपुरा के पुराने दंगों की तुलना पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात में भडक़ी हालिया सांप्रदायिक हिंसा से नहीं करना चाहते। तुलना की भी नहीं जा सकती। बंगाल के हावड़ा, हुगली और बिहार के सासाराम, नालंदा आदि इलाकों में हिंसा और दंगे लगातार 3-4 दिन तक जारी रहे। सुलगन आज भी महसूस की जा सकती है। यह गंभीर चिंता का सबब है। सवाल भी उठते हैं कि राम नवमी शोभा-यात्रा, हनुमान जयंती और ऐसे ही हिंदूवादी त्योहारों के मौके पर बंगाल, बिहार क्यों दहकने लगते हैं? ऐसे धार्मिक आयोजन तो भारतीय जीवन के महत्त्वपूर्ण आयाम हैं। मुसलमान भी मुहर्रम, ताजिया पर जुलूस निकालते हैं। सभी को संविधान ने यह धार्मिक आज़ादी दी है। उप्र में 20 फीसदी मुसलमान सर्वाधिक आबादी हैं, लेकिन वह लगभग दंगा-मुक्त राज्य बन चुका है। हिंदू और मुसलमान दोनों ही भारत के नागरिक हैं और दोनों के समान मौलिक अधिकार हैं। फिर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह सवाल क्यों किया कि क्या राम ने हथियार लाने को कहा था? यह हिंदू भगवान और आस्थाओं का अपमान है। क्या ममता का यह मानना है कि हिंदू आबादी हथियारबंद थी और उसी ने राम नवमी की शोभा-यात्रा के मौके पर हिंसा भडक़ाई? यदि केंद्रीय ताकतें बाहर से गुंडे लाईं और दंगे कराए, तो ऐसे दंगाइयों को चिह्नित कर जेल में डालना भी ममता सरकार का दायित्व है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस को सडक़ पर उतर कर दंगा, हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा करना पड़ा। राज्यपाल ने दो टूक शब्दों में कहा है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन राज्यपाल के पास ऐसा कोई संवैधानिक, आपराधिक अधिकार ही नहीं है, क्योंकि कानून-व्यवस्था के कार्यकारी अधिकार तो मुख्यमंत्री के पास होते हैं। दंगों और उसके बाद की परिस्थितियों पर मुख्यमंत्री ही कोई निर्णय ले सकता है। पुलिस उसका पालन करने को बाध्य है। सवाल यह भी है कि क्या हिंदू हिंदुओं के साथ ही लड़ते रहे, उन्हें मारते रहे, पथराव और आगजनी कर सार्वजनिक संपत्ति को जलाते रहे? क्या हिंदुओं ने ही मुसलमानों पर बम, बंदूक, पत्थर से हमले किए? क्या ममता ने इसीलिए भगवान राम वाला बयान दिया? चूंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को केंद्रीय गृह मंत्रालय और कोलकाता उच्च न्यायालय को रपटें भेजनी हैं, तो इन सवालों के सटीक स्पष्टीकरण देने ही होंगे। उधर बिहार लगातार जलता रहा है।

## मन से मन को जोडऩे वाला कार्यक्रम 'मन की बात' कहा है

# मन से जोड़ती 'मन की बात'

मनोज कुमार

> महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो अभिनव प्रयोग किया है, वह अलहदा है। गांधीजी ने रेडियो को शक्तिशाली माध्यम कहकर संबोधित किया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे चरितार्थ कर दिखाया। संचार के विभिन्न माध्यमों के साथ मोदीजी का दोस्ताना व्यवहार रहा है लेकिन रेडियो प्रसारण के साथ वे मन से जुड़ते हैं। मन से मन को जोडऩे का उपक्रम 'मन की बात' के सौ एपिसोड पूरे होने जा रहे हैं तो इसके प्रभाव को लेकर कुछ चर्चा किया जाना सामयिक है। कहने को सौ एपिसोड बहुत आसान सा लगता है लेकिन देखा जाए तो यह एक कठिन टास्क है जिसे मोदीजी जैसे व्यक्ति पूरा कर सकते थे और किया भी। 'मन की बात' शीर्षक को लेकर लोगों को लगने लगा कि वे अपने मन की बात कह रहे हैं लेकिन 'मन की बात' कार्यक्रम का कोई भी एपिसोड सुन लीजिये और विषयों की विविधता लिमेगी।

**रेडियो** अपने जन्म से विश्वसनीय रहा है। सुभाष बाबू का रेडियो आजाद हिन्द हो या आज का ऑल इंडिया रेडियो। प्रसारण की तमाम मर्यादा का पालन करते हुए जो शुचिता और सौम्यता रेडियो प्रसारण में दिखता है, वह और कहीं नहीं। मौजूं सवाल यह है कि रेडियो प्रसारण सेवा का आप कैसे उपयोग करते हैं? इस मामले में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो अभिनव प्रयोग किया है, वह अलहदा है। गांधीजी ने रेडियो को शक्तिशाली माध्यम कहकर संबोधित किया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे चरितार्थ कर दिखाया। संचार के विभिन्न माध्यमों के साथ मोदीजी का दोस्ताना व्यवहार रहा है लेकिन रेडियो प्रसारण के साथ वे मन से जुड़ते हैं। मन से मन को जोडऩे का उपक्रम 'मन की बात' के सौ एपिसोड पूरे होने जा रहे हैं तो इसके प्रभाव को लेकर कुछ चर्चा किया जाना सामयिक है। कहने को सौ एपिसोड बहुत आसान सा लगता है लेकिन देखा जाए तो यह एक कठिन टास्क है जिसे मोदीजी जैसे व्यक्ति पूरा कर सकते थे और किया भी। 'मन की बात' शीर्षक को लेकर लोगों को लगने लगा कि वे अपने मन की बात कह रहे हैं लेकिन 'मन की बात' कार्यक्रम का कोई भी एपिसोड सुन लीजिये और विषयों की विविधता मिलेगी। एक तंत्र विकसित किया गया जो देश के अनजाने और दूर-दराज इलाकों में अपने काम से कामयाबी हासिल करने वालों से प्रधानमंत्री सीधे बात करते हैं। उनके कार्यों के बारे में जानते हैं और अपनी आपसी चर्चा के बीच उस कामयाबी के रास्ते को समझने की कोशिश करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में देशभर से लाखों की तादाद में जुड़े श्रोताओं को ना केवल नई जानकारी मिलती है बल्कि उन्हें भी कुछ नया करने का हौसला मिलता है। इसे ही मैंने मन से मन को जोडऩे वाला कार्यक्रम 'मन की बात' कहा है। शुरूआती दौर में रेडियो सामान्य दिनचर्या का एक हिस्सा बना हुआ रहता था, वहीं देश और दुनिया से जोड़े रखने का भी यही एक माध्यम था। मोबाइल का दौर आया और रेडियो बाजार से गायब हो गए। हालांकि संचार की इस दौड़ में बने रहने के लिए रेडियो बन गए अब मोबाइल रेडियो। लेकिन वर्ष 2014 के बाद मोबाइल रेडियो में बड़ा बदलाव देखा गया जब 3 अक्टूबर, 2014 को ऑल इंडिया रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया कार्यक्रम 'मन की बात'। कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इस बात से




लगाया जा सकता है कि अब कुल 98 एपिसोड प्रसारित किए जा चुके हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत करने का मकसद भारत में एक बार फिर लोगों का ध्यान रेडियो की ओर लाना तो था ही साथ ही जनता से रेडियो के जरिए संवाद कर जनता के मुद्दों पर बातचीत करना भी था। इसका असर यह हुआ कि जहां जनता पहले तक खास मौकों पर ही रेडियो सुना करती थी वही नरेंद्र मोदी के मन की बात के शुरू होने के बाद तक भी जनता इस कार्यक्रम से जुडी हुई है। 'मन की बात' में मोदी जी अपनी मन की बात कम करते हैं और लोगों के मन की बात ज्यादा सुनते हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते हुए मुझे एक छोटी सी कहानी का स्मरण हो आता है। यहां इस कहानी का उल्लेख करना समीचीन होगा। बात यूं है कि एक बंद ताला पड़ा हुआ था और उसके पास एक छोटी सी चाबी और एक भारी-भरकम हथौड़ा भी। बंद ताले को खोलने के लिए हथौड़े ने अपनी पूरी ताकत लगा दी और परास्त होकर वहीं बैठ गया। इतने में छोटी सी चाबी बंद ताले के दिल में प्रवेश किया और ताला खुल गया। भारी-भरकम हथौड़े के लिए यह रहस्य की बात थी। उसने चाबी से पूछा कि मैं इतना वजनदार होने के बाद भी ताला नहीं खोल पाया और तू इत्ती सी चाबी ताले को खोल दिया। यह कैसे हुआ? ताले की तरफ मुस्कराती हुई चाबी ने कहा कि किसी के दिल को खोलने के लिए उसके दिल में उतरना पड़ता है और वही मैंने किया। मोदी जी भी 'मन की बात' के जरिये चाबी की मानिंद लोगों के दिल में उतरकर उनके दिल तक पहुंच जाते हैं। भारत जैसे महादेश में अनेक ऐसे लोग हैं जो गुमनामी का जीवन जी रहे हैं लेकिन उनका काम, उनकी सफलता की कोई चर्चा नहीं होती है। ऐसे में कोई कारीगर, कोई किसान, कोई महिला जब प्रधानमंत्री से बात करती है तो उसकी कामयाबी ना केवल सामने आती है बल्कि ये लोग और आगे बढऩे का हौसला पाते हैं। हमारे भारतीय समाज में परीक्षा प्रतिभा मूल्यांकन के स्थान पर भय का वातावरण निर्मित करता है और बच्चे फेल होने के डर से कई बार जान देने तक उतारू हो जाते हैं। इन बच्चों के भीतर साहस जगाने के लिए और परीक्षा से भयभीत ना होने का मंत्र मोदीजी देते हैं तो ज्यादतर बच्चों के भीतर का डर पूरी तरह भले ही खत्म ना हो लेकिन कम तो जरूर हो जाता है। परीक्षा देने जाने से पहले हम उस अदृश्य शक्ति से पास हो जाने की कामना करते हैं क्योंकि हमारी पीठ पर हाथ रखकर हमें हौसला देने वाला कोई नहीं होता है। समाज का कोई भी तबका इस बड़ी समस्या पर कभी कोई पहल करने की जरूरत नहीं समझा इसलिये परीक्षा का भूत हमेशा हावी रहा लेकिन 'मन की बात' के जरिये मोदीजी ने एक पालक की भूमिका का निर्वहन किया तो सारा का सारा मंजर ही बदल गया। 'मन की बात' के जरिये मोदीजी ने बड़ी ही खामोशी के साथ बाजार को बदल दिया। इसके लिए एक उदाहरण का उल्लेख करना जरूरी हो जाता है। खादी हमारा राष्ट्रीय स्वाभिमान है लेकिन नए जमाने के साथ खादी का चलन कम से कम होता जा रहा था। ऐसे में मोदीजी ने 'मन की बात' के जरिये खादी अपनाने के लिए लोगों से आह्वान किया। यह यकिन करना मुश्किल होगा लेकिन सच है कि खादी की बिक्री में जो इजाफा हुआ, वह रिकार्ड है। अब यहां इस बात को दर्ज किया जाना चाहिए कि 'मन की बात' में मोदीजी के मन की बात है या भारत के एक सौ तीस करोड़ लोगों के मन की बात है। 'मन की बात' के जरिये ऑल इंडिया रेडियो का कायाकल्प हो गया। रेडियो के राजस्व में जितनी बढ़ोत्तरी 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से हुई, वह अब तक के रिकार्ड को ध्वस्त करने वाला है। पक्का-पक्का आंकड़ा देना मुनासिब नहीं है क्योंकि प्रत्येक माह होने वाले 'मन की बात' के जरिए रेडियो के राजस्व में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। एक मोटा-मोटी आंकड़ें की बात करें तो मन की बात के प्रसारण शुरू होने के बाद से अब तक राजस्व में 33.16 करोड़ कमाए गए हैं जबकि प्रचार पर केवल 7.29 करोड़ खर्च किए गए थे। यह आंकड़ा 2023 के आरंभिक दिनों की है। रेडियो प्रसारण सेवा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा किये गए नवाचार से ना केवल रेडियो के दिन फिर गए बल्कि देश के दूर-दराज इलाकों में 'मन की बात' की गूंज सुनाई देनी लगी।

# भाजपा: वैचारिक धुंधकाल के निराकरण का तंत्र

> वैचारिक दृष्टि से देखें तो भाजपा एकमात्र भारतीय राजनैतिक लद है जो वैचारिक दासता से मुक्त है। भाजपा अपने चिर परिचित हिंदुत्वशाली आग्रहों पर अंगद, अलट है। नवीन व पुरातन का अभिनव संगम हो गई है भाजपा। वस्तुत: आरएसएस ने भाजपा के माध्यम से राजनीति एक विशाल, विराट व विमुक्त वैचारिक कैनवास हमें दिया है। हम भारत के राजनैतिक, अराजनैतिक और यहां तक की हम भाजपा के लोग भी भाजपाई राजनीति को सही शब्दों में संपूर्णत: व्यक्त नहीं कर पाते हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए नहीं है कि भाजपाई नेतृत्व के पास या भाजपा के आलोचकों के पास शब्दों या समझ का अभाव है। गैर भाजपाई तो शब्दों के कुलिट जादूगर हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए है कि भाजपा का सर्वसमावेशन, सर्वस्पर्शन और सर्वव्याप्तिकरण का लक्ष्य समाज में तीव्रता से आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ त्वरा भाव से उर्वर, अद्यतन होकर अपडेशन हमारे प्रस्तुत हो जाता है। तेजी से बलदते समाज में एक तीव्र और तेज वैचारिक अपडेशन को अपनाना यही भाजपा का देश भर में सत्तासीन होने का अंतर्तत्व है। यह तो निर्विवाद रूप से सभी मानते हैं कि पिलछे तीन दशकों में विशेषत: पिलछे दशक का भारत सौ वर्षों के परिवर्तनों को समेटे हुए है। भाजपा का वैचारिक तंत्र इस तीव्र, तेज, तीक्ष्ण सामाजिक परिवर्तन सौम्यता से प्रकट करने का सबसे बड़ा भारतीय संस्थागत ढांचा बन गया है।

**विमर्श** या नैरेटिव के नाम पर भारत में एक अघोषित युद्ध चला हुआ है। इन दिनों भारत में चल रहा विमर्श शुद्ध राजनैतिक है। राजनीति और कुछ नहीं समाज का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब ही है। विमर्श में यह प्रतिबिंब विषय व समयानुसार कुछ छोटा या बड़ा होता रह सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को यदि हम सामाजिक प्रतिबिंब के रूप में देखें तो हमें वैचारिक प्रतिबंधों, वर्जनाओं और सीमाओं से मुक्ति मिल जाती है। वैचारिक दृष्टि से देखें तो भाजपा एकमात्र भारतीय राजनैतिक दल है जो वैचारिक दासता से मुक्त है। भाजपा अपने चिर परिचित हिंदुत्वशाली आग्रहों पर अंगद, अटल है। नवीन व पुरातन का अभिनव संगम हो गई है भाजपा। वस्तुतः आरएसएस ने भाजपा के माध्यम से राजनीति एक विशाल, विराट व विमुक्त वैचारिक कैनवास हमें दिया है। हम भारत के राजनैतिक, अराजनैतिक और यहां तक की हम भाजपा के लोग भी भाजपाई राजनीति को सही शब्दों में संपूर्णतः व्यक्त नहीं कर पाते हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए नहीं है कि भाजपाई नेतृत्व के पास या भाजपा के आलोचकों के पास शब्दों या समझ का अभाव है। गैर भाजपाई तो शब्दों के कुटिल जादूगर हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए है कि भाजपा का सर्वसमावेशन, सर्वस्पर्शन और सर्वव्याप्तिकरण का लक्ष्य समाज में तीव्रता से आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ त्वरा भाव से उर्वर, अद्यतन होकर अपडेशन हमारे प्रस्तुत हो जाता है। तेजी से बदलते समाज में एक तीव्र और तेज वैचारिक अपडेशन को अपनाना यही भाजपा का देश भर में सत्तासीन होने का अंतर्तत्व है। यह तो निर्विवाद रूप से सभी मानते हैं कि पिछले तीन दशकों में विशेषतः पिछले दशक का भारत सौ वर्षों के परिवर्तनों को समेटे हुए है। भाजपा का वैचारिक तंत्र इस तीव्र, तेज, तीक्ष्ण सामाजिक परिवर्तन सौम्यता से प्रकट करने का सबसे बड़ा भारतीय संस्थागत ढांचा बन गया है। यहां सौम्य शब्द का प्रयोग इसलिए है क्योंकि इस तेज युग के तीव्र सामाजिक परिवर्तनों के समय में सौम्य बने रहना तनिक कठिन और कष्टप्रद होता है किंतु भाजपा की सौम्यता है की जाती ही नहीं। भाजपा को यह सौम्यता संघ से मिलती है। संघ से इस सौम्यता को ग्रहण कर लेने की मशीन है पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का सिद्धांत। एकात्म मानववाद का सिद्धांत भाजपा की रीढ़ है। भाजपा अपनी रीढ़ की रक्षा करना और रीढ़ पर टिके रहना दोनों भलीभांति सीख गई है। यही भाजपा नामक वटवृक्ष फोटो सिंथेसिस प्रोसेस अर्थात प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया है। मोटी दृष्टि से देखें तो भारत में राजनीति की चार धाराएं हैं। भाजपा, कांग्रेस, वामपंथ और समाजवाद। भाजपा स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से उपजी एक राजनैतिक धारा है। इसने अपने कोई डमी या छद्म रूप उत्पन्न नहीं किए। शेष तीन राजनैतिक विचार अपने डमी उत्पन्न करके छल करते रहते हैं। जैसे कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस। कांग्रेस, वामपंथ व समाजवाद ने सकारात्मक विमर्श तो कम उपजाए किंतु नकारात्मक विमर्शों में ये लोग मास्टर ऑफ मास्टर्स हो गए हैं। भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; यह पार्टी विद डिफरेंस नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी पार्टी विद डिफरेंस ही है। भाजपा में अनेक दलों से करोड़ों कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारों सांसद, विधायक आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? सामान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा? आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचें तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गए हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दूसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं, भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटल भाव से खड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर सत्ता प्राप्ति को बैचेन भाजपा से इतर के दल आजकल अपना वैचारिक आधार बनाना ही नहीं चाहते हैं। वो कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर बैठते हैं। वो विचार बदलते हैं, परिवार बदलते हैं, आधार बदलते हैं और नौ सौ चूहे खाकर कभी हज को तो कभी हरिद्वार को जाने का प्रपंच करते हैं। कांग्रेस कम्युनिस्ट होकर कटुक, बिटूक गई है। कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं। साम्यवादी समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में अव्वल सदा रहते हैं। ₹भारतीयता को छोड़ना₹ इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं, थर्मामीटर लगाकर चैक करें कि इन संदर्भों में भाजपा से इतर वाले राजनैतिक दलों ने कितनी तेजी से सत्ता के लिए अपनी केंचुली बदली है। जनजातीय को हिंदुओं से अलग बताना, जैन और लिंगायत जैसे कुछ अन्य समुदायों को अलग धर्म या अल्पसंख्यक कराना, शाहबानो प्रकरण में न्यायालय के निर्णय को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य अनार्य का वितंडा उपजाना, राममंदिर को संघ भाजपा का कार्यालय बताना, अयोध्या निर्माण में बाधाएं उत्पन्न करना, रामेश्वर रामसेतु के विध्वंस हेतु मशीनों का बेड़ा भेजना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, ऐन दिवाली की रात्रि को पूज्य शंकराचार्य की गिरफ्तारी, देश में कोविड वैक्सिन को भाजपा की वैक्सिन कहना, विरोध, विदेशों में वैक्सिन डिप्लोमेसी का विरोध, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओइज्म, अनुच्छेद 370, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण राज्यों में हिंदी विरोध के आधार पर राजनीति, भाषायी विभाजन, भीम-मीम गठजोड़, मंडल-कमंडल, पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाव, गुरमेहर कौर विवाद, चीन के साथ भारत के विवाद या संघर्ष में चीन की ओर झुकाव बताना जैसे कई कई मुद्दे हैं। ये और इन जैसे अनेक अन्य मुद्दों पर भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी व प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने सदैव ही राष्ट्र की मूलभावना के विपरीत आचरण प्रस्तुत किया है। भारत की परिवार परम्परा और विवाह परम्परा के विरुद्ध इनके षड्यंत्र आए दिन नए नए रूप में देश के प्रत्येक भाग में उभरते रहते हैं। सीआरपीएफ के 75 सैनिकों के नक्सलियों से संघर्ष करते हुए बलिदान होने पर उत्सव मनाने जैसी घटनाएं ये लोग आए दिन करते रहते हैं। इन सब प्रपंचों को करने के बाद यदि ये विभिन्न राजनैतिक दल जब सत्ता प्राप्ति के लिए एक होने का जब प्रयास करते हैं तो बड़ा हास्य उत्पन्न होता है।

## देश दुनीया से

# क्या विस्थापितों का दर्द समझेगी सरकार

**कहते** हैं कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है, पर कई बार ऐसा भी होता है कि लाभ तो सभी का होता है, पर खोना कुछ लोगों को ही पड़ता है। किसी समय जिला बिलासपुर के पुराने नगर में एक विशाल बाजार और बस्तियां थीं, जहां सैकड़ों परिवार खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे। पर भाखड़ा बांध प्रोजेक्ट के अंतर्गत उस नगर के स्थान पर आज गोविंद सागर झील है। देश ने विकास किया, दीपक के स्थान पर बिजली के बल्बों से पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश रोशन हुए, पर इस बांध के लिए बिलासपुर के पुराने नगर के निवासियों को अपना बलिदान देकर विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा। वे अपने हाट-घराट, खेत-खलिहान व पुराने साथियों को अभी तक नहीं भूल पाए। आज विश्व का प्रत्येक देश तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। अगर कोई देश विकास पथ पर दो कदम पीछे रह गया तो समझो विश्व में पिछड़ गया। इस विकास व उन्नति के लिए व देश को समृद्धशाली बनाने के लिए बेशक हम पृथ्वी से अंधाधुंध छेड़छाड़ कर रहे हैं। कई बार हमें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। पर आज का मानव कम से कम समय में अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता है। इसलिए यातायात के साधनों में भी द्रुतगति से बदलाव हो रहा है। बड़े-बड़े मैदानी राज्यों में तो फोरलेन या सिक्स लेन सडक़ें बनाना एक आम बात है क्योंकि समतल भूमि होने के कारण वहां यह काम आसानी से हो जाता है। पर पहाड़ी राज्यों में भी फोरलेन का काम जोर-शोर से आरंभ हो चुका है। किरतपुर-मनाली फोरलेन का निर्माण कार्य लगभग अपने अंतिम चरण में है। इसी के साथ मटौर-शिमला व मंडी-पठानकोट आदि फोरलेन निर्माण कार्य आरंभ करने के लिए प्रक्रिया जारी है। सर्वे करने वाली कई टीमें आ रही हैं। अभी तक तो इसकी जद में आकर बेघर होने वाले लोग निश्चिंत थे, पर जब सर्वे करने वाली एक टीम ने उनके मकानों के हर कमरे की नाप-नपाई आरंभ कर दी तो उस घर में रहने वालों के दिल डूबने से लगे। एक मध्यमवर्गीय परिवार को अपने सपनों का महल बनाने में पूरा जीवन लग जाता है। घर जीवन में एक बार ही बनता है जिसे बड़े सुनियोजित ढंग, उमंग, शौक व दिल लगाकर बनाया जाता है। इसको बनाने में कभी-कभी कई वर्ष लग जाते हैं। एक-एक सामग्री बड़े सोच विचार, धन जोडक़र बड़ी दौड़-धूप करके लाई जाती है। गांव में तो मजदूर और मिस्त्री भी बड़े इंतजार के बाद मिल पाते हैं। इसको सजाने में भी समय लगता है। बड़े हर्षोल्लास से गृह प्रवेश किया जाता है। कुछ लोग अभी कुछ साल पहले ही सेवानिवृत्त होकर अपने सपनों के घर में शेष जीवन आराम से व्यतीत करने की मधुर उम्मीद से आते हैं क्योंकि सारी उम्र नौकरी के स्थानांतरण के कारण न जाने कितने स्थान व मकान बदले, तब कहीं जाकर अपने घर में रहने का शुभ अवसर मिला। पर जब उनकी आंखों के सामने उनके सपनों के नीड़ पर बुलडोजर चलाया जाता है तो आंखों के आगे अंधेरा छाने लगता है। बहुत ही मुश्किल होता है एक स्थान से दूसरे स्थान में बसना। कई परिवार तो अपने नौजवान बेटों-बहुओं के साथ रहते हैं जो मिलकर एक अन्य स्थान पर फिर से घर बना सकते हैं, पर कई परिवार ऐसे भी होते हैं जहां केवल एक बुजुर्ग दंपति अपने समाज के साथ मिलकर रह रहे होते हैं। बेटा-बहू शहर में नौकरी करते हैं और वहीं रहना चाहते हैं। वे अपना घर खोकर चिंता में पड़ जाते हैं। छत पर नियमित रूप से आने वाले पंछी ढूंढते हैं कि वह छत कहां खो गई जहां वे बाल-गोपाल संग चहचहाते थे और दाना-पानी लेते थे। वे क्यारियां जो बड़े यत्न से फूलों से सजाई थी, जिनमें ऑर्गेनिक विभिन्न सब्जियां उगाई थी, उन पर मलवा फिर जाता है। उस गौशाला में अभ्यस्त पालतू पशु नई दिवारों में अपना पहले वाला स्पर्श टटोलते हैं। वे अमरूद, पपीता, आम, नींबू, गलगल आदि के पौधे भी अपनी बलि देते हैं। वह पीपल का पेड़, वह बावड़ी जिससे जल लेकर पीपल, शिवलिंग और वट वृक्ष पर चढ़ाया जाता था, सबकी स्मृतियों की दिल में टीस सी उठती है। वे मोर व अन्य पक्षियों का कलरव, विभिन्न पौधों की खुशबुओं के साथ चरागाहों की पगडंडियों में सुबह की सैर का अमूल्य खजाना कहीं खो जाता है। उच्च आदर्श नारियां तो यह सब छोडक़र अपने मायके में एक रात भी नहीं रहना चाहती। इस तरह की परिस्थितियां कई विस्थापितों की होती हैं। फोरलेन के लिए सिक्स लेन भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। पहले यह भी सुनने में आया था कि डबल लेन की दो सडक़ें बनेंगी। एक से आना होगा और एक से जाना।

> आज विश्व का प्रत्येक देश तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। अगर कोई देश विकास पथ पर दो कदम पीछे रह गया तो समझो विश्व में पिछड़ गया। इस विकास व उन्नति के लिए व देश को समृद्धशाली बनाने के लिए बेशक हम पृथ्वी से अंधाधुंध छेड़छाड़ कर रहे हैं। कई बार हमें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। पर आज का मानव कम से कम समय में अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता है। इसलिए यातायात के साधनों में भी द्रुतगति से बदलाव हो रहा है। बड़े-बड़े मैदानी राज्यों में तो फोरलेन या सिक्स लेन सडक़ें बनाना एक आम बात है क्योंकि समतल भूमि होने के कारण वहां यह काम आसानी से हो जाता है।

## नागरिक बोध

# रास्ते के पुलों की तलाश

**अर्जुन** निहत्था हो तो क्या वह अपने अचूक निशाने से मछली की आंख बींध सकता है? हमने चक्रव्यूह तोड़ते हुए अभिमन्यु को महारथियों को घेर कर मार दिये जाने की कहानी सुनी है। उसने अपनी मां के पेट में रहते हुए पिता से चक्रव्यूह में घुसने की कला तो जानी थी, लेकिन इससे पहले कि वह उसे तोड़ कर कैसे निकलना है जान पाता, मां को नींद आ गई। तब अभिमन्यु को महारथियों ने घेर लिया, वह खेत रहा। कितना वक्त बीत गया। अब जीवन का महाभारत लड़ते हुए अर्जुन का धणुष बाण शार्ट कट संस्कृति के सहारे कमन्द लगा किला विजित करने के बाद मध्यमजनों ने छीन लिया। अर्जुन के पास तो मेहनत के वाणों से अपने आदर्शों के धणुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की कला थी, लेकिन आजकल मेहनत कर सकने वालों का दो कौड़ी मोल नहीं है। उन्हें स्वरोजग़ार के नाम पर पकौड़े तल कर बेचने के उपदेश दिये जाते हैं और यह उपदेश भी कजऱ् प्राप्त करने की लालफीताशाह भूल-भुलैया में उलझे नजऱ आते हैं। आजकल अर्जुन के धणुष की प्रत्यंचा पर आदर्शों का माझा नहीं, सिफारिश और भाई-भतीजावाद का तेवर है, कोरे भाषणों की नाटकीयता है। लक्ष्य बेधने के लिए केवल नारे उछलते हैं। ऐसे माहौल में मंदी के अंधेरे गहराते जा रहे हैं, भला इसमें अपना लक्ष्य बेधने के लिए अर्जुन को मछली की आंख कैसे नजऱ आ जाती? आजकल नेकी और बदी के महाभारत नहीं सजते। महारथियों के सिर पर वंशवाद के ताज सज गये हैं। उनके हाथों में सेवा से पहले मेवा पाने का ब्रतास्त्र है। ऐसे महारथियों को घेरने के लिए आज के अर्जुनों के पास न तो इन पूंजीपतियों के लौह कपाटों से घिरे चक्रव्यूहों में घुसने और न ही तोड़ कर निकल जाने की विद्या है। आज का अर्जुन तो इस चतुर विद्या में सफलता के महामंत्र के पास भी नहीं फटकता। वह भला अपने बेटे को उसकी मां के गर्भ में रहते-रहते चक्रव्यूह तोडने की अधूरी विद्या ही कैसे सिखा दे? निहत्था अर्जुन अपने महाभारत के मैदानों को हवाई मीनारों में तब्दील होते देख रहा है।



# हाईकोर्ट की शहबाज सरकार को दो टूक, कहा- इमरान को पूर्व पीएम की हैसियत से मुहैया कराई जाए सुरक्षा

**वॉशिंगटन।**
इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि इमरान को पूर्व प्रधानमंत्री के तौर पर उनके दर्जे के अनुसार सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख की उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें उन्होंने गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह द्वारा कथित तौर पर धमकी दिए जाने के बाद पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की थी। पूर्व प्रधानमंत्री और लंदन में रह रहे पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ के बेहद करीबी सनाउल्लाह ने मार्च में कहा था कि जब सत्तारूढ़ पार्टी को लगेगा कि उसका अस्तित्व खतरे में है तो वह अपने मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किसी भी हद तक जाएगी। उन्होंने खान पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्होंने देश की राजनीति को उस स्तर पर पहुंचा है जहां दोनों में से केवल एक (पीटीआई और पीएमएल-एन) का अस्तित्व संभव है।

**कोर्ट ने पूछा- खान को कितनी सुरक्षा दी जा रही** - सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौजूदा सुरक्षा नियमों के बारे में पूछताछ की। कोर्ट ने पूछा कि खान को कितनी सुरक्षा दी जा रही है।

**खान को इस मामले कोर्ट आने की आवश्यकता नहीं** - खान के वकील ने कोर्ट को बताया कि पिछले साल नवंबर में हत्या के प्रयास में बचे पूर्व प्रधानमंत्री कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हो सके, जिस पर चीफ जस्टिस आमिर फारूक ने कहा कि खान को इस मामले में कोर्ट आने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह केवल सुरक्षा के प्रावधान के बारे में है।

**इमरान खान को मुहैया कराई जाएगी पर्याप्त सुरक्षा** - हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने सवाल किया कि कानून में पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षा के बारे में क्या कहा गया है। अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल (एएजी) मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने कोर्ट को बताया कि पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। एएजी ने कहा कि कानून में कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री के लिए सुरक्षा अधिसूचना एक विशेष राजपत्र के माध्यम से जारी की जानी चाहिए।

**सुरक्षा का प्रावधान एक प्रांतीय मामला: अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल** - जस्टिस फारूक ने पूछा कि क्या खान को कोई सुरक्षा प्रदान की गई है। एएजी ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान को बुलेटप्रूफ वाहन दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूक्रेन युद्ध के बीच चीन-रूस की बढ़ती नजदीकी रोकने को जिनपिंग से मिले मैक्रों,अहम मुद्दों पर होगी चर्चा



**चीन ।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बीजिंग में अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात के पीछे का कारण यह है कि फ्रांसीसी नेता वैश्विक समस्याओं के समाधान के प्रयासों में चीन की सक्रिय भागीदारी चाहता है। तीन दिन की यात्रा के लिए चीन पहुंचे मैक्रों ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान वह कोशिश करेंगे कि चीन यूक्रेन में शांति प्रयासों में शामिल हो। मैक्रों ने ट्वीट किया कि मुझे विश्वास है कि शांति के निर्माण में चीन की एक प्रमुख भूमिका है। मैं इसी पर चर्चा करने आया हूं। राष्ट्पति शी जिनपिंग से व्यवसायों, जलवायु व जैव विविधता और भोजन के बारे में भी बात की जाएगी। साथ ही सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बता दें, मैक्रों के साथ यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भी चीन दौरे पर आए हैं। ऐसा करके इस कूटनीतिक प्रयास में पूरे यूरोप की एकता का संदेश दिया जा रहा है। चीन के फ्रांसीसी निवासियों को संबोधित करते हुए मैक्रों ने कहा कि वह कोशिश करेंगे कि यूक्रेन, ईरान और उत्तर कोरिया सहित अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता संबंधी मुद्दों पर चीन अपनी साझी जिम्मेदारी निभाए। चीन के फ्रांसीसी दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में मैक्रों ने पुतिन की बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियार तैनात करने की योजना का भी उल्लेख किया। चीन इसका चीन विरोध करता है। मैक्रों ने यह भी कहा कि चीन ने रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए फरवरी में एक योजना प्रस्तावित की। यूक्रेन में शांति और अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के हल में साझेदारी के साथ-साथ इस यात्रा के दौरान मैक्रों दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को भी मजबूती देंगे।

### खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों और पाकिस्तानी सेना के बीच मुठभेड़, आठ आतंकी ढेर, एक सैनिक की भी मौत



**पाकिस्तान ।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आतंकवादी ठिकाने पर रात भर की गई छापेमारी में आठ आतंकवादी मारे गए। वहीं एक सैनिक की भी मौत हो गई। सेना की मीडिया आईएसपीआर (इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस) ने एक बयान में कहा है कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक अभियान में सुरक्षा बलों ने आठ आतंकवादियों को मार गिराया। जबकि एक सैनिक की भी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके जवाब में सैनिकों ने कार्रवाई की। इस दौरान आतंकवादी कमांडर जन मुहम्मद उर्फ चार्ग सहित आठ आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए, जो सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए तैयार हैं।

### नॉर्थ कोरिया बोला- परमाणु युद्ध की कगार पर देश: बढ़ते तनाव के लिए अमेरिका और साउथ कोरिया जिम्मेदार

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया ने अमेरिका और साउथ कोरिया को बढ़ते तनाव के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने लगातार जॉइंट मिलिट्री ड्रिल्स करके स्थिति को परमाणु युद्ध की कगार पर ला दिया है। तानाशाह किम जोंग ने ड्रिल्स के बदले आक्रामक कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। एक स्टेटमेंट में वहां के इंटरनेशनल सिक्योरिटी एनालिस्ट ने साउथ कोरिया के बीच सैन्य अभ्यास की निंदा की। उन्होंने कहा- दोनों देशों ने मिलकर कोरियाई पेनेंसुला (नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया) में युद्ध की स्थिति को बढ़ावा दिया है। इससे पेनेन्सुला एक बड़े बम में बदल गया है जो कभी भी फट सकता है। नॉर्थ कोरिया ने सैन्य अभ्यास पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे हमले की प्रैक्टिस बताया है। दरअसल, अमेरिका और साउथ कोरिया की सेना मार्च की शुरुआत से ही मिलिट्री ड्रिल्स कर रही हैं। इनमें एयरफोर्स और नेवी ड्रिल्स भी शामिल रही हैं। इन अभ्यासों में अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट्स ने भी हिस्सा लिया था। इसके अलावा दोनों देशों के 12 हजार सेलर सहित 30 वॉरशिप, 70 एयरक्राफ्ट और 50 एम्फीबियस लड़ाकू वाहन (जो जमीन और पानी दोनों में इस्तेमाल किए जा सकते हैं) शामिल हुए। पिछले एक महीने से जारी मिलिट्री ड्रिल पिछले 5 साल की सबसे बड़ी ड्रिल बताई गई है। इस ड्रिल को फ्रीडम शील्ड नाम दिया गया है। दोनों देशों ने साल 2018 में नॉर्थ कोरिया से शांति वार्ता शुरू करने के दौरान इस तरह की ड्रिल्स को बंद कर दिया था।

## अमेरिकी कैथोलिक चर्च में 600 बच्चों का यौन शोषण

# 80 साल तक करतूतें छिपाते रहे मैरीलैंड के चर्च, इसमें 156 पादरी भी शामिल

**एनापोलिस।**
अमेरिका के मैरीलैंड स्टेट में एक चौंका देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। यहां 156 कैथोलिक पादरियों ने कुछ और लोगों के साथ मिलकर 80 सालों में यानी 1940 से लेकर अब तक 600 से ज्यादा बच्चों का यौन शोषण किया है। मैरीलैंड के अटॉर्नी जनरल एंथनी ब्राउन ने 463 पेज की ये रिपोर्ट जारी की। 4 साल तक जांच के बाद इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है। इसमें पादरियों के दुर्व्यवहार और चर्च प्रबंधन द्वारा मामले को छिपाने की पूरी डीटेल शामिल है। इस अपराध में बाल्टीमोर के आर्चडायसिस के सदस्यों के शामिल होने की बात सामने आई है। ये अमेरिका का पहला कैथोलिक सूबा है। नई रिपोर्ट रोमन कैथोलिक चर्च में होने वाले यौन शोषण के दशकों लंबे खुलासे में एक नई कड़ी है।

**बच्चों को नर्क में जाने की धमकी दी गई** - यौन शोषण से जुड़ी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अपराधों में ज्यादातर उन बच्चों को टारगेट किया गया जो मजबूर थे और चर्च में कई छोटे बड़े काम करते थे। शोषण के दौरान इन बच्चों से कहा जाता था कि ये भगवान की मर्जी है। वहीं उन्हें धमकी भी दी जाती थी अगर उन्होंने किसी को भी इस बारे में बताया तो उनके परिवार के लोग नर्क में जाएंगे।

**मैरीलैंड में कभी भी दर्ज करवा सकेंगे शोषण का केस** - हाल ही में मैरीलैंड सीनेट ने एक बिल पारित किया है। इसके तहत यौन शोषण के खिलाफ मुकदमे दायर करने की सीमाओं को निरस्त कर दिया गया है। नए कानून के मुताबिक, चाहे मामला कितना भी पुराना हो, पीड़ित इसके संबंध में केस दर्ज करवा सकता है। स्टेट के कैथोलिक कॉन्फ्रेंस ने इस बिल का विरोध करते हुए इसे गलत और असंवैधानिक बताया था।




**ज्यादातर आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है** - मैरीलैंड की इस रिपोर्ट में ऐसे किसी भी आरोपी का नाम सामने नहीं आया है जो फिलहाल पादरी वर्ग में सेवा कर रहे हैं। ज्यादातर आरोपियों की पहली ही मौत हो चुकी है। रिपोर्ट जारी करने की मंजूरी देने वाले बाल्टिमोर के जज टेलर ने कहा- आरोपियों की मृत्यु के बाद हम सभी मामलों का खुलासा और इनकी गणना करके ही पीड़ितों को न्याय दिला सकते हैं।

**4 साल में तैयार हुई 456 पेज की रिपोर्ट** - 456 पन्नों की रिपोर्ट बनाने में दो अटॉर्नी जनरल शामिल थे। इसे समय-समय पर ज्यूरी द्वारा जारी किए गए समनों को इकट्ठा करके बनाया गया है। इसके अलावा इसमें कर्मियों के रिकॉर्ड, मेडिकल और साइकोलॉजिकल हेल्थ डॉक्यूमेंट्स, ऑफिशियल चर्च नीतियों जैसे हजारों दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया है। अटॉर्नी जनरल ब्राउन ने अपने ऑफिस में यौन शोषण का मामला दर्ज करने के लिए एक हॉटलाइन भी स्थापित की है। उनके मुताबिक इसके जरिए अब तक 300 से ज्यादा लोग संपर्क कर चुके हैं।

**10 आरोपी अभी भी जीवित हो सकते हैं** - रिपोर्ट में ऐसे 33 पादरी शामिल हैं जिनके नाम पहले किसी मामले में सामने नहीं आए थे। साथ ही चर्च से जुड़े 146 आरोपियों के नाम हैं, जिनमें ज्यादातर पुरुष हैं जो बतौर पुजारी सेवा कर चुके हैं। इसके अलावा 10 लोग ऐसे हैं जिनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ये लोग अभी भी जीवित हो सकते हैं और मुमकिन है कि अब तक इनकी पहचान न की गई हो। वहीं इसमें चर्च प्रबंधन के कुछ ऐसे लोगों का भी जिक्र है जिन्होंने अपराध छिपाने में आरोपियों की मदद की थी।

### रूस के उत्तरी काकेशस में गोलीबारी, तीन पुलिसकर्मियों की मौत, आठ घायल

**उत्तरी काकेशस (रूस)।** रूस के उत्तरी काकेशस में गोलीबारी का खबर सामने आई है। रूस के उत्तरी काकेशस गणराज्य इंगुशेतिया में गोलीबारी की घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हो गए हैं। बता दें कि काकेशस या काकेशिया, काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच का एक क्षेत्र है। जिसमें मुख्य रूप से अर्मेनिया, अजरबैजान, जॉर्जिया और दक्षिणी रूस के कुछ हिस्से शामिल हैं। इंगुशेतिया चेचन्या की सीमा से सटे रूस के उत्तरी काकेशस में एक बहुसंख्यक-मुस्लिम गणराज्य है। यहां 2000 के दशक की शुरुआत में अधिकारियों के साथ इस तरह की झड़पें अपेक्षाकृत आम हुआ करती थीं, लेकिन हाल के वर्षों में यह कम हो गई हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से बताया कि जयाजिकोव-यूर्ट गांव में एक निजी घर में छिपे एक गिरोह के साथ गोलीबारी के दौरान तीन पुलिसकर्मी मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। रूसी मीडिया के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने समूह को हिरासत में लेने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गोलियां चला दीं। पिछले हफ्ते अधिकारियों ने बताया था कि इंगुशेतिया और पड़ोसी उत्तर ओसेशिया की सीमा पर एक पुलिस पोस्ट पर गोलीबारी की गई थी, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। चेचन्या में दो अलगाववादी युद्धों सहित सोवियत संघ के टूटने के बाद उत्तरी काकेशस उग्रवाद का केंद्र बन गया था।

# श्रीलंका में नए आतंकवाद विरोधी विधेयक में गहमागहमी, लोगों का सवाल- नया कानून कब होगा पेश



**कोलम्बो।**
श्रीलंका में एक कठोर आतंकवाद विरोधी कानून की जगह नए आतंकवाद विरोधी विधेयक को पेश किया जाना है। श्रीलंका के न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे ने घोषणा की कि नए आतंकवाद विरोधी विधेयक को संसद में पेश करने में थोड़ी देरी हो सकती है। वहीं वकीलों ने कहा कि कोई भी कानून जो कानून के शासन और नागरिकों की स्वतंत्रता को कमजोर करेगा उसे चुनौती दी जाएगी। इन सबके बीच लोगों में भी बिल के पास होने को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

**यह है मामला** - बता दें, नया आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) 1979 के बहुचर्चित आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) की जगह लेगा।श्रीलंका पीटीए को एक नए कानून के रूप में तब्दील कर रहा है, जिसे एंटी टेररिज्म एक्ट (एटीए) कहा जाता है। पीटीए को उसकी सख्ती के लिए जाना जाता है।इसकी कानून की कई बार निंदा हो चुकी है। अगर कानून के बारे में बताए तो इसमें लोगों को अनिश्चित काल के लिए दोषी सिद्ध किए बिना हिरासत में रखने की अनुमति दी गई थी। बढ़ते तमिल अलगाववादी उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए एक अस्थायी उपाय के रूप में 1979 में लागू किए गए पीटीए को निरस्त करने के लिए श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा।

**बिल जारी होने में देरी** - राष्ट्रपति रनिल ने हाल ही में कहा था कि नए एटीए को जून तक पेश कर दिया जाएगा। वहीं, एक अप्रैल को प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने बताया था कि नए आतंकवाद विरोधी अधिनियम को इस महीने के बाद पेश किया जाएगा। हालांकि न्याय मंत्री का कहना है कि बिल पेश होने में और देरी हो सकती है।

**हितधारकों से नहीं ली गई सलाह** - श्रीलंका के वकीलों के निकाय बार एसोसिएशन ने देरी की वजह बताते हुए कहा कि मसौदा विधेयक तैयार करने में हितधारकों से कोई सलाह नहीं ली गई थी। 17 मार्च को, 97 पृष्ठों का नया आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। अब विपक्ष और नागरिक समाज समूहों ने नए एटीए पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने में तत्कालीन सरकार की विफलता पर पिछले साल के मध्य में हुए नागरिक समाज के विरोध को दिखाता है।

### विपक्ष के निशाने पर आए ब्रिटिश पीएम सुनक: बजट में चाइल्डकेयर स्कीम से पत्नी अक्षता की फर्म को लाभ पहुंचाने का आरोप

**लंदन।**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ अपनी पत्नी की हिस्सेदारी वाली फर्म को फायदा पहुंचाने के आरोपों को लेकर विपक्षी पार्टियां एकजुट हो गई हैं। वे अगले महीने होने वाले स्थानीय चुनावों में इसे प्रमुख मुद्दा बनाने की रणनीति पर काम कर रही हैं।सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति चाइल्डकेयर एजेंसी कोरू किड्स में शेयरधारक हैं। सुनक सरकार के जारी किए गए बजट से इस फर्म को फायदा हो रहा है। वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने इसी महीने घोषित बजट में चाइल्ड केयरटेकर के पेशे से जुड़ने के लिए इस महीने 600 पाउंड के प्रोत्साहन भुगतान की पायलट योजना की घोषणा की थी। यदि वे किसी एजेंसी के जरिए शामिल होते हैं तो यह राशि दोगुनी होकर 1200 पाउंड हो जाएगी। लिबरल डेमोक्रेट की चीफ व्हिप वेंडी चेंबरलेन ने कहा, सुनक को उनकी अपनी सरकार की नीति की वजह से उनके परिवार को होने वाली इस अतिरिक्त आय और निजी लाभ पर जवाब देना होगा। सुनक से जुड़ा एक हालिया विवाद उनकी निजी यात्राओं को लेकर था। उन्होंने पिछले साल निजी जेट यात्राओं पर 15 दिन से कम समय में 5 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए। अक्षता पर 204 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का आरोप है। अक्षता ने नॉन-डोमिसाइल होने के कारण ब्रिटेन के टैक्स में 204 करोड़ रु. की बचत की। वे इस स्टेटस को बनाए रखने के लिए हर साल 30 लाख रु. देती हैं। उन्हें अपने पिता की आईटी फर्म में हिस्सेदारी से हर साल लगभग 117 करोड़ डिविडेंड मिलता है। नॉन-डॉमिसाइल स्टेटस पर विदेशी कमाई पर टैक्स छूट का लाभ मिलता है। लेबर नेता कीर स्टार्मर ने कहा, मूर्ति देनदारियां कम कर रही थीं।सुनक टैक्स बढ़ा रहे थे।



# कनाडा में फिर हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़: आरोपियों ने दीवार पर भारत-मोदी विरोधी नारे लिखे, 9 महीने में यहां ऐसी 5वीं घटना

**ओंटारियो।**
कनाडा के ओंटारियो में एक बार फिर हिन्दू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान आरोपियों ने मंदिर की दीवार पर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नारे भी लिखे। ओंटारियो के विंसडर शहर के बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में ये घटना सामने आई।

पुलिस को पूरे मामले का एक फुटेज भी मिला है। इसमें 2 आरोपी मंदिर की दीवार पर नारे लिखते नजर आ रहे हैं। विंसडर पुलिस सर्विस ने दोनों आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर फुटेज जारी कर आरोपियों को वॉन्टेड घोषित कर दिया है। कनाडा में पिछले साल जुलाई के बाद से इस तरह की पांचवी घटना है।

**मंदिर प्रबंधन ने स्टाफ को सचेत किया** - मंदिर में काम करने वाले हर्षल पटेल ने कहा- हम मंदिर की दीवार पर नारे लिखे देख चौंक गए। ऐसा यहां 20 साल में पहली बार हुआ है। हमने तुरंत लोकल पुलिस को इसकी सूचना दी। मंदिर में सभी स्टाफ को आगे के लिए आगह कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद से शहर की हिन्दू कम्यूनिटी गुस्से में है।




**23 मार्च को महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़ी थी** - इससे पहले 27 मार्च को भी कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी में महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़ी गई थी। वहीं 23 मार्च को ओंटारियो प्रांत के हेमिल्टन शहर के सिटी हॉल में लगी महात्मा गांधी की मूर्ति पर भी तोड़फोड़ की गई थी। खालिस्तान के समर्थकों ने उस पर स्प्रे पेंट से भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लिखे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक खालिस्तानियों ने भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर कई अपमानजनक बातें भी लिखीं थीं।

**कनाडा के मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं**
30 जनवरी को कनाडा के मिसिसॉगा शहर के राम मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। खालिस्तानी समर्थकों ने मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे थे। हिंदू हेरिटेज सेंटर में 2 व्यक्तियों ने दान पेटी और मुख्य कार्यालय में तोड़फोड़ की थी।

25 जनवरी को ब्रैम्पटन शहर के गौरी शंकर मंदिर में भी इस तरह की घटना सामने आई थी। जिसके बाद भारतीय कॉन्सुलेट जनरल ने बयान जारी कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

इससे पहले 15 जनवरी को इसी शहर में हनुमान मंदिर में तोड़-फोड़ हुई। नवंबर में पहली बार ब्रैम्पटन शहर में हिंदू सभा मंदिर और जगन्नाथ मंदिर में तोड़फोड़ की वारदात सामने आई थी।

**कनाडा में खालिस्तानियों की वजह से भारतीय राजदूत का प्लान कैंसिल** - महात्मा गांधी की मूर्ति तोड़ने की घटना से ठीक पहले कनाडा की सरकार ने खालिस्तानियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का आश्वसन दिया था। दरअसल, कनाडा के शहर ओटावा में खालिस्तानियों ने एक प्रदर्शन किया था। इसमें प्रदर्शनकारियों ने एक भारतीय पत्रकार के साथ अभद्रता भी की थी।

# जाति-आधारित भेदभाव वाले कानून के खिलाफ भारतीय-अमेरिकी, निकाली शांतिपूर्ण रैली

**वाशिंगटन।**

**कैलिफोर्निया में बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने जाति-आधारित भेदभाव वाले कानून के खिलाफ शांतिपूर्ण रैली। उन्होंने राज्य के सीनेट में जाति-आधारित भेदभाव पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाले एक विधेयक को पेश करने के लिए एक लोकतांत्रिक सीनेटर के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने को लेकर रैली निकाली।**


### मार्च में विधेयक किया था पेश

राज्य के सीनेट में चुनी गई पहली मुस्लिम और अफगान अमेरिकी आइशा वहाब ने 22 मार्च को यह विधेयक पेश किया था। यदि बिल पारित हो जाता है, तो अमेरिका का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य कैलिफोर्निया जाति-आधारित पूर्वाग्रह को खत्म करने वाला देश का पहला राज्य भी बन सकता है।

वहाब ने विधेयक पेश करने के बाद कहा था कि यह ऐतिहासिक विधेयक श्रमिकों के अधिकारों, महिलाओं के अधिकारों, समलैंगिक अधिकारों और नागरिक अधिकारों की बात करता है। कई संगठनों एवं प्रभावशाली लोगों ने इस विधेयक की प्रशंसा की है, लेकिन कई भारतीय-अमेरिकियों को डर है कि सरकारी नीति में जाति को संहिताबद्ध करने से अमेरिका में हिंदूफोबिया (हिंदू धर्म के खिलाफ नकारात्मक अवधारणा एवं असहिष्णुता) के कारण होने वाली घटनाएं बढ़ेंगी।

### हिंदू गठबंधन ने किया विरोध

वहीं, उत्तरी अमेरिका के हिंदू गठबंधन या कोलिशन ऑफ हिंदूस ऑफ नॉर्थ अमेरिका ने इसका विरोध किया है। उन्होंने शांति रैली निकालकर कहा कि बहाव द्वारा पेश किया गया कानून सभी के लिए समानता और न्याय के मौलिक सिद्धांतों के खिलाफ है, चाहे उनकी जाति, धर्म और वंश कुछ भी हो। फ्रेमोंट शहर के रहने वाले व तकनीकी कार्यकर्ता हर्ष सिंह ने कहा कि यह बिल नफरत को बढ़ाएगा। कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कैलिफोर्निया के सांसदों से अपील की कि वे हिंदुओं को अलग न करें और न ही उनके हिंदू होने के कारण यह मानकर बैठ जाएं कि वे दोषी हैं।



### जाति आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाला पहला शहर सिएटल

अमेरिका में सिएटल शहर जाति आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करने वाला पहला शहर बन गया है। भारतीय-अमेरिकी नेता एवं अर्थशास्त्री क्षमा सावंत ने सिएटल सिटी काउंसिल में भेदभाव न करने की नीति में जाति को शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे एक के मुकाबले छह मतों से पारित कर दिया गया है। क्षमा सावंत के प्रस्ताव को सिएटल के सदन की मंजूरी मिल गई है। अमेरिका में जाति आधारित भेदभाव के मामले पर इस मत परिणाम के दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। यह कदम शहर के दक्षिण एशियाई प्रवासियों, विशेष रूप से भारतीय और हिंदू समुदायों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भारत की जाति व्यवस्था दुनिया में सबसे पुरानी है। भारतीय-अमेरिकी सिएटल सिटी काउंसिल की सदस्य क्षमा सावंत ने कहा, जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई सभी प्रकार के उत्पीड़न से जुड़ी हुई है।

### आंदोलन को आगे बढ़ाना होगा

सावंत ने प्रस्ताव पारित होने के बाद कहा, यह आधिकारिक हो गया है। हमारे आंदोलन के कारण सिएटल में जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो देश में पहली बार हुआ है। इस जीत को देशभर में फैलाने के लिए हमें इस आंदोलन को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हमें ये समझने की जरूरत है कि भले ही अमेरिका में भेदभाव उस तरह नहीं दिखता, जैसा कि दक्षिण एशिया में हर जगह दिखता है, लेकिन यहां भी भेदभाव एक सच्चाई है।

# भाजपा सरकार की नीतियों का अनुसरण कर रहा पूरा विश्व : कै. भूपेंद्र

## स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष ने दी कार्यकर्ताओं को बधाई



**हिसार( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र ने कहा है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों का पूरा विश्व अनुसरण कर रहा है। यह सब पार्टी की नीतियों व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का परिणाम हैं। कैप्टन भूपेंद्र गुरूवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी स्थापना दिवस व श्री हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि आगामी समय में पार्टी और प्रगति करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देशानुसार आज स्थापना दिवस पर पांच लाख झंडे लगाने का कार्यक्रम है और उन्हें खुशी व विश्वास है कि हिसार जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस अभियान में भाग लेते हुए इस लक्ष्य को पूरा करने में अपनी महती भूमिका निभाई है। पार्टी जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसले के तहत जिलेभर में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने व पन्ना प्रमुखों के घरों पर पार्टी के झंडे लगाए और बूथ अध्यक्ष या किसी अन्य कार्यकर्ता के घर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन सुना। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ज्वाइन बीजेपी नाम का लेखन भी किया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से जिला महामंत्री प्रवीण पोपली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीमा गैबीपुर, नरेश नैन, कार्यालय प्रमुख हेमंत शर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख अनिल केरो, अश्वनी नारंग एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस से आप में आए रिंकू होंगे जालंधर से पार्टी प्रत्याशी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** जालंधर लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के दौरान सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सुशील कुमार रिंकू को पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया है। रिंकू बुधवार को ही कांग्रेस छोड़कर आआपा में शामिल हुए थे। आआपा द्वारा रिंकू को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कांग्रेस ने सरकार को घेर लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को ट्वीट करके सुशील कुमार रिंकू को जालंधर से प्रत्याशी घोषित करने के बारे में जानकारी दी। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस पार्टी में थे और वो कल ही आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। कांग्रेस के बाद आम आदमी पार्टी दूसरी ऐसी पार्टी बन गई है, जिसने जालंधर उपचुनाव के लिए उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने दिवंगत सांसद संतोष चौधरी की पत्नी कर्मजीत कौर को चुनावी मैदान में उतार रखा है। भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल-बसपा गठजोड़ ने अभी तक अपने उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है।

# शहीदों के माता-पिता को मिलेगा वीर माता-पिता का पहचान-पत्र



**जयपुर ( हिंस )।** राज्यपाल कलराज मिश्र की पहल पर सैनिक कल्याण विभाग द्वारा अब शहीद माता को *वीर माता* और शहीद पिता को *वीर पिता* पहचान पत्र जारी किया जाएगा। इसी तरह शहीद सैनिकों और गैलेंट्री अवार्ड से अलंकृत सैनिकों के नाम से विद्यालयों या सार्वजनिक स्थलों के नामकरण की नीति में सरलीकरण किया जाएगा। राज्यपाल ने इस संबंध में प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित कर कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में राजभवन में गुरुवार को सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक में राज्यपाल मिश्र ने पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा, राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल, उपाध्यक्ष राम सहाय बाजिया, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित विभिन्न विभागों एवं सेना के अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को समाज में समुचित सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों के आश्रितों की सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक समस्याओं का समाधान करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए ताकि इनका अधिकाधिक लाभ पूर्व सैनिक और उनके परिजन ले सकें। सैनिक कल्याण विभाग मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों और शहीदों के आश्रितों के कल्याण के लिए महती कार्य किए हैं। उन्होंने शहीद आश्रितों को भूमि आवंटन के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया।

# भाजपा ने स्थापना दिवस कमल संकल्प उत्सव के रूप में मनाया



**झालावाड़ ( हिंस )।** सांसद कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को पार्टी का स्थापना दिवस कमल संकल्प उत्सव मनाया गया है। समारोह में पार्टी इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन ने कार्यकर्ताओं को 1952 से 1977 के सफर के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा को देश की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में हमारे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ा संघर्ष किया है। बलिदान दिया, सीने पर गोलियां तक खाई। इसके बाद जाकर पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन बनी हैं। इस पर सभी को गर्व हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी को अभी से ही जुटना हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ सशक्तीकरण के काम में तेजी लाएं। कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला मंत्री अनूप गौतम ने उद्बोधन देते हुए बताया कि पार्टी ने इस बड़े मुकाम पर पहुंचने के लिए कार्यकर्ताओं ने सालों तक भूखे प्यासे रहकर काम किया हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन धाभाई, मंत्री यतन यादव, जिला महामंत्री संजय वर्मा, सियाराम अग्रवाल मंचासीन रहे।

# भारत की महिलाओं को आज भी बराबरी का हक नहीं: दीपिका चावला



**गुरुग्राम ( हिंस )।** प्रसिद्ध टेडक्स स्पीकर व फॉर्च्यूनर 100 की उपाध्यक्ष दीपिका चावला ने कहा कि आज भी महिलाओं को बराबरी का हक पूरी तरह से नहीं मिला। बात करें राजनीतिक क्षेत्र की तो सिर्फ 22 प्रतिशत महिलाएं ही इस क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 2020 की जेंडर रिपोर्ट की बात करें तो सिर्फ भारत ही टॉप-10 ऐसे देशों में आता है, जहां महिलाएं आज भी बराबरी के लिए लड़ रही हैं। यह बात उन्होंने गुरुवार को एसजीटी यूनिवर्सिटी में महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित व्याख्यानमाला में बोलते हुए कही। दीपिका चावला ने कहा कि यदि महिलाएं इन 5 चीजें जैसे अपने लिए खड़े रहना, अपनी वेल्यू को पहचानना, अपने लिए कदम आगे बढ़ाना, पूछने की हिम्मत रखना, अपने लिए अपने आप से पूछना कि आप जिंदगी में आप क्या चाहते हैं, इस पर काम कर ले तो उन्हें जिंदगी में आगे बढने् से कोई नहीं रोक सकता। अपनी पावरफुल स्पीच की दौरान दीपिका चावला ने कार्यक्रम मौजूद महिलाओं से उनकी जिंदगी से जुड़ी कहानियां सुनी। महिलाओं ने बताया कि किस तरह से वो आगे बढ़ी और आज किस मुकाम पर हैं। जिसके बाद उन्होंने हर कहानी सुनाने वाली महिला को अपनी लिखी हुई किताब भेंट स्वरूप दी। फैकल्टी ऑफ बिहेवियरल साइंसेज से प्रोफेसर व एडवाइजर डॉ. वहीदा खान ने कहा कि एसजीटी यूनिवर्सिटी में 50 प्रतिशत महिलाएं, टीचिंग फैकल्टी, नॉन टीचिंग फैकल्टी और छात्राएं हैं। यूनिवर्सिटी में अनुकूलित वातावरण दिया जाता है, ताकि वो खुलकर काम कर सकें। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के सेंट्रल कोआर्डिनेशन सेल द्वारा वूमेन लीडरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत शुरू की गई व्याख्यानमाला के तह हुआ। इस मौके पर ऑफिस ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स के डीन रजनीश वधवा व एसजीटी यूनिवर्सिटी के एडवाइजर राजीव गुलाटी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से अमृतपाल के वकीलों को फटकार

**चंडीगढ़( हिंस )।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के वकीलों को फटकार लगाते हुए कहा है कि आरोपी इस समय असम की जेल में हैं और पुलिस इस बारे में अधिकृत रूप से बता चुकी है। इसके बावजूद बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के माध्यम से वारंट आफिसर नियुक्त करने की मांग का कोई औचित्य नहीं है। अमृतपाल सिंह के वकील इमान सिंह खैहरा की तरफ से अमृतपाल समर्थक प्रधानमंत्री बाजेके समेत पांच लोगों के बारे में दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान यह कार्रवाई हुई है। वारिस पंजाब दे संस्था के लीगल एडवाइजर ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की थी। इसमें अमृतपाल के साथ असम की डिब्रुगढ़ जेल भेजे गए प्रधानमंत्री बाजेके का नाम भी शामिल था। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को सुनवाई हुई तो हाई कोर्ट ने कहा कि बाजेके पर एनएसए लगा हुआ है। वह असम की जेल में है। यह भी आपको पता है, फिर किस आधार पर यह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की गई है। किस आधार पर असम जेल की लेडी सुपरिटेंडेंट को इसमें बाई नेम पार्टी बनाया गया है। क्या वकील को बेसिक कानून की भी जानकारी नहीं है।

# चुनाव आयोग की जम्मू-कश्मीर की प्रस्तावित यात्रा ने बढ़ाई राजनीतिक दलों की उम्मीदें

**श्रीनगर ( हिंस )।** भारत के चुनाव आयोग की जम्मू-कश्मीर की प्रस्तावित यात्रा इस महीने होने की संभावना ने राजनीतिक दलों की उम्मीदें बढ़ा दी हैं कि इस केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव इस साल हो सकते हैं। पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में जम्मू और कश्मीर में हुआ था, पांच साल पहले तत्कालीन राज्य को 5 अगस्त, 2019 को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। इसके बाद केंद्र ने जम्मू-कश्मीर के लिए एक परिसीमन आयोग का गठन किया गया था जिसने पिछले साल अक्तूबर में अपनी रिपोर्ट सौंपी। हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि पोल पैनल को पता था कि केंद्र शासित प्रदेश में एक खालीपन है जिसे भरने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव मौसम और सुरक्षा चिंताओं सहित विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए होंगे। जबकि ईसीआई ने अभी यात्रा की घोषणा नहीं की है लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्टों ने सुझाव दिया है कि यह इसी महीने हो सकती है। भाजपा नेता अंद्राबी ने कहा कि जब भी चुनाव आयोग चुनाव कराने का फैसला करेगा उनकी पार्टी और उसके कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और लोकतंत्र का मतलब चुनाव है। हमारी पार्टी और हमारे कार्यकर्ता कभी भी चुनाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कराने के लिए स्थिति अच्छी है लेकिन अंतिम फैसला चुनाव आयोग करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि चुनाव जल्द से जल्द हों। हम कश्मीर को आगे ले जाना चाहते हैं लेकिन हम फैसला चुनाव आयोग पर छो? देंगे। अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग की प्रस्तावित यात्रा एक स्वागत योग्य कदम है और चुनाव कराने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का दौरा लंबे समय से लंबित है क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोग चुनाव के लिए तरस रहे हैं। बुखारी ने कहा कि यात्रा को एलजी द्वारा दिए गए बयानों के आलोक में सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है, जिन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन किसी भी समय चुनाव कराने के लिए तैयार है। डार ने कहा कि हमारा तर्क और हमारे बिंदु समान हैं कि विधानसभा चुनाव कराने के बारे में संबंधित एजेंसियों द्वारा कोई स्पष्ट प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# सही मायने में किसान हितैषी थे चौधरी देवीलाल : दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल सही मायने में किसान हितैषी थे, जिन्होंने किसान की पीड़ा को बखूबी न केवल समझा बल्कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उसे दूर करने का हर संभव प्रयास भी किया। इसी कारण उन्हें आज भी किसानों के मसीहा के तौर पर याद किया जाता है। यह बातें डिप्टी सीएम ने गुरुवार को जननायक चौधरी देवीलाल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नई दिल्ली स्थित उनकी समाधि *संघर्ष स्थल* पर पुष्प अर्पित करने के बाद कही। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पहले किसानों के ट्रैक्टर पर जो टैक्स के तौर पर टोकन फीस लगती थी, जननायक चौधरी देवीलाल ने उसे वर्ष 1977 में माफ किया और कानून बनाकर ट्रैक्टर को हर प्रकार के टैक्स से मुक्त किया, क्योंकि ट्रैक्टर को किसान अपने खेत के काम के लिए प्रयोग करता है। इसी प्रकार जब वर्ष 1987 में सत्ता के प्रमुख बने तो प्रदेश के किसानों का दस हजार तक का कर्ज बिना किसी भेदभाव के माफ किया था। इस अवसर पर जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डॉक्टर केसी बांगड़, चेयरमैन राजेंद्र लितानी, दिनेश डागर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जी को नमन किया और अपनी ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# ड्यूटी के पहले दिन पीड़िता बनकर थाने पहुंची डीसीपी पूजा वशिष्ठ, दी शिकायत



**फरीदाबाद ( हिंस )।** डीसीपी सेंट्रल के पद पर नव नियुक्त आईपीएस पूजा वशिष्ठ ने गुरुवार को ड्यूटी के पहले ही दिन पुलिस व आमजन के बीच के संबंधों की जांच करने के लिए पीड़िता बन कर सेक्टर 31 थाने में शिकायत दी। जिस पर थाने की तरफ से शिकायत के प्रति बेहतरीन रिस्पांस दिया गया और कानून के तहत उचित कार्रवाई अमल में लाई गई। थाने द्वारा की गई उचित कानूनी कार्रवाई को देखकर डीसीपी प्रसन्न हुईं और उनके कार्यों की सराहना की। पूजा वशिष्ठ 2018 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं और हिसार से ट्रांसफर होने के बाद फरीदाबाद में डीसीपी सेंट्रल के पद पर नियुक्त की गई हैं। हिसार में वह एडिशनल एसपी के पद पर नियुक्त थीं। ड्यूटी ज्वाइन करते ही सबसे पहले पुलिस का जनता के प्रति रवैया तथा उनके कामकाज की जांच करने के लिए वह सादी वर्दी में थाना सेक्टर-31 पहुंची और एक शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह सेक्टर 31 की मार्केट में खरीदारी करने गई थीं, जहां पर एक व्यक्ति ने उनका रास्ता रोका और उनके साथ बदतमीजी करते हुए हाथ पकड़ा तथा एक पर्ची दी जिस पर एक मोबाइल नंबर लिखा था। शिकायत में पीड़िता ने उक्त आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। थाने में कोई पुलिस कर्मी डीसीपी को पहचान नहीं पाया और सभी उन्हें एक पीड़ित महिला समझ रहे थे। थाने की तरफ से एसआई गीता, उप निरीक्षक उमेश कुमार तथा सिपाही संदीप द्वारा शिकायत को समझा गया। शिकायत में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करके आरोपी को थाने में आने के लिए कहा गया और जब बार-बार बुलाने पर भी आरोपी नहीं आया तो थाने की तरफ से शिकायत को रिकॉर्ड में दर्ज करके लीगल एडवाइजर को थाने में बुलाकर कानूनी कार्रवाई की गई। इस दौरान डीसीपी काफी समय तक सादी वर्दी में थाने में बैठी रहीं और पुलिस कर्मियों के कार्यों का निरीक्षण करती रहीं। थाना पुलिस कर्मी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने ही वाले थे कि डीसीपी ने उन्हें बताया कि वह पूजा वशिष्ठ डीसीपी सेंट्रल हैं और थाने के काम-काज को चेक करने के लिए वह यहां आई थीं। डीसीपी ने थाने के अधिकारियों व कर्मचारियों की उनकी शिकायत पर की गई त्वरित कार्रवाई के लिए उनकी सराहना की तथा इसी प्रकार भविष्य में पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पाकिस्तानी मदरसे से भागे युवक को भारत ने 15 माह बाद अटारी बॉर्डर के रास्ते वापस भेजा



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** करीब दो साल पहले गलती से भारतीय सीमा में दाखिल हुए 19 वर्षीय पाकिस्तानी युवक को बीएसएफ ने गुरुवार को अटारी बॉर्डर के रास्ते वापस पाकिस्तान भेज दिया। पाकिस्तानी नागरिक जुलकर नैण 15 महीने पहले गलती से भारतीय सीमा में दाखिल हो गया था। उसे भारत में 7 महीने की सजा हुई थी, लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी न होने के चलते वह 15 महीने तक कैद में रहा। जुलकर ने बताया कि वह पाकिस्तान में गांव जंडू कलां मंडी बहावल दीन का रहने वाला है। उसके पिता जदर इकबाली पेशे से डॉक्टर हैं। उसने बताया कि वह दसवीं कक्षा में पढ़ता था। उस पर पढ़ाई का काफी जोर था। मदरसे में दिन में उसे 2 बार पढ़ना पड़ता था, जिससे परेशान होकर वह मदरसे से भाग गया। एक दिन वह भारत-पाकिस्तान सरहद के पास टहल रहा था कि गलती से भारतीय सीमा में आ गया। बीएसएफ जवानों ने उसे पकड़ कर अजनाला कोर्ट में पेश किया, जहां उसका ट्रायल चला और उसे सात महीने की सजा हुई थी। उसे अमृतसर की केंद्रीय जेल में भेज दिया गया। जुलकर ने बताया कि उसकी सजा आठ महीने पहले ही खत्म हो गई थी, लेकिन दोनों देशों के बीच कागजी कार्रवाई में देरी होने से वह 15 महीनों के बाद रिहा हो पाया है। इस दौरान उसका परिवार वालों से कोई संपर्क नहीं हुआ। अब लगभग डेढ़ साल बाद पाकिस्तान जाकर अपने परिवार से मिल सकेगा।

# महिलाओं से दोस्ती कर धोखाधड़ी से रुपए ऐंठने वाले नाइजीरियन समेत चार गिरफ्तार




**गुरुग्राम ( हिंस )।** सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं से दोस्ती करके उनसे ठगी करने के मामलें में पुलिस ने फिर एक बार नाइजीरियन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इस तरह से ठगी के मामलों में नाइजीरियन की संलिप्तता जरूर मिलती है। जानकारी के अनुसार 22 मार्च 2023 को एक महिला ने पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व में शिकायत दी थी। जिसमें कहा गया कि जनवरी 2023 में उसके पास एक इंस्टाग्राम आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। जिसमें उस व्यक्ति ने अपना परिचय यूके में डॉक्टर के रूप में दिया। फिर उनकी आपस मे बात होने लगी। एक दिन उस व्यक्ति ने कहा कि उसने उसके लिए गोल्ड और 20000 पाउंड भेजे हैं। महिला के मुताबिक 30 जनवरी 2023 को उसके पास एक लड़की का फोन आया। जिसने अपने आपको कोरियर कंपनी से बताते हुए कहा कि उसके नाम का गोल्ड और विदेशी मुद्रा आई हुई है। जिसको लेने के लिए उसे 55000 रुपए टैक्स देना होगा। उसके कहने अनुसार महिला ने 55000 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद टैक्स के नाम पर 327920 और ट्रांसफर करवा लिए गए। इसके बाद उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे कुल 1600000 ठग लिए।

# हनुमान जन्मोत्सव पर अलवर में गूंजे बजरंगबली के जयकारे



**अलवर ( हिंस )।** हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। हनुमान मंदिरों में बजरंगबली के जयकारे गूंजे। अलवर शहर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में केडलगंज से ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा को मंत्री टीकाराम जूली, शहर विधायक संजय शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, सभापति घनश्याम गुर्जर, कांग्रेस नेत्री श्वेता सैनी आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ध्वजयात्रा शहर के मुख्य मार्गों सहित बाजार से होती हुई अकबरपुर पहुंची। शोभायात्रा में ढोल, नगाड़े, डीजे, प्याऊ के साथ भगवानों की विभिन्न प्रकार की झांकियां सजी हुई थी। डीजे पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा का अनेक जगह स्वागत हुआ। अकबरपुर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। इस अवसर पर संयोजक राजकुमार गोयल, खेमचंद शर्मा, संयुक्त व्यापार महासंघ जिला अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, टेंट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, विहिप शहर अध्यक्ष रमेश नरवानी, मंडी आडतिया यूनियन के संरक्षक पप्पू भाई प्रधान, अध्यक्ष देवेंद्र छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरव कालरा, पंडित जले सिंह, बोनी पहलवान, कमल, मनीष आर्य, धीर सिंह गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद रहे। हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ध्वज यात्री ध्वज लेकर पैदल चल रहे थे। यात्री केडलगंज हनुमान मंदिर से अकबरपुर हनुमान मंदिर तक पैदल ही ध्वज लेकर जाएंगे। शोभा यात्रा के दौरान भोलेनाथ और हनुमान जी का विराट स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा। विशाल पागल एंड ग्रुप के विशाल शर्मा ने बताया कि अलवर में इस तरह का रूप भगवान का पहली बार देखने को मिल रहा है। यह उनके ग्रुप द्वारा तैयार किया गया है। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी तैनात रहे। शहर में जहां जहां से शोभायात्रा निकली पुलिसकर्मी शोभायात्रा के साथ चलते रहे।



# सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में नरमी, मामूली बढ़ा रोजगार

**नई दिल्ली।**

**नए कारोबारी ऑर्डर मिलने की गति धीमी पड़ने की वजह से देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नरम पड़ गईं। हालांकि, रोजगार में मामूली वृद्धि देखी गई।**

जारी मासिक सर्वे के मुताबिक, एसएंडपी ग्लोबल भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में घटकर 57.8 रह गया। फरवरी में यह 12 साल के उच्च स्तर 59.4 पर पहुंच गया था। सेवा क्षेत्र की गतिविधियां लगातार 20वें महीने बढ़ी हैं।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की संयुक्त निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलियाना डी लीमा ने कहा, 2022-23 की अंतिम तिमाही के अंत में सेवा क्षेत्र फरवरी में मिली गति के बूते आगे बढ़ा। नए कारोबारी ऑर्डर व उत्पादन में वृद्धि से इसे समर्थन मिला। हालांकि, वृद्धि का मुख्य कारक विनिर्माण क्षेत्र ही रहा। मौजूदा जरूरतों के लिए कंपनियों के पास पर्याप्त क्षमता है। इससे सेवा क्षेत्र में रोजगार मामूली रूप से बढ़ा है। हालांकि, इसमें लगातार 10वें महीने बढ़ोतरी देख गई है। किराये पर ऑफिस लेने में भारतीयों ने अमेरिकी कंपनियों को पीछे छोड़ा।

## सात बड़े शहर...22प्रतिशत ज्यादा बिके 1.5 करोड़ से महंगे घर: होम लोन की दरें बढ़ीं, फिर भी मार्च तिमाही में 20प्रतिशत ज्यादा बिके मकान

**नई दिल्ली।** जनवरी-मार्च तिमाही में देश के 7 बड़े शहरों में 62 हजार मकान बिके। ये 2022 की समान तिमाही में बिके मकानों से 20प्रतिशत ज्यादा हैं। देश में मकानों की बिक्री ऐसे समय बढ़ी है, जब रेपो रेट बढ़ाने से होम लोन महंगा होने के बीच मकानों के दाम 4-12प्रतिशत बढ़े हैं। रियल एस्टेट सर्विस कंपनी छ्रूकी रिपोर्ट के मुताबिक, देश के प्रमुख हाउसिंग मार्केट में कुल बिके मकानों में 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाले मकानों की हिस्सेदारी बढ़कर 22प्रतिशत हो गई। 2022 की मार्च तिमाही में ये आंकड़ा 18प्रतिशत था। कुल बिक्री में किफायती सेगमेंट यानी 50 लाख रुपए से कम दाम के मकानों की हिस्सेदारी 22प्रतिशत से घटकर 18प्रतिशत रह गई। मिड सेगमेंट यानी 50-75 लाख कीमत के मकानों की हिस्सेदारी करीब 25प्रतिशत रही। टॉप 7 रेसीडेंशियल मार्केट मुंबई, दिल्ली, बैंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंक एफडी और टाइम डिपॉजिट अकाउंट: कहाँ निवेश करना ज्यादा फायदेमंद




**नई दिल्ली।** सरकार ने पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। अब इस स्कीम में निवेश करने पर आपको 7.5प्रतिशत तक का ब्याज मिलेगा। इस स्कीम में बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिल रहा है। हम आपको देश के प्रमुख बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दर और टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में बता रहे हैं। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश करके ज्यादा फायदा कमा सकें। यह एक तरह की एफडी ही है। इसमें एक तय अवधि के लिए निवेश करके आप निश्चित रिटर्न पा सकते हैं। टाइम डिपॉजिट अकाउंट 1 से 5 साल तक की अवधि के लिए 6.8 से 7.5प्रतिशत तक ब्याज दर की पेशकश करता। इसमें 1000 रुपए का मिनिमम निवेश करना होता है। वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट: इसमें अधिकतम ब्याज 7.5प्रतिशत मिल रहा है ऐसे में रूल 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में 9 साल 6 महीने का समय लगेगा। फिक्स्ड डिपॉजिट: देश के प्रमुख बैंक एफडी पर अधिकतम ब्याज 7प्रतिशत दे रहे हैं। ऐसे में रूल 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में 10 साल 3 महीने का समय लगेगा। टाइम डिपॉजिट स्कीम और एफडी में 5 साल के लिए निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80ष्ट के तहत टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। इसके तहत 1.50 लाख रुपए तक के निवेश पर आप इनकम टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। अगर आप कम समय यानी 1 या 2 साल के लिए एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं तो एसबीआई, एचडीएफसी या आईसीआईसीआई में कराना सही रहेगा।

### 30 जून तक आधार से लिंक नहीं कराया पैन तो देना होगा ज्यादा जुर्माना

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पैन से आधार को लिंक करने में देरी पर लग रहे जुर्माने का बचाव किया है।




आधार से पैन की लिकिंग 31 मार्च 2022 तक मुफ्त था उसके बाद 1 अप्रैल 2022 से उस पर 500 रुपये जुर्माने का प्रावधान कर दिया गया। जिसे जुलाई महीने में बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया। फिलहाल स्थिति यह है कि अगर 30 जून 2023 आधार से पैन कार्ड लिंक नहीं किया गया तो वह निष्क्रिय हो जाएगा। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि आधार से पैन को लिंक कराने के लिए पूर्व में काफी समय दिया गया था। आधार से पैन को अब तक लिंक हो जाना चाहिए था। जिन लोगों ने ऐसा अब तक नहीं कराया है उन्हें तत्काल ऐसा करा लेना चाहिए। अगर वर्तमान में तय समयसीमा समाप्त हो जाती है तो जुर्माने में और इजाफा किया जाएगा। वित्त मंत्रालय की ओर से बीते 28 मार्च को जारी एक बयान के अनुसार टीडीएस और टीसीएस से जुड़ी परेशानियों से बचने के लिए हर व्यक्ति को अपना आधार पैन कार्ड के साथ हर हाल में लिंक करवा लेना चाहिए। अगर लोगों ने ऐसा नहीं किया तो उनका पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा और उन्हें टीडीएस और टीसीएस का क्लेम हासिल करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### गर्मी और आर्थिक सुधार से देश में बिजली उत्पादन की रफ्तार 33 साल में सबसे तेज



**नई दिल्ली।** देश में बिजली उत्पादन हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 33 साल में सबसे तेज गति से बढ़ा है। इस दौरान कोयले से चलने और नवीकरणीय संयंत्रों दोनों से उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 में बिजली उत्पादन 11.5 फीसदी बढ़कर 1,591.11 अरब किलोवॉट पहुंच गया। यह मार्च, 1990 के बाद 33 साल में सबसे तेज बिजली उत्पादन है। इन आंकड़ों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा कि गर्मी की तेज लहरें, उत्तर भारत में सामान्य से अधिक ठंड और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से देश में बिजली की मांग बढ़ गई। इस बीच, बिजली कटौती की समस्या से बचने के लिए भारत को कोयला और जीवाश्म ईंधन से चलने वाले संयंत्रों के जरिये उत्पादन बढ़ाना पड़ा। बीते वित्त वर्ष के दौरान कोयले से चलने वाले संयंत्रों से बिजली उत्पादन 12.4प्रतिशत बढ़कर 1,162.91 अरब किलोवॉट पहुंच गया।

# रेपो रेट 6.5प्रतिशत ही रहेगी, आरबीआई गवर्नर बोले- एमपीसी ने इसे अपरिवर्तित रखने का फैसला किया

**मुंबई।**

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरू हो गई है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने इस बार रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। लगातार छह बार रेपो रेट बढ़ाने के बाद आरबीआई ने नए वित्तीय की पहली एमपीसी बैठक में इसे स्थिर रखा है। माना जा रहा था कि आरबीआई रेपो दर में फिर 0.25 फीसदी की वृद्धि कर सकता है। हालांकि केंद्रीय बैंक ने ऐसा नहीं किया है। एमपीसी बैठक की जानकारी देने और इस दौरान लिए गए फैसलों के बारे में बोलते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने ये बातें कही।

**एफवाय 24 में जीडीपी ग्रोथ 6.5प्रतिशत प्रतिशत रहने का अनुमान: आरबीआई** - फरवरी में हुई एमपीसी बैठक में रेपो दर को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.50 फीसदी किया गया था। उस समय आरबीआई ने कहा था कि खुदरा महंगाई को काबू में रखने और उच्च विकास दर को बनाए रखने के लिए प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। आरबीआई गवर्नर ने अपने बयान में कहा कि एमपीसी के सभी सदस्य रेपो रेट में बदलाव नहीं करने के पक्ष में थे। उन्होंने कहा कि भारत में बैंकिंग सेक्टर की स्थिति काफी मजबूत है। एफवाय 23 में देश में अनाज उत्पादन में 6प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आरबीआई के अनुसार एफवाय 24 में महंगाई में कमी का अनुमान है। उन्होंने कहा कि एफवाय 24 में जीडीपी ग्रोथ 6.5प्रतिशत प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने कहा कि एफवाय 23 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में चालू खाता घाटा जीडीपी का 2.7प्रतिशत रहा।

**एफवाय 24 में खुदरा महंगाई दर 5.2 प्रतिशत रह सकती है: आरबीआई गवर्नर** - गवर्नर शक्तिकांत ने महंगाई पर बोलते हुए कहा कि एफवाय 24 में खुदरा महंगाई दर 5.2 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने कहा कि मीडियम टर्म में महंगाई को तय सीमा के भीतर लाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जब तक महंगाई तय सीमा के भीतर नहीं आती है तब तक लड़ाई जारी रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने अनुमान जताया कि एफवाय 24 की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8प्रतिशत रह सकती है। दास ने कहा कि हाल के वर्षों में देश में निगरानी व्यवस्था मजबूत हुई है। लिक्विडिटी मैनेजमेंट पर आरबीआई की नजर बनी हुई है। रुपये की स्थिरता के लिए भी भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिशें जारी हैं। आरबीआई गवर्नर ने कंपनियों को कैपिटल बफर बनाने की सलाह दी है।



**वित्त मंत्री ने आरबीआई के फैसले का स्वागत किया** - केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंचमार्क दरों को अपरिवर्तित रखने के आरबीआई के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आरबीआई ने अच्छा फैसला किया है। आरबीआई की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर बनाये रखने पर अपनी सहमति दी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत या उससे नीचे रखा गया है। उन्होंने कहा कि मूल्य वृद्धि एक ऐसा मामला है जिस पर केंद्र बहुत संवेदनशील और उत्तरदायी है। सीतारमण ने कहा कि महामारी और संघर्ष का भारत की ओर से आयात की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों पर असर पड़ा है और सरकार ने सब्सिडी देने सहित कई कदम उठाए हैं।

**रेपो रेट में बदलाव नहीं करने के फैसले से रियल एस्टेट सेक्टर को मिलेगी मदद** - रिसर्च एंड रियल एस्टेट इंटेलिजेंस सर्विसेज, जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री और प्रमुख डॉ. सामंतक दास के अनुसार आरबीआई ने देश के मैक्रो-इकोनॉमिक लचीलापन, मजबूत बैंकिंग प्रणाली और मजबूत वित्तीय बाजारों का हवाला देते हुए रेपो दर को 6.5प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का साहसिक कदम उठाया है। इससे पहले लगातार छह बार ब्याज दरों में वृद्धि के प्रभाव का आकलन करने के लिए यह सही कदम है। यह रियल एस्टेट उद्योग जगत के लिए भी स्वागत योग्य कदम है। आरबीआई ने विभिन्न हितधारकों का ख्याल रखा है। भारत के हाउसिंग बाजार में 2023 की पहली तिमाही के दौरान बिक्री में 20प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और यह 15 साल के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया है। अप्रैल 2022 के बाद से होम लोन की ईएमआई में 15 से 17 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जबकि इस दौरान होम लोन करीब चार से 12 प्रतिशत तक महंगा हुआ है। ऐसे में रेपो रेट को अपरिवर्तित रखने के आरबीआई के फैसले से ग्राहकों और रियल एस्टेट सेक्टर को बहुत हद तक राहत मिलेगी।

**आरबीआई के पास नरम रुख अपनाने की पर्याप्त वजह** - बता दें कि एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा था कि आरबीआई के पास अब इस बात के पर्याप्त कारण मौजूद हैं कि वह अप्रैल की समीक्षा में रेपो दर में कोई वृद्धि न करे। तरलता के मोर्चे पर दिक्कतों के बावजूद केंद्रीय बैंक आगामी एमपीसी बैठक में नरम रुख अख्तियार कर सकता है।

**5.5प्रतिशत के करीब बनी रह सकती है महंगाई** - घोष ने कहा कि खुदरा महंगाई के मोर्चे पर फिलहाल बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 10 साल में औसत महंगाई दर 5.8 फीसदी रही है। इस बात की बहुत कम संभावना है कि आने वाले दिनों में खुदरा महंगाई 5.5 फीसदी या उससे नीचे आएगी। पिछले दो महीने से खुदरा महंगाईआरबीआई के 6 फीसदी के संतोषजनक दायरे से ऊपर रही है।फरवरी में खुदरा महंगाई 6.44 फीसदी और जनवरी में 6.52 फीसदी रही थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने आशंका जताई थी कि पिछले दो महीनों से खुदरा महंगाई के 6 फीसदी से ऊपर बने रहने और तरलता के भी तटस्थ हो जाने के बाद अनुमान है कि आरबीआई रेपो दर में 0.25 फीसदी की वृद्धि कर सकता है। साथ ही, वह संकेत दे सकता है कि दरों में बढ़ोतरी का दौर खत्म हो चुका है।

# अमित मालवीय का पी चिदंबरम पर जोरदार हमला, बोले- उनको या तो कुछ नहीं पता या जानबूझकर झूठ बोल रहे



**नई दिल्ली।**

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर काफी आलोचना करते हैं। चिदंबरम ने भारत की आर्थिक विकास दर पर अपनी तीखी टिप्पणी थी इसके बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस नेता जानबूझकर झूठ बोल रहे हैं। अमित मालवीय ने ट्वीट कर कहा कि पी चिदंबरम या तो आपको कुछ पता नहीं है या जानबूझकर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक (इंडिया डेवलपमेंट अपडेट दिनांक 1 अप्रैल, 2023) की रिपोर्ट, जिसमें आपने वैश्विक मंदी की स्थिति में भी भारत के विकास के लचीलेपन के बारे में बात की है। उन्होंने एक आर्टिकल का फोटो शेयर करते हुए भारत की आर्थिक विकास दर 7.7 फीसदी बढ़ते हुए दिखाई।

**पी. चिदंबरम ने सरकार पर लगाए थे आरोप** - पी. चिदंबरम ने ट्वीट करते हुए लिखा कि माननीय वित्त मंत्री कह रही हैं कि संसद में बजट पर कोई चर्चा नहीं हुई लेकिन बजट को बिना चर्चा के मंजूर करने के लिए कौन जिम्मेदार है भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्ता पक्ष ने हंगामा किया और संसद में चर्चा नहीं होने दी। एक अन्य ट्वीट में पूर्व वित्त मंत्री ने लिखा कि वर्ल्ड बैंक के अनुसार, मोदी सरकार की पांच साल (2019-24) की औसत विकास दर 4.08 प्रतिशत रहेगी। यहां तक कि कोरोना प्रभावित साल के बाद से लगातार वार्षिक विकास दर में गिरावट का रुझान दिख रहा है और सिर्फ सरकार ही विकास दर को लेकर शेखी बघार रही है। इसका जवाब देते हुए भाजपा आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस ने पूरे सत्र को नारेबाजी करने और तख्तियां ले जाने में बर्बाद कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा अध्यक्ष रिकॉर्ड में कह रहे हैं कि 10 घंटे वित्त विधेयक पर चर्चा के लिए थे। लोकसभा में, कांग्रेस माननीय अध्यक्ष पर कागज फेंक रही थी। क्या इस तरह कांग्रेस बहस चाहती थी कमाल है, दोगलापन सत्ता और विपक्ष के हंगामे के चलते बजट सत्र के दूसरे चरण में सदन का कार्यवाही नहीं चल पाई। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने एक बयान में संसद में बजट पर चर्चा ना होने पर नाराजगी जताई थी।

## खराब मौसम के कारण नुकसान मामूली, सरकार का अनुमान गेहूं का रिकॉर्ड 112 करोड़ टन होगा उत्पादन

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि सरकार को जून में समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2022-23 में 112.18 करोड़ टन गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन होने की उम्मीद है। सरकार ने फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में 112.18 करोड़ टन गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन होने का अनुमान जताया है। कुछ राज्यों में लू के कारण पिछले साल गेहूं का उत्पादन मामूली रूप से घटकर 107.74 करोड़ टन रह गया था।

उन्होंने कहा, पिछले दो हफ्तों में खराब मौसम के कारण गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है। लेकिन यह नुकसान न्यूनतम होगा। हमें 112.2 करोड़ टन के समग्र उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है। सचिव ने कहा कि मध्य प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए गुणवत्ता मानदंडों में ढील दी गई है और केंद्र जल्द ही पंजाब और हरियाणा में गेहूं खरीद के लिए गुणवत्ता मानदंडों में ढील देने पर फैसला करेगा।

राज्य के स्वामित्व वाले एफसीआई और राज्य एजेंसियों की ओर से खरीद पहले ही कई राज्यों में शुरू हो चुकी है। केंद्र ने कहा कि प्रमुख उत्पादक राज्यों में हाल की असामयिक बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं की लगभग 8-10 प्रतिशत फसल को नुकसान होने का अनुमान है, लेकिन देर से बोए गए क्षेत्रों में बेहतर उपज संभावनाओं से उत्पादन नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। हाल के खराब मौसम के बावजूद कृषि आयुक्त पीके सिंह ने कहा था कि मंत्रालय के दूसरे अनुमान के अनुसार इस साल देश का कुल गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 112.2 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा।



## क्रेडिट कार्ड की जगह बैंक जारी कर सकेंगे क्रेडिट लाइन: ये एक तरह का डिजिटल क्रेडिट कार्ड होगा, इसका इस्तेमाल यूपीआई के जरिए कर सकेंगे

**नई दिल्ली।**

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि बैंकों की प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइंस से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई को जोड़ा जाएगा। वहीं आरबीआई और नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यूपीआई अरेंजमेंट के लिए कई देशों के साथ चर्चा भी कर रहे हैं। इससे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के फुटप्रिंट में इजाफा होगा। आरबीआई गवर्नर ने मॉनेटरी पॉलिसी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बात कही।

**भारत-सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट की शुरुआत** - 2 महीने पहले पीएम नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के पीएम ली हसीन लूंग ने भारत और सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी की शुरुआत की थी। इसके लिए यूपीआई को सिंगापुर के पेनाऊ से जोड़ा गया है। दोनों देशों के लोग कोड या अपने बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए तुरंत (रियल टाइम) पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं। ये सर्विस 24×7 उपलब्ध है।

**प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइंस से यूपीआई को जोड़ा जाएगा** - आरबीआई गवर्नरने यूपीआई के जरिए बैंकों की और से प्री अप्रूव्ड क्रेडिट लाइनों के ऑपरेशन की अनुमति देकर यूपीआई के दायरे का विस्तार करने का प्रस्ताव भी दिया। यानी एक तरह से आपके पास एक डिजिटल क्रेडिट कार्ड होगा जिसका इस्तेमाल आप यूपीआई के जरिए कर सकेंगे। यस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड और लीड एनालिस्ट शिवाजी थपलियाल के मुताबिक, बैंक अब फिजिकल की जगह डिजिटल क्रेडिट कार्ड ऑफर कर सकेंगे। इसमें पीओएस/स्वाइप मशीन जैसे एक्सपेंसिव फिजिकल एक्सेप्टेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की भी जरूरत नहीं होगी।




**ग्राहकों को कैसे होगा फायदा** - ग्राहकों को अलग-अलग कार्ड कैरी नहीं करना पड़ेगा। अपने मोबाइल से ही यूपीआई के जरिए पेमेंट कर सकेंगे। समय की बचत होगी। क्रेडिट कार्ड बनने में थोड़ा समय लगता है। क्रेडिट लाइन अप्रूवल के बाद तुरंत मिल जाएगी। पॉइंट-ऑफ-परचेज क्रेडिट एक्सपीरियंस सीमलेस हो जाएगा। ये बीएनपीएल सेक्टर में ट्रांसफॉरमेशनल ग्रोथ ला सकता है।

**2016 में हुई यूपीआई की शुरुआत** - 2016 में यूपीआई की लॉन्चिंग के साथ ही डिजिटल पेमेंट की दुनिया में एक क्रांति आ गई। यूपीआई ने सीधे बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दी। इससे पहले डिजिटल वॉलेट का चलन था। वॉलेट में झंझट है, जबकि यूपीआई में ऐसा कुछ नहीं करना पड़ता। पेनाऊ सिंगापुर में एसोसिएशन ऑफ बैंक्स द्वारा विकसित यूपीआई की तरह का ही एक पेमेंट सिस्टम है।

### एपल का पहला स्टोर लॉन्च करने भारत आएंगे टिम कुक

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी कर सकते हैं एपल के सीईओ

**नई दिल्ली।**

एपल के सीईओ टिम कुक भारत आने वाले हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अपनी इस विजिट में वो भारत में एपल का पहला स्टोर लॉन्च करेंगे। एपल स्टोर लॉन्चिंग के अलावा टिम कुक अपनी इस विजिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।

एपल का भारत में पहला फ्लैगशिप रिटेल स्टोर एपल रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला जाएगा। ये मॉल मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में है। अप्रैल के अंत तक ये स्टोर ओपन हो सकता है।

**ऑफिशियल टीजर जारी किया, लिखा- हैलो मुंबई** - एपल ने मॉल में एक बैनर लगाया है, जिस पर लिखा है, एपल जल्द आ रहा है। इसमें लिखा है, हैलो मुंबई। हम भारत में अपने पहले स्टोर में आपका स्वागत करने के लिए तैयार हो रहे हैं।

**एक्सपोर्ट और मैन्युफैक्चरिंग पर होगी बात** - अपनी इस यात्रा के दौरान टिम कुक पीएम मोदी के अलावा कुछ प्रमुख मंत्रियों से भी मिलेंगे। वे मंत्रियों से एक्सपोर्ट और मैन्युफैक्चरिंग जैसे स्ट्रेटेजिक मुद्दों पर बातचीत भी करेंगे। गवर्मेंट ऑफिशियल्स के अलावा वे भारत के बिजनेस लीडर्स से भी मिलेंगे। टिम कुक की इस विजिट में एपल के रिटेल एंड पीपल की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डिएड्रे ओ ब्रायन उनके साथ रहेंगी। टिम कुक ने 2016 में भी अपनी भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। तब वे बॉलीवुड स्टार्स और भारत के टॉप एग्जीक्यूटिव्स से भी मिले थे। इतना ही नहीं उन्होंने क्रिकेट मैच अटेंड किया था और एपल के इंडिया ऑपरेशंस का रिव्यू भी किया था।

**एपल स्टोर से जुड़ी बड़ी बातें** - एपल का स्टोर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल के अंदर है। आउटलेट की डिजाइन मुंबई की आइकॉनिक काली-पीली टैक्सियों से इंस्पायर है। कंपनी के कई प्रोडक्ट्स और सर्विस एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेगी। एपल अपने स्टोर में आने वाले कस्टमर्स का वेलकम हैलो मुंबई ग्रीटिंग देकर करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक एपल का ये स्टोर अप्रैल के अंत तक शुरू हो जाएगा। भारत में अपने पहले आउटलेट के लिए एपल ने स्पेशल प्ले लिस्ट बनाई है।



एपल दूसरा स्टोर दिल्ली में खोल सकता है। मुंबई फ्लैगशिप स्टोर बना रहेगा। एपल डिवाइसेज एक्सचेंज कर सकेंगे ग्राहक ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, स्टोर में ग्राहक अपने एपल डिवाइसेज एक्सचेंज कर सकेंगे। इसके अलावा, उन्हें स्टोर से प्रोडक्ट खरीदने के लिए एपल स्टोर गिफ्ट कार्ड मिलेंगे। उन्हें जीनियस बार का ऑप्शन भी मिलेगा। इसमें एक्सपर्ट सर्विस और सपोर्ट दिया जाता है। बायर्स किसी भी डिवाइस का ऑनलाइन ऑर्डर देकर स्टोर से पिक कर सकेंगे।

**टिम कुक ने 2020 में की थी भारत में स्टोर खोलने की घोषणा** - कोविड-19 महामारी के कारण भारत में एपल स्टोर्स के लॉन्च में देरी हुई है। 2020 में एपल की ऐनुअल शेयरहोल्डर्स मीटिंग के दौरान सीईओ टिम कुक ने कहा था कि वे नहीं चाहते कि भारत में कोई और हमारे लिए ब्रांड चलाए। लेकिन 2021 में स्टोर खोलने का एपल का प्लान महामारी के कारण पटरी से उतर गया था। सालों से एपल के रिटेल पार्टनर बड़े और छोटे भारतीय शहरों में थर्ड-पार्टी स्टोर चला रहे हैं, लेकिन वैसा एक्सपीरिएंस नहीं दे पा रहे जैसा कि न्यूयॉर्क के एवेन्यू, लंदन की रीजेंट स्ट्रीट या सिंगापुर के मरीना बे में मिलता है। एपल के स्टोर दुनिया के कुछ सबसे सक्सेसफुल रिटेल आउटलेट हैं और बेहद फायदेमंद हैं। एपल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स ने 2001 में वर्जीनिया में पहला एपल स्टोर खोला था। तब कई लोगों ने उनके फेल होने की भविष्यवाणी की थी, लेकिन कंपनी के स्टोर खोलने की रणनीति बेहद सफल रही। एपल के अब 500 से ज्यादा रिटेल स्टोर हैं, जिनमें से ज्यादातर अमेरिका में हैं, इसके बाद चीन का नंबर है। एपल के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर भारत सरकार की 41,000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम का हिस्सा हैं। इस स्कीम के बाद ही भारत में आईफोन मैन्युफैक्चरिंग में तेजी आई है।

# सलार की शूटिंग कई लोकेशन पर

## -प्रशांत नील की प्रभास-स्टारर है सलार

**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ की फिल्म सलार की शूटिंग कई लोकेशन पर हो रही हैं ताकि लोगों को यह खूब पसंद आए। केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील प्रभास स्टारर इस फिल्म की टीम ने अपना लोकेशन बदलकर मटेरा किया जो इटली के दक्षिण में है। यह जगह अपनी प्रागैतिहासिक सफेदी वाली गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है। यहीं फिल्म की शूटिंग हो रही है। सलार प्रशांत नील द्वारा लिखित और निर्देशित और विजय किरागंदुर की होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित है। 2021 की जेम्स बॉन्ड फिल्म नो टाइम टू डाई की शूटिंग मटेरा में ही हुई थी। कई अन्य अंतरराष्ट्रीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां की गई है। सूत्रों के मुताबिक पैन-इंडिया फिल्म में प्रभास दोहरी भूमिका निभाते नजर आएंगे। कथानक का विवरण अभी अधूरा है, सलार को विभिन्न देशों के




दो युवाओं के बारे में कहा जाता है जो दूरी और सांस्कृतिक अंतर के बावजूद प्यार में पड़ जाते हैं और कई चुनौतियों को पार करते हैं। थ्रिलर की पहली किस्त 28 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेलुगु और कन्नड़, तमिल, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में डब किए गए संस्करणों में रिलीज होगी।यूनिट के सूत्रों ने बताया कि सलार प्रोडक्शन अब नेपल्स में स्थानांतरित हो गया है, जहां दक्षिणी बंदरगाह शहर के केंद्रीय पियाजा डेल प्लेबिस्किटो प्लाजा में फिल्मांकन की तैयारी चल रही है। स्थानीय पुलिस सेट बनाने में मदद कर रही है, जिसमें रात की शूटिंग के लिए ड्रोन और रोशनी का उपयोग शामिल है। मटेरा और नेपल्स के अलावा, अन्य सलार लोकेशन में रोम और बुडापेस्ट शामिल हैं।

# कुमार सानू की बेटी शैनन सिंगिंग के साथ अब करेंगी एक्टिंग

## शैनन ने शेयर किया अपकमिंग फिल्म चल जिन्दगी का मोशन पोस्टर


**मुंबई (ईएमएस)।** कुमार सानू की बेटी शैनन सिंगिंग के साथ-साथ एक्टिंग की दुनिया में भी कदम रखने जा रही हैं। शैनन ने सोशल मिडिया पर अपनी अपकमिंग फिल्म चल जिन्दगी का मोशन पोस्टर शेयर किया है। कुमार सानू ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट सॉन्ग दिए हैं। उनके गाने आज भी लोगों को उतने ही पसंद हैं, जितने उस जमाने में थे। कुमार सानू के सॉन्ग हर जनरेशन के लिए एक दम परफेक्ट हैं। कुमार सानू के गानों ने लोगों को प्यार करना सिखाया, इजहार करना सिखाया और उसे जाहिर करना भी। उल्लेखनीय है कि कुमार सानू की बेटी शैनन कुमार सानू एक इंडियन अमेरिकन सिंगर और सॉन्ग राइटर हैं। शैनन कुमार सानू को सभी शैनन के के नाम से जानते हैं। अब शैनन चल जिंदगी एक रोड ट्रिप पर बेस्ड फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसे विवेक शर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में शैनन के अपोजिट टीवी एक्टर विवेक दहिया नजर आएंगे। वहीं संजय मिश्रा, विवान शर्मा और मीता वशिष्ठ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।





उल्लेखनीय है कि शैनन के साथ ये विवेक की भी डेब्यू फिल्म है। इससे पहले उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। चल जिंदगी में शैनन ने अपने पिता के साथ मिलकर दो गानों को अपनी आवाज भी दी है। मेकर्स ने बीते कल फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसे शैनन ने भी अपने इंस्टाग्राम के जरिए शेयर किया है। शेनन अब तक लाइमलाइट से दूर ही रही हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें 3.4 मिलियन यानी 34 लाख से भी ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।

# अनुष्का शर्मा का करियर बर्बाद करना चाहते थे करण जौहर



बॉलीवुड के निमार्ता और निर्देशक करण जौहर एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो की वजह से चर्चा में हैं। करण जौहर पर अक्सर कई एक्टर्स का करियर बर्बाद करने के आरोप लगते रहे हैं। करण जौहर ने अनुष्का शर्मा का करियर तबाह करने की कोशिश की थी। इस बात को खुद करण जौहर ने इस वायरल हो रहे वीडियो में माना है। दरअसल, अनुष्का शर्मा की पहली फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' के लिए करण जौहर सोनम कपूर को कास्ट करना चाहते थे। उन्होंने इस संबंध में आदित्य चोपड़ा से अनुरोध किया था, लेकिन उस वक्त आदित्य चोपड़ा ने अनुष्का शर्मा को फिल्म में कास्ट कर लिया था। करण जौहर ने 2016 में 18वें ममी फेस्टिवल में कबूला था कि "मैं सच में अनुष्का शर्मा का करियर बर्बाद करना चाहता था, क्योंकि जब आदित्य चोपड़ा ने मुझे तस्वीर दिखाई तभी मैंने आदित्य को सलाह दी कि वह उसे न ले। उस वक्त मेरे दिमाग में अनुष्का की जगह किसी दूसरी एक्ट्रेस का नाम था।" करण ने कहा कि " अनुष्का की फिल्म 'बैंड बाजा बारात' देखने के बाद मैंने खुद अनुष्का को फोन किया, क्योंकि मुझे लगा कि उससे माफी मांगने के साथ ही उनकी सराहना करनी चाहिए। अगर उन जैसी महान अभिनेत्री का करियर बर्बाद हो जाता, तो मैं खुद को माफ नहीं कर पता।" ऑनलाइन साइट पर करण का ये वीडियो एक बार फिर से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने करण को फिर से ट्रोल कर दिया है। करण जौहर अब फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से बतौर निर्देशक वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं।

# द परफेक्ट कपल में नजर आएंगे ईशान



नेटफ्लिक्स पर आने वाली सीरीज द परफेक्ट कपल में हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन के साथ बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर नजर आएंगे। ईशान सीरीज में दूल्हे के बेस्ट फ्रेंड शूटर दिवाल का किरदार निभाएंगे। द परफेक्ट कपल में लिव श्राइबर, डकोटा फैनिंग और अन्य कलाकार भी हैं। एक्टर ने प्रोजेक्ट की घोषणा इंस्टाग्राम पर की और कैप्शन में लिखाः नई शुरूआत। नेटफ्लिक्स ने भी कास्ट की घोषणा को शेयर किया और ट्वीट कियाः द परफेक्ट कपल की कास्टिंग वास्तव में परफेक्ट है। उन्हें आखिरी बार फिल्म कैटरीना कैफ और सिद्धांत चतुवेर्दी स्टारर फिल्म फोन भूत में देखा गया था। ईशान इससे पहले मीरा नायर की ए सूटेबल बॉय में नजर आए।

# 'पुष्पा-2' को लेकर मेकर्स ने शेयर किया वीडियो, फैंस को दिया सरप्राइस

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना फिल्म 'पुष्पा-2' का इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'पुष्पा-2' का एक विडियो शेयर किया है। इस विडियो में डायरेक्टर सुकुमार ने फैंस को पुष्पराज की पहली झलक दिखाई है। शेयर हुए वीडियो में 'पुष्पा' को तिरुपति जेल से फरार दिखाया गया है। पुलिस किसी की तलाश में जुटी है और शहर में दंगे जैसे हालात पैदा हो गए हैं, लेकिन मेकर्स ने बताया कि यह सफर अभी खत्म नहीं हुआ है। पुष्पा राज की तलाश शुरू हो गई है, लेकिन जल्द ही उनकी एक और झलक देखने को मिलेगी। विडियो शेयर कर मेकर्स ने साफ किया कि पुष्पा-2 का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के एक दिन पहले रिलीज किया जाएगा। अल्लू अर्जुन का 8




अप्रैल को जन्मदिन है। इससे एक दिन पहले यानी 7 अप्रैल की शाम को पुष्पा द रूल की टीम फैंस को एक और सरप्राइस देगी। श्रीवल्ली उर्फ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आज अपना 27वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए उनकी आने वाली फिल्म 'पुष्पा-2' के निमार्ताओं ने श्रीवल्ली के प्रशंसकों को एक खास तोहफा दिया है। निर्देशक सुकुमार और उनकी पुष्पा फिल्म की टीम ने बेहद प्यारे पोस्टर के साथ अभिनेत्री को जन्मदिन की बधाई दी है। पोस्टर पर लिखा है, 'टीम पुष्पा द रूल' हमारी खूबसूरत श्रीवल्ली उर्फ रश्मिका मंदाना को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आप यूं ही लोगों का दिल जीतते रहें।

# नयनतारा ने सरोगेसी से दिया जुडवां बच्चे को जन्म



साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा ने सरोगेसी के जरिए जुडवा बच्चों को जन्म दिया है। नयनतारा एक अवॉर्ड फंक्शन में थीं, जहां उन्होंने अपने जुड़वा बच्चों के नामों के बारे में बताया, जिनके पहले नाम उयिर और उलागम हैं।नयनतारा को अपने जुड़वां लड़कों का पूरा नाम शेयर करने के लिए कहा गया और उन्होंने कहाः मेरा पहला बेटा उयिर रुद्रोनिल एन। शिवन है और मेरा दूसरा बेटा उलाग धैवाग एन. शिवन है। शादी के साल ही विग्नेश शिवन ने इंस्टाग्राम पर यह घोषणा की, कि उन्होंने सरोगेसी केजरिए जुड़वा बच्चों के पिता बन गए हैं। बता दें, जून 2022 में नयनतारा ने फिल्म निमार्ता विग्नेश शिवन से चेन्नई में एक अंतरंग समारोह में शादी की थी। शादी में रजनीकांत और शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार शामिल हुए थे।

# गर्लफ्रेंड की सैंडल हाथ में लिए नजर आये ऋतिक रोशन, तस्वीरें वायरल

मशहूर बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर ऋतिक रोशन और उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं हैं, जिनमें ऋतिक रोशन अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद की सैंडल अपने हाथ में लिए नजर आ रहे है। ऋतिक की इस फोटो को देखकर लोग हैरान हैं, लेकिन उनके फैंस खासकर लड़कियों को उनका ये अनोखा अंदाज काफी पसंद आ रहा है। ऋतिक की फोटो सोशल



मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। कई लड़कियां कमेंट कर कह रही हैं कि उन्हें भी ऋतिक रोशन जैसा बॉयफ्रेंड चाहिए। एक लड़की ने लिखा, "ऋतिक रोशन बेस्ट बॉयफ्रेंड हैं। अच्छा दिखने के अलावा उनसे लोगों को कुछ सीखना चाहिए कि किसी लड़की को स्पेशल फील कैसे कराया जाता है। एक अन्य लड़की ने लिखा, "ऐसा लड़का कब मिलेगा, जो हाथ में चप्पल लेकर घूमता है। ऋतिक रोशन कितने प्यारे हैं।" उन्होंने ऐसा रिएक्शन भी दिया है। इतना ही नहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, "दीवाना हो तो ऐसा। मुझे भी वही चाहिए।"

# तापसी पन्नू का आउट साइडर से बॉलीवुड की लीडिंग एक्ट्रेस तक का सफर

बॉलीवुड की एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री मानी जाने वाली तापसी पन्नू ने फिल्म उद्योग में शानदार 10 साल पूरे किए हैं। तापसी की पहली फिल्म चश्मे बद्दूर एक न्यूकमर से लेकर एक लीडिंग ऐक्ट्रेस तक का उनका सफर आश्चर्यजनक रहा है। फिल्म 'बेबी' में किये गए आकर्षक कैमियो से लेकर दिलचस्प लीगल ड्रामा 'पिंक' में मीनल अरोड़ा के अविस्मरणीय किरदार और 'मुल्क' की दमदार आरती मोहम्मद तक तापसी ने यह दिखा दिया है कि वह समाज के मुद्दों को उठाने वाली चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को निभाने से डरती नहीं हैं, जैसा कि उनकी विचारोत्तेजक फिल्म 'थप्पड़' और बहुत सी दूसरी फिल्मों से जाहिर है। बायोग्राफिकल ड्रामा 'सांड की आंख' में उन्होंने प्रकाशी तोमर की भूमिका निभाई, उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन और फिल्म 'हसीन दिलरुबा' में रानी कश्यप के किरदार का चित्रण उनकी अपरिमित प्रतिभा को उजागर करता है। रोमांटिक ड्रामा मनमर्जियां में प्रतिभाशाली विक्की कौशल के साथ उनकी मैग्नेटिक केमिस्ट्री को कौन भूल सकता है, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया



था। 'शाबाश मिथु', 'लूप लपेटा' और 'ब्लर' जैसी फिल्मों में नए तरह के किरदारों को असाधारण एक्टिंग स्किल्स के साथ निभाने के लिए उन्हें विश्व भर से प्रशंसा मिली है। इस साल 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में और शाहरुख खान के साथ फिल्म ह्यडंकी" में उनके रोल का सबको बेसब्री से इंतजार है। अनेक बाधाओं और रुकावटों के बावजूद उनका बहादुरी से सामना कर, तापसी ने कड़ी मेहनत और प्रतिभा के साथ उद्योग में खुद की एक जगह बनाई है। एक आउटसाइडर के रूप में, उन्होंने एक ऐसा रास्ता बनाया है जिस पर चलकर, अनगिनत लोग अपने सपनों का पूरा करने और कभी भी हार न मानने के लिए प्रेरित होंगे। प्रतिष्ठित ब्रांड्स का चेहरा बनने से लेकर फिल्म निर्माण तक, तापसी की स्टार पावर और प्रभाव दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। वह कई लोगों के लिए एक सच्ची पथप्रदर्शक, आशा की किरण और एक आदर्श हैं। आज जब वह बॉलीवुड में एक नए दशक की शुरूआत कर रही हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है कि तापसी पन्नू हमेशा सफलता के आकाश पर ऐसे ही चमकती रहेंगी।

# अभिनेता किच्चा सुदीप को मिली प्राइवेट वीडियो लीक करने की धमकी, केस दर्ज

अभिनेता किच्चा सुदीप के जल्द बीजेपी में शामिल होने की चर्चा जोरों पर है। इसी दौरान किच्छा सुदीप और उनके मैनेजर जैक मंजू को एक धमकी भरा पत्र मिला है। इस पत्र के बाद सुदीप के करीबी दोस्त और मैनेजर जैक मंजू ने पुत्तेनाहली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस लेटर में सुदीप के प्राइवेट वीडियो लीक करने की धमकी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किच्चा सुदीप के मैनेजर को एक लेटर मिला है, जिसमें उनका प्राइवेट वीडियो सोशल मीडिया पर लीक करने की धमकी दी गई है। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु के पुत्तेनाहली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईपीसी की धारा 120बी, 506 और 504 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में पुलिस की आगे की जांच जारी है। कुछ दिनों से अभिनेता किच्छा सुदीप की बीजेपी में एंट्री की चर्चा जोर पकड़ रही है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव



से कुछ दिन पहले उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पार्टी में शामिल होने के बाद वह चुनाव के लिए बड़ा प्रचार करेंगे। हालांकि किच्चा सुदीप की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# अमिताभ स्टारर सेक्शन 84 में डायना आएंगी नजर

अपकमिंग कोर्ट रूम ड्रामा सेक्शन 84 में बॉलीवुड एक्ट्रेस डायन पेंटी मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। बिग बी और रिभु दासगुप्ता के साथ काम करने को लेकर डायना ने उत्साह व्यक्त किया। डायना ने कहा, सेक्शन 84 मेरे लिए बहुत खास है। न केवल इसलिए कि यह एक दिलचस्प कहानी है, बल्कि इसलिए भी कि महानायक बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। एक सपना आखिरकार साकार हुआ, रिभु दासगुप्ता का विजन हटकर है और मैं इस फिल्म में उनके साथ सहयोग कर बहुत खुश हूं। मुझे पता है कि यह एक ऐसा अनुभव होने जा



रहा है जिसे मैं याद रखूंगी। फिल्म निमार्ता रिभु दासगुप्ता की अगली फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा थ्रिलर है। सेक्शन 84 में महान अभिनेता अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं। सेक्शन 84 रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है और रिलायंस एंटरटेनमेंट और फिल्म हैंगर द्वारा निर्मित है।

## सूडोकु नवताल- 6393

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6392 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्दजाल - 7140

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | स | दौ | जॉ | न | अ | ब्रा | ह | म | ल्ली | क |
| ग | ह | ह | ग | ला | अ | जै | जी | ग | झ | क |
| स | क | रु | म | ह | झ | की | ना | ण | घ | को |
| ल | इ | ल | ख | हैं | प | श्रॉ | ला | र | ला | न |
| मा | श्क | ल | प | खा | रा | फ | गी | ण | ग | म |
| न | दा | ल | श | सं | न | ही | रं | व | ला | स |
| वि | वे | क | ओ | बे | रॉ | य | दे | या | ज | न्नी |
| अ | मि | ता | भ | ला | गु | य | रा | य | प | दे |
| ऋ | र | ल | प | व | ज | ना | ल | ओ | के | ओ |
| क | ति | ल | प | अ | या | दि | व्य | ब | स | ल |
| ज | जं | क | प | ख | सं | ज | य | द | त्त | म |

शब्द जाल में 10 अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

शाहरुख खान, सलमान, ऋतिक, विवेक ओबेरॉय, सन्नी देओल, जॉन अब्राहम, अजय देवगन, अमिताभ, संजय दत्त, जैकीश्रॉफ .

### शब्दजाल - 7139 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | ही | त्म | ली | अ | ल | बे | ला | प | दे |
| क | अ | अ | रो | त | अ | ला | र | न | र | जू |
| आ | स | शौ | क | ही | न | भि | द | गू | जू | वत |
| गे | अ | की | आ | र | रा | गु | अं | प | दे | ल |
| की | अ | न | त | अ | ला | ला | न | श | मा | क |
| सो | चा | ल | बा | ज | न | द | ल | ल | व | त |
| च | अ | सौ | र | जा | ला | गु | गो | प | दे | आ |
| ह | पु | मो | व | दो | वा | द | ह | झू | वी | ग |
| क | ष्प | ह | व | प | जा | द | व | प | र | र |
| र | क | ब्ब | फा | प | स | सू | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | स | गा | ह | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6093


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | |
| 1 | 26 | | 41 | | 38 | 6 |
| 7 | 1 | | 6 | 5 | | 3 |
| | 34 | 5 | 33 | | 25 | |
| | | 2 | 3 | 7 | | 1 |
| 5 | 32 | 6 | 29 | | 34 | 4 |
| 3 | | | | 2 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6092 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 22 | 7 | 34 | 6 | 43 | 6 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 4 | 30 | 5 | 26 | 1 | 30 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 5 | 36 | 6 | 36 | 3 | 29 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore





# भारतीय टीम के पूर्व ओपनर का हुआ निधन, शोक में डूबा क्रिकेट जगत

**नई दिल्ली।**
भारतीय टीम के पूर्व ओपनर और जहीर खान के कोच सुधीर नाइक का मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया। 1974 में भारत के लिए तीन टेस्ट मैच खेलने वाले नाइक के निधन की पुष्टि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्रों ने की है। सुधीर नाइक 78 वर्ष के थे और अपनी बेटी के साथ रह रहे थे। सुधीर नाइक की नियमित स्वास्थ्य जानकारी रखने वाले मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सूत्र ने कहा, हाल ही में सुधीर नाइक अपने घर के बाथरूम में गिर गए थे और उनके सिर में चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें मुंबई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वो कोमा में गए और फिर ठीक नहीं हो सके। सुधीर नाइक मुंबई क्रिकेट में काफी सम्मानित व्यक्ति थे।

**मुंबई को बनाया चैंपियन** – नाइक ने अपनी कप्तानी में मुंबई को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाया था। नाइक ने 1970-71 में टीम को अपनी कप्तानी में रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाया था जबकि इस टीम में सुनील गावस्कर, अजित वाडेकर, दिलीप सरदेसाई और अशोक मांकड जैसे दिग्गज नहीं खेल रहे थे। उल्लेखनीय है कि जब 1972 रणजी सीजन शुरू हुआ तो नाइक को ही प्लेइंग 11 से बाहर कर दिया गया क्योंकि सभी प्रमुख बल्लेबाज टीम में लौट आए थे। 1974 में सुधीर नाइक भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए और अपना टेस्ट डेब्यू किया। बर्मिंघम में दूसरी पारी में नाइक (77) ने अर्धशतक जमाया, लेकिन टीम की हार को नहीं टाल सके। उन्होंने 85 फर्स्ट क्लास गेम्स खेले और 35 से ज्यादा की औसत से 4376 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने सात शतक जमाए, जिसमें एक दोहरा शतक शामिल है।

**इज्जत पर लगा दाग** – हालांकि, 1970 के समय में बीसीसीआई काफी कमजोर हुआ करता था और उस दौरान सुधीर नाइक पर लंदन डिपार्टमेंटल स्टोर से दो जोड़ी मोजे चुराने का गलत आरोप लगा था। वो इसका बचाव नहीं कर सके थे। सुनील गावस्कर ने अपनी किताब सनी डेज में लिखा भी कि नाइक को मजिस्ट्रेट के सामने माफी नहीं मांगनी चाहिए थी और अच्छे वकील के साथ लड़ना चाहिए था।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका में दो टी-20 खेलेगी टीम इंडिया: जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट, वनडे और टी-20 मुकाबले खेलेगा भारत



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम अमेरिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टी-20 मुकाबले खेलेगा। टीम इंडिया जुलाई-अगस्त में वेस्टइंडीज का दौरा करेगी। इस दौरान टीम वेस्टइंडीज में 2 टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी-20 खेलेगी। इसके बाद अमेरिका के फ्लोरिडा शहर में वेस्टइंडीज के ही खिलाफ 2 टी-20 मैचों में हिस्सा लेगी। पिछले साल यानी 2022 में भारत अमेरिका के फ्लोरिडा में ही वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टी-20 खेले थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज के एक अधिकारी ने कहा कि दो टी-20 अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। इसका आयोजन वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ही करेगा। इसमें यूएसए क्रिकेट का कोई लेना देना नहीं है। आयोजन कराने का मुख्य कारण 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी है जो वेस्टइंडीज और अमेरिका मिल कर करेंगे। भारत अमेरिका में अब तक 6 टी-20 मैच खेल चुका है। चारों मैच उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ ही खेले हैं। अब तक खेले 6 मुकाबलों में भारत को 4 में जीत और 1 में हार मिली। वहीं, एक मैच नो रिजल्ट रहा। भारत जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलेगा। फिर जुलाई में वेस्टइंडीज दौरा होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले भारत घर में एक छोटी सीरीज भी खेल सकता है। हालांकि, इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है।

### बेंजेमा की हैट्रिक से रियाल मैड्रिड कोपा डेल रे के फाइनल में



**बार्सिलोना।** करीम बेंजेमा की शानदार हैट्रिक से रियाल मैड्रिड ने एफ सी बार्सिलोना से पहले चरण में मिली 0-1 की हार का बदला चुकाते हुए दूसरे चरण में बार्सिलोना को 4-0 से हराकर कोपा डेल रे के फाइनल में प्रवेश कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार विनसियस जूनियर के पहले हाफ से ठीक पहले ओपनिंग गोल और बेंजेमा के दूसरे हाफ के तीन गोलों की मदद से मैड्रिड ने छह मई को ओसासुना के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बना ली। बार्सिलोना को अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों का नुकसान उठाना पड़ा। रियाल मैड्रिड ने पहले हाफ के इंजरी समय में जवाबी हमले से बढ़त बनायी। बेंजेमा ने दूसरे हाफ में पांच मिनट बाद मैड्रिड को 2-0 और कुल 2-1 से आगे कर दिया। बेंजेमा ने पेनल्टी पर मैड्रिड का तीसरा गोल दागा। बेंजेमा ने मैच समाप्ति से नौ मिनट पहले विनिसियस के शानदार क्रॉस पर अपना तीसरा और टीम का चौथा गोल दाग दिया।

### लीमा 2024 विश्व अंडर20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी से हटा

**नई दिल्ली।** लीमा देश में राजनीतिक असंतोष और प्राकृतिक आपदाओं का हवाला देते हुए 2024 की अंडर20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी से हट गया है। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा, पेरू एथलेटिक्स



महासंघ ने वर्ल्ड एथलेटिक्स को सूचित किया है कि हाल की राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक असंतोष के साथ-साथ पेरू में प्राकृतिक आपदाओं ने महासंघ और स्थानीय आयोजन समिति को अगले वर्ष इस इवेंट की मेजबानी से हटने के लिए मजबूर किया है। अंडर20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पेरू की राजधानी में 26-31अगस्त, 2024 में होना था। विश्व एथलेटिक्स ने कहा कि वह अगले वर्ष के इवेंट के लिए वैकल्पिक मेजबान ढूंढने की चर्चा में है और इसकी घोषणा निर्धारित अवधि में की जायेगी। अंडर20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पेरू की राजधानी में 26-31अगस्त, 2024 में होना था।

## पृथ्वी शॉ कंट्रोवर्सी सपना गिल मुंबई कोर्ट पहुंची

# शॉ के खिलाफ छेड़छाड़ और शारीरिक हमले के आरोप पर क्रिमिनल कंप्लेंट दर्ज कराई

**मुंबई।**
सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल दो महीने पहले क्रिकेटर क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के खिलाफ हाथापाई मामले में अब मुंबई कोर्ट पहुंच गई है। अब सपन गिल ने अंधेरी मजिस्ट्रेट के सामने शॉ और उसके दोस्त के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की है। गिल के वकील ने इसकी जानकारी दी। गिल के वकील कहा कि, आरोपों के समर्थन में शिकायत के साथ एक सरकारी अस्पताल का सर्टिफिकेट भी शामिल है।

आईपीसी की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर हमला) और 509 (अपमान करने का इरादा) के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अब तक सपना गिल ने एफआईआर दर्ज नहीं कराई थी।

### पुलिस के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई

वकील ने आगे बताया कि, एयरपोर्ट पुलिस थाने के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराइ गई है। गिल के मुताबिक, उन्होंने पृथ्वी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया था।

मारपीट के मामले में जमानत मिलने के बाद, गिल ने शॉ, उनके दोस्त आशीष यादव और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर उनका शील भंग करने के आरोप में अंधेरी के एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत की थी। हालांकि, पुलिस ने अभी तक मुंबई के इस बल्लेबाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की है।



### सपना गिल को फरवरी में जमानत मिली थी

सपना और उनके साथियों को मुंबई मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 20 फरवरी को जमानत दे दी थी। सपना ने कहा था कि घटना के दौरान जब वो अपने दोस्त को बचाने गईं तो पृथ्वी शॉ ने उन्हें गलत तरह से छुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेल मिलने के बाद सपना ने कहा था कि, 50 हजार होते क्या हैं, एक दिन में 2 रील बनाकर मैं इतना कमा लूंगी।

### पृथ्वी शॉ के दोस्त ने एफआईआर की थी

पृथ्वी शॉ के दोस्त आशीष यादव ने ओशिवारा पुलिस थाने में फरवरी में सपना गिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। यादव ने कहा था कि 15 फरवरी को सहारा स्टार के कैफे में वो और पृथ्वी शॉ डिनर कर रहे थे। गिल और उसके दोस्त सेल्फी लेने के लिए आए। पहले शॉ मान गए और फिर बाद में उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद विवाद शुरू हो गया।

आशीष ने शिकायत में कहा है कि डिनर के बाद एक व्यक्ति ने उनकी कार की विंड शील्ड पर बेसबॉल बैट मारा। इसके बाद कुछ लोग मोटरसाइकिल पर कार का पीछा करते भी नजर आए। उन्होंने कार को रोका और सपना गिल ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। उसने पृथ्वी शॉ से 50 हजार रुपयों की डिमांड भी की।

इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ। इसमें शॉ एक लड़की से बेसबॉल बैट छीनते नजर आ रहे हैं। उस लड़की का साथी शॉ का वीडियो बनाता दिखाई दिया था। वीडियो में लड़की, उसका साथी, पृथ्वी शॉ और कुछ पुलिस वाले नजर आ रहे हैं। शॉ किसी से फोन पर बात करते दिखाई दिए थे।

### भविष्य में इटालियन ओपन में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलेगी समान ईनामी राशि

**रोम।** इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में आगे दो साल में महिला और पुरुष खिलाड़ियों को समान ईनामी राशि मिलेगी। साल 2025 से ही यह नियम लागू होगा। पिछले काफी समय में ईनामी राशि को बराबरी पर लाने की मांग होती रही है। कई बार महिला खिलाड़ियों ने कम राशि मिलने पर नाराजगी जतायी है। इगा स्वियातेक ने पिछले साल जब यह टूर्नामेंट जीता था तो उन्हें पुरुष वर्ग के विजेता खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से आधे से भी कम पुरस्कार राशि मिली थी। स्वियातेक को 332,260 यूरो (364,000 अमेरिकी डॉलर) का इनाम मिला, जबकि जोकोविच को 836,355 यूरो (916,000 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया गया था। इतालवी टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनघी ने कहा, ''इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जबकि हमने ऐसी प्रक्रिया शुरू की है जिससे आने वाले समय में महिला और पुरुष टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को समान पुरस्कार राशि मिलेगी।'' इस साल यह टूर्नामेंट 10 से 21 मई के बीच खेला जाएगा और इसमें कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

# कौन हैं गुलाम हुसैन रिजवी आईपीएल 2023 में इ इका हो, मुंहवा फोड़बअ का...डायलॉग से चर्चा का केंद्र बने



**देवरिया।**
मुंबई में चल रहे आईपीएल मैचों में भोजपुरी कमेंट्री के जरिये देवरिया के गुलाम हुसैन रिजवी चर्चा में आ गए हैं। सदर कोतवाली के सकरापार गांव के रहने वाले गुलाम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहली बार भोजपुरी में कमेंट्री के लिए मौका मिला है। भोजपुरी में कमेंट्री को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के मैच भोजपुरी कमेंट्री की वजह से चर्चा में है। इसकी कमेंट्री इंग्लिश, हिंदी, मराठी, गुजराती, पंजाबी, उड़िया, बंगाली, तमिल, तेलुगू, मलयालम व कन्नड़ के अलावा भोजपुरी में हो रही है। पहली बार पंजाबी व भोजपुरी भाषा को जगह मिली है।

भोजपुरी में कमेंट्री के लिए पांच सदस्यीय टीम शामिल है, जिसमें गुलाम के अलावा भोजपुरी फिल्म अभिनेता व सांसद रवि किशन, बिहार के सिवान जिले के रहने वाले बिहार क्रिकेट कोच सौरभ कुमार, आरा से रणजी खिलाड़ी शिवम सिंह, वाराणसी से अंडर 19 के खिलाड़ी मोहम्मद सैफ भोजपुरी में कमेंट्री कर रहे हैं। 74 मैंचों में गुलाम को कमेंट्री करना है।

गुलाम की शुरुआती शिक्षा शहर के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में हुई। उन्होंने स्नातक लखनऊ से व आइआइएससी संस्थान से मास कम्युनिकेशन कोर्स किया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी गुलाम स्कूली शिक्षा से ही डांसिंग कोरियोग्राफर का काम करने लगे। उन्होंने भोजपुरी अभिनेताओं का डांस कोरियोग्राफ भी किया। गुलाम रेडियो जॉकी का भी काम कर चुके हैं। भोजपुरी व हिंदी फिल्मों में डबिंग आर्टिस्ट के रूप में भी पहचान बनाई है।

### भोजपुरी की मिठास खींच रही लोगों का ध्यान

भोजपुरी कमेंट्री के शब्द लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहे हैं। पहले दिन चेन्नई सुपर किंग्स के पहले मुकाबले में मोहम्मद शमी ने गेंद फेंका तो मोइन अली को गेंद पार कर गई। कमेंट्री बाक्स से गुलाम की आवाज गूंजी, बोले, इ इका हो, मुंहवा फोड़बअ का...। इसे खूब पसंद किया गया। मोहम्मद शमी की तरफ से यह नो बॉल फेंकी गई थी।

# खेल कोच से मारपीट कर हवालात में बैठाया, एसएसआई सस्पेंड

**हापुड़।**
अभद्रता की शिकायत करने थाने पहुंचे खेल कोच की मदद के बजाए वरिष्ठ उपनिरीक्षक (एसएसआई) ने उनके साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं खाकी के नशे में चूर एसएसआई ने करीब डेढ़ घंटे तक पीड़ित को हवालात में बंद रखा। उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी हुई तो पीड़ित को थाने से छोड़ा गया। मामले पर संज्ञान लेकर एसपी ने एसएसआई को सस्पेंड कर दिया है।

जिला मेरठ कस्बा बहसूमा के विनित कुमार ने बताया कि वह गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र स्थित डीएम पब्लिक स्कूल की स्पोर्टस अकादमी के स्टेडियम में एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। चार मार्च को वह खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे थे। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर का हर्ष अग्रवाल वहां पहुंचा और उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता कर दी। पांच मार्च को इस संबंध में शिकायत करने वह थाने पहुंचे। उन्होंने शिकायती पत्र थाने में तैनात एसएसआई नीरज कुमार को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। मदद करने के बजाए एसएसआई ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता कर दी। विरोध पर उनका कालर पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उन्हें थाने की हवालात में बंद कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक वह हवालात में बंद रहे।




**सीओ के साथ भी की अभद्रता** – खेल कोच ने बताया कि उन्होंने मामले की शिकायत सीओ गढ़मुक्तेश्वर स्तुति सिंह से भी की थी। इसके बाद सीओ थाने पहुंची। जहां उन्होंने एसएसआई और पीड़ित को आमने सामने बैठाकर मामले की जानकारी की। इस दौरान एसएसआई ने तेज आवाज में सीओ से बात करते हुए अभद्रता की। जिसपर सीओ ने एसएसआई को जमकर फटकार लगाई।

**जानकारी पर एसपी ने एसएसआई को किया सस्पेंड** – खेल कोच के साथ मारपीट करने व सीओ से अभद्रता की जानकारी मिलने पर एसपी अभिषेक वर्मा ने एसएसआई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एसपी ने बताया कि प्रकरण की जांच एएसपी मुकेश चंद्र मिश्रा को सौंपी गई है। एसएसआई के दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

# केन विलियमसन ओडीआई वर्ल्ड कप से हो सकते हैं बाहर: आईपीएल के पहले मुकाबले में चेन्नई के खिलाफ घुटने में चोट लगी थी, सर्जरी होगी

**मुंबई।**
वनडे वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार प्लेयर केन विलियमसन घुटने की चोट की वजह से वनडे वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड ने इसकी जानकारी दी। विलियमसन चोट की वजह से वापस अपने देश न्यूजीलैंड लौट गए थे और स्कैन से पुष्टि हुई कि उन्हें अपने दाएं घुटने का सर्जरी करवानी होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान के अनुसार दाहिने हाथ के इस बल्लेबाज का अगले तीन हफ्ते के अंदर सर्जरी की जाएगी। इसके बाद उन्हें इससे उबरने के लिए कम से कम 6 महीने लग सकते हैं। इस कारण हो सकता है कि वह वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### मैं गुजरात और न्यूजीलैंड क्रिकेट को धन्यवाद देना चाहता हूं-विलियमसन



वहीं अपने चोट के बाद केन विलियमसन ने बयान दिया है। विलियमसन ने कहा, मुझे पिछले कुछ दिनों में बहुत समर्थन मिला है और इसके लिए मैं गुजरात टाइटंस और न्यूजीलैंड क्रिकेट दोनों को धन्यवाद देना चाहता हूं। स्वाभाविक रूप से इस तरह की चोट लगना निराशाजनक है, लेकिन मेरा ध्यान अब सर्जरी कराने और रिहैब शुरू करने पर है। इसमें कुछ समय लगने वाला है, लेकिन मैं जल्द से जल्द मैदान पर वापसी करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

### कैच लेने की कोशिश में चोटिल हुए थे विलियमसन

आईपीएल के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। दूसरी पारी में चोट के कारण विलियमसन ने बल्लेबाजी भी नहीं की। उनकी जगह इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में साई सुदर्शन आए थे।

### 2019 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे विलियमसन

न्यूजीलैंड की टीम 2019 के वर्ल्ड कप में फाइनल तक पहुंची थी। विलियमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। उन्होंने 9 पारियों में 578 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक भी लगाया था।

## एमसीसी ने धोनी को दी लाइफटाइम मेंबरशिप

# इस लिस्ट में युवराज, रैना, मिताली और झूलन गोस्वामी भी शामिल

**मुंबई।**
क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था एमसीसी यानी मेलिरिबोन क्रिकेट क्लब ने 2011 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान एमएस धोनी सहित पांच भारतीय क्रिकेटर को क्लब की लाइफटाइम मेंबरशिप से नवाजा है। धोनी के अलावा सुरेश रैना और युवराज सिंह सहित 19 पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सम्मानित किया गया है। इसमें दो नॉन-प्लेइंग व्यक्ति भी हैं, जिन्हें पिच के बाहर उनके शानदार योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। भारत ने धोनी की कप्तानी में 2011 में 28 साल बाद वनडे वर्ल्ड कप जीता था। युवराज और रैना उस टीम के सदस्य थे। भारत धोनी की कप्तानी में ही साल 2007 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन भी बना था। वहीं ओडीआई में मिताली राज 232 मैचों में 7,805 रन बनाई हैं, जो महिला क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। विमेंस ओडीआई मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली झूलन गोस्वामी भी सम्मान सूची में शामिल हैं।



**इन देशों के खिलाड़ियों को भी मिला सम्मान** – इस लिस्ट में भारत के अलावा इंग्लैंड के भी पांच खिलाड़ी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के दो और ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।

**ये खिलाड़ी भी शामिल**

**इंग्लैंड:** जेनी गुन (2004-2019), लौरा मार्श (2006-2019), इयोन मोर्गन (2006-2022), केविन पीटरसन (2005-2014), आन्या श्रुबसोल (2008-2022)

**न्यूजीलैंड:** एमी सैटरथवेट (2007-2022), रॉस टेलर (2006-2022)

**पाकिस्तान:** मुहम्मद हफीज (2003-2021)

**ऑस्ट्रेलिया:** राचेल हेन्स (2009-2022)

**बांग्लादेश:** मशरफे मुर्तजा (2001-2020)

**साउथ अफ्रीका:** डेल स्टेन (2004-2020)

**वेस्टइंडीज:** मेरिसा एगुइलीरा (2008-2019)

**एमसीसी का लाइफटाइम मेंबरशिप किसे दिया जाता है** – एमसीसी खेल के कुछ दिग्गजों को उनके इंटरनेशनल करियर में शानदार प्रदर्शन के लिए लाइफटाइम मेंबरशिप देने पर विचार करती है और फिर उन्हें उससे नवाजा जाता है। लाइफटाइम मेंबरशिप उन व्यक्तियों को भी दिया जाता है जिन्होंने एमसीसी या खेल में असाधारण योगदान दिया हो। आखिरी बार 2021 में एमसीसी ने 18 नए सदस्यों को लाइफटाइम मेंबरशिप दी थी। इसमें भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ भी शामिल थे।

**एमसीसी क्या है** – एमसीसी क्रिकेट के नियम बनाती है और समय-समय पर इसमें भी बदलाव भी करती है। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब आज से साल 1787 में अस्तित्व में आया था। इसका हेडक्वार्टर इंग्लैंड का लॉर्ड्स मैदान में है। आईसीसी के आने से पहले एमसीसी के नियमों पर ही क्रिकेट खेला जाता था। आईसीसी आज भी एमसीसी के नियमों पर ही चलता है।

### कपिल देव चंडीगढ़ में एक्शन में दिखाई देंगे

**चंडीगढ़।** महान आलराउंडर कपिल देव अपनी घरेलू पिच पर 20 अप्रैल को एलेन्जर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में एक्शन में दिखाई देंगे। आयोजक यूटी क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संजय टंडन ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता चेतन शर्मा फाइनल मैच में खेलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और बीसीसीआई के अन्य शीर्ष अखिकारी 23 अप्रैल को ग्रैंड फाइनल को देखने उपस्थित हो सकते हैं। टूर्नामेंट का आयोजन यूटी क्रिकेट संघ और चंडीगढ़ पुलिस ने किया है। टूर्नामेंट जर्सी का अनावरण किया गया।

# जरूर पढ़ें रेडीमेड फूड प्रोडक्ट की पैकिंग डेट

रेडीमेड फूड प्रोडक्ट्स खरीदते वक्त हम कई बार उनकी पैकिंग पर दी गई जानकारी पर ध्यान नहीं देते। इनमें कई ऐसी चीजें होती हैं जो हमारे शरीर को धीरे-धीरे बीमार बनाती हैं। इसलिए इन्हें खरीदते समय विशेष ख्याल रखना चाहिए।



### ट्रांसफैट को न करें नजरअंदाज

स्नैक्स, बिस्किट, चिप्स व अन्य फ्राईड उत्पादों में अधिकतर ट्रांसफैट पाया जाता है। यह एक प्रकार की असंतृप्त (अनसैच्युरेटिड) वसा होती है जो वेजिटेबल ऑइल में हाइड्रोजनीकरण प्रक्रिया के द्वारा मिलाई जाती है। इसके प्रयोग से इन चीजों को अधिक समय तक सुरक्षित रखना आसान हो जाता है। ट्रांसफैट मोटापा, लिवर व हृदय संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। इसलिए इनका प्रयोग जहां तक संभव हो कम ही करें। से परहेज करना चाहिए। कई बार पैकिंग पर अन्य प्रकार के फैट का जिक्र होता है लेकिन ट्रांसफैट का नहीं होता। ऐसे में पॉलीअनसैच्युरेटिड, मोनोअनसैच्युरेटिड व सैच्युरेटिड फैट के योग को पैकिंग पर दिए कुल फैट के योग से घटा देने पर प्राप्त अंतर ट्रांसफैट होगा।

### एक्सपायरी डेट

जिन खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट समाप्त हो चुकी हो उन्हें न खरीदें। ऐसे पदार्थ शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। कई बार टिन की पैकिंग में बंद प्रोडक्ट पर एक्सपायरी डेट सही लिखी होती है, लेकिन उसकी टिन फूली या पिचकी होती है। ऐसे उत्पाद में फंगस हो सकता है। साथ ही जिन चीजों की पैकिंग थोड़ी भी खुली हो उन्हें लेने से परहेज करें।

## कैमिकल करते हैं बीमार

### प्रिजर्वेटिव कैमिकल

कोई भी खाद्य पदार्थ प्रिजर्वेटिव के प्रयोग के बगैर लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। प्रिजर्वेटिव कैमिकल्स व्यक्ति के शरीर को धीरे-धीरे बीमार करता है। इसके प्रयोग से शरीर को कैंसर व हृदय संबंधी रोग होने का खतरा बना रहता है।


### टेस्ट इन्हैंसर

खाद्य पदार्थों का स्वाद बढ़ाने के लिए टेस्ट इन्हैंसर का भी प्रयोग किया जाता है जिससे मोटापा, याददाश्त में कमी, थायरॉइड, अनियमित माहवारी व पेट में अल्सर जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### आर्टिफिशियल स्वीटनर

बाजार से खरीदे हुए जूस व फ्लेवर्ड मिल्क भी हमें बीमार करने का ही काम करते हैं। इनमें प्रिजर्वेटिव्स के साथ मिठास बढ़ाने के लिए आर्टिफिशिअल स्वीटनर का प्रयोग किया जाता है। लोगों में विशेषतौर पर बच्चों में बढ़ रही मोटापे व डायबिटीज की समस्या का एक बड़ा कारण ये भी हैं।

# आलू खाकर करें फैट कम और पाएं एनर्जी



ज्यादातर लोगों के दिमाग में यही बात होती है कि आलू वजन बढ़ाने का काम करता है। लेकिन सर्दियों में आलू खाने से आप वजन घटा सकती हैं। इनमें इनसॉल्यूबल और सॉल्यूबल दोनों तरह के फाइबर होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल बढ़ने नहीं देते। अच्छे रिजल्ट चाहिए तो इन्हें छिलके सहित खाएं।

### पालक में होती है डबल पावर



स्वाद बेशक इसमें ज्यादा न हो, लेकिन वजन घटाने में यह काफी मदद कर सकती है। बाकी की हरी सब्जियों के मुकाबले पालक में डबल पावर होती है वजन घटाने की। इसमें एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी काफी होती है, जिससे सर्दियों के मौसम में काम करने की भरपूर एनर्जी मिलती है।

### शलगम से भर जाता पेट

फाइबर और पानी से भरपूर शलगम पेट जल्दी भर देता है। इसे खाने से जंक फूड को खाने की चाहत ज्यादा नहीं होती। इसे सलाद में भी खा सकती हैं। इसकी सब्जी भी वजन घटाने में मदद करती है।



कैलोरी इनटेक घटाती है गाजर खाने के शौकीन अगर अपनी कैलोरी का इनटेक कम करना चाहते हैं तो उन्हें इस मौसम में गाजर खानी चाहिए। इसे डायट में शामिल करने से कैलोरी की आवश्यकता शरीर को नहीं पड़ती। इसे रोस्ट करके खाएं या फिर स्टीम तरीके से खाएं, इससे सबसे ज्यादा फर्क पड़ता है।

ग्लूकोज लेवल बेहतर करता प्याजसर्दियों में मिलने वाले प्याज में क्रोमियम की मात्रा काफी होती है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। साथ ही शरीर में ग्लूकोज लेवल को बेहतर बनाने में भी यह मिनरल काम आता है।

## ऐसा गांव जहां ठंड में जम जाती है 'जिंदगी'

**देहरादून** उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश में एक ऐसा गांव हैं जहां पर लोग माइनस 20 से भी कम तापमान में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यह गांव है स्पीति का ताबो गांव ताबो किन्नौर और लाहोल स्पीति के बॉर्डर पर स्थित है यहां लोग किस तरह जी रहे हैं, इसका दर्द तो केवल वे ही बयान कर सकते हैं इस गांव में हैंडपंप में आग जला कर पीने के पानी को निकाला जाता है। इस गांव में गाड़ियों को कंबल और रजाई से ढक कर रखना पड़ता है आग से ईंजन को गर्म करके ही यहां गाड़ियों को स्टार्ट करना पड़ता है इस गांव में बहने वाले नदी-नाले भी पूरी तरह से जम चुके हैं इस गांव में विकट परिस्थितियों में लोग जीने को मजबूर हैं बता दें कि इस गांव का तापमान माइनस 20 से 30 डिग्री के बीच रहता है।

## बच्चों के लिए टीवी टाइम

बच्चे घर में होते हैं तो अपने मन की मर्जी चलाना चाहते हैं, उनकी नजर टीवी पर पहले पड़ती है। वह टीवी पर हर वह चीज देखना चाहते हैं, जो आप उन्हें देखने से मना करते हैं। इसलिए बच्चे को बता कर जाएं कि उसे टीवी कब देखना चाहिए, और ऐसे चैनल लॉक करके जाइए जिससे बच्चे को गंदी शिक्षा और जानकारी मिलती हो। घर से पहले पूरी तरह सुनिश्चित कीजिए कि आपका बच्चा घर में पूरी तरह सुरक्षित है या नहीं।



# पतली होने के लिए कुछ इस तरह करें घर का काम





क्या आपको भी अपनी बिजी लाइफस्टाइल के चलते यह समस्या है कि एक्सरसाइज करने का टाइम नहीं मिलता? अगर हां, तो घर का काम करने के दौरान ही एक्सरसाइज के लिए अलग से टाइम निकाले बिना आप अपनी एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न कर सकती हैं। घर का कामकाज करने के साथ बस ऐसा करें।

### जब करें डस्टिंग, पेट कस लें

जब साफ-सफाई करें, पेट कस लें। कहने का मतलब यह है कि लंबी सांस छोड़ते हुए पेट को थोड़ी देर के लिए अंदर की तरफ खींचें। कम से कम 10 बार ऐसा करें। एब्स की एक्सरसाइज के साथ टोनिंग भी हो जाएगी। अगर हम फर्श से दाग साफ करें तो एक दाग साफ करने में 90 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। खिड़कियों से धूल साफ करने में अगर आप 5 मिनट तक खड़ी रहती हैं, तो हमारे शरीर की 19 कैलोरी बर्न होती है। इसी तरह बाथरूम की टाइल्स की सफाई करने से एक घंटे में 260 कैलोरी बर्न की जा सकती हैं।

### खाना बनाएं, डांस करें

खाना बनाते समय शांत न खड़ी रहें। म्यूजिक चलाएं और डांस करती रहें। खाना भी बन जाएगा। मूड भी फ्रेश हो जाएगा और बॉडी का पूरा मूवमेंट भी हो जाएगा। इस तरह से काम करने से आप काफी



कैलोरीज कम कर सकती हैं। डांस करके आप अपनी 100 से 400 कैलोरीज बर्न कर सकते हैं।

### बाई नहीं, आप खुद लगाएं पौंछा

पौंछा लगाने का मतलब है पूरी एक्सरसाइज करना। जब पौंछा लगाते हैं, तो पूरी शरीर की टोनिंग हो जाती है। कैलोरीज बर्न करने के लिए यह बेस्ट एक्टिविटी है। इससे रीढ की हड्डी, कंधों के जोड़, कलाइयां, उंगलियां, गर्दन और इंटर्नल और एक्सटर्नल मसल्स की एक्सरसाइज हो जाती है। पेट और कमर से फैट कम कर सकती हैं पौंछा लगाकर। हैरानी होगी यह जानकर कि पौंछा लगाने में 63 कैलोरी बर्न होती हैं। उन महिलाओं को तो जरूर पौंछा लगाना चाहिए, जिनका पेट बाहर निकला है या फिर कमर पर चर्बी चढ़ी है। एक्सपर्ट मानते हैं कि पौंछा लगाते समय जब हम आगे की ओर झुकते हैं तो इससे हमारी पेट और कमर की एक्सरसाइज होती है और इन हिस्सों से मोटापा घटता है। रोज आधे घंटे फर्श पर पौंछा लगाने में करीब 100 से 200 कैलोरी कम होती है।

### बर्तन धोएं, फिट रहें

इसी तरह खड़े रहकर बर्तन धोने में 33 कैलोरी बर्न होती हैं, बशर्ते 10 से 15 मिनट खड़ी हुई हैं। करीब 30 मिनट तक सिंक में बर्तन धोने से अधिक तो नहीं, लेकिन 60 से 120 कैलोरी तक कम हो ही जाती है।

# खतरनाक है हाई हील पहनना, हो सकता है गोखरू

गलत साइज के जूते पहनना, बहुत ज्यादा चलना या दौड़ना और पैरों पर अतिरिक्त दबाव से पैरों के ऊपर या किनारों पर गोखरू बन सकता है। ऊंची एड़ी या पेंसिल हील पहनने से भी ऐसा हो सकता है। यही वजह है कि पुरुषों की तुलना में गोखरू यानी कॉर्न की समस्या महिलाओं को ज्यादा होती है। पैर की अंगुलियों की छोटी हड्डियां जोड़ों के पास ज्यादा व्यापक और ढेलेदार होती हैं। अगर इस त्वचा पर अधिक रगड़ या दबाव पड़ता है तो यह मोटी हो जाती है जो कॉर्न या कैलस की वजह बनती है।



### रेत पर चलना

अगर किसी के माता-पिता को यह बीमारी है तो उसे भी कॉर्न होने की आशंका रहती है। इसके लिए पहले से ही कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए जिससे इसकी आशंका को कम किया जा सके जैसे बालू रेत पर नंगे पाव चलना, सही साइज के जूते चप्पल पहनना और पैरों की एक्सरसाइज करना आदि। बहुत ज्यादा ऊंची एड़ी की चप्पलें व बिना मोजे के जूते पहनने से बचें।

### जूतों से भी दिक्कत

दर्द वाले कॉर्न में जूतों को बदलने की सलाह या फिर अंगुलियों का उपचार किया जाता है।

### दोबारा होने का डर

अगर आपने सही फुटवियर का चुनाव किया है तो एक बार कॉर्न को हटाने के बाद वह दोबारा नहीं होता। आजकल कई तरह के मेडिकेटेड प्रोडक्ट भी उपलब्ध हैं जो कैमिकल की सहायता से कॉर्न या कैलस की मोटी व मृत त्वचा को छीलकर बाहर निकाल देते हैं।

### डायबिटीज में रखें ध्यान


डायबिटीज में पैरों की समस्या काफी जटिल होती है। इसलिए ऐसे रोगियों को सलाह दी जाती है कि भले ही उनकी डायबिटीज कंट्रोल में हो, वे किसी भी प्रकार की खरोंच या चीरे से बचते हुए लिक्विड कॉर्न रिमूवल का प्रयोग करें।

# अस्थमा के दौरान होने वाली जटिलताएं

दमा रोगियों को घर के अंदर और बाहर स्वयं को धूप और धूल से बचाने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि तापमान में हो रहे बदलाव के कारण दमा रोगियों में श्वास संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में दमा रोगियों को कुछ खास बातों पर ध्यान देना चाहिए।

**घर में साफ सफाई:** ऐसी जगहों पर खास साफ सफाई रखें जहां धूल जम जाती हो क्योंकि दमा पैदा करने वाले एलर्जेन आपको नुकसान पहुंचा सकते है। घर के अंदर और बाहर वातावरण में मौजूद नमी आपके लिए मुसीबत का सबब बन सकती है। दिन में घर के अंदर धूप आने दें और शाम होते ही खिड़कियां और दरवाजे बंद कर दें, जिससे वायु की गुणवत्ता बनी रहे।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाएं:** हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली किसी भी प्रकार के संक्रमण से लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहती है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना है, तो पौष्टिक आहार का सेवन करें। अपने खाने में पपीता, कद्दू, गाजर, टमाटर, पालक, अमरूद जैसे मौसमी फलों को शामिल करें। बेहतर प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए भरपूर नींद लें और तनाव के स्तर को कम रखें।



### कुछ खास बातें

- अपना इन्हेलर हमेशा अपने पास रखें।
- नहा कर तुरंत एसी या पंखे के नीचे ना बैठें।
- घर और बाहर तापमान में हो रहे परिवर्तन से सावधान रहें।
- धूल भरे मौसम में बाहर जाने से बचें।
- बाहर जाते समय मास्क पहन लें।

# लेस और लाइट कलर के साथ ऐसे तैयार हों समर्स सीजन में



**गर्मी** के आते ही तेज धूप के कारण कई रंगों को पहनना मुश्किल हो जाता है। इससे बचने के लिए डार्क शेड्स के लाइट वर्जन अच्छे दिखते हैं। जैसे यलो की जगह बटर यलो, ग्रीन की जगह लाइम ग्रीन, डार्कपिंक की बजाय बेबी पिंक, पीच आदि। इन कलर्स में वर्किंग वुमन और कॉलेज स्टूडेंट्स चिकनकारी सूट्स, स्लीवलेस टॉप या कॉटन शर्ट्स पहन सकती हैं। वहीं, लंच पर जाने वाली महिलाएं शिफॉन और जॉर्जेट जैसे फैब्रिक में इन कलर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस समर ये पेस्टल कलर्स डिजाइनर्स के भी फेवरेट हैं। इस बार ये कलर्स ट्रेंडी शेप्स और स्टाइल्स में मौजूद हैं। इसीलिए आज हम आपको इसे पहनने के कुछ तरीके बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप उसेकिटी पार्टी या लेडीज लंच में बाकी सबसे अलग दिख सकती हैं....

### एक्वा ड्रीम्ज

सी शेड्स समर लंच के लिए परफेक्ट है, क्योंकि ये आपको पूरे दिन बीच या पूल जैसी ठंडक का अहसास कराते रहते हैं। इस लंच के लिए अगर आप वेस्टर्न आउटफिट पहन रही हैं तो कलर-ब्लॉक टॉप को प्रिंटेड लोअर जैसे स्कर्ट या पलाजो के साथ पहनें। वहीं, अगर आपको साड़ी पहननी है तो कॉटन या चंदेरी साड़ी पहनें, जिसका गोल्ड बॉर्डर हो और इसे स्लीवलेस या कैप-स्लीव्ड ब्लाउज और चंकी नेकलेस के साथ कैरी करें।

### लेस शेप

किटी पार्टी के लिए लेस ड्रेस सबसे परफेक्ट साबित होगी। ये कई कलर्स, शेप्स और बजट में आती है। आप पेस्टल कलर लेस ड्रेस या जम्पसूट पहनें, लेकिन याद रखें कि हिप्स के आस-पास से ड्रेस की फिटंग अच्छी हो। येलूज या टाइट न हो वरना ड्रेस बेकार लगेगी।

### पेस्टल प्रिंट्स

इस सीजन पेस्टल कलर की ट्रांसपेरेंट, प्रिंटेड फैब्रिक ड्रेसेस भी स्टाइलिश लगेंगी, क्योंकि ये लाइटवेट, कूल और चिक लुक देती है। फ्लोरल प्रिंटेड टॉप को प्लेन व्हाइट या वेज लोअर जैसे पैंट या स्कर्ट के साथ पहनें। अगर आपको इंडियन या फ्यूजन लुक चाहिए तो टाइट्स या चूड़ीदार के साथ एसिमिट्रिकल टॉप पहनें।

### पिंक पेस्टल

इस कलर के लिए आप इन पेस्टल पिंक के स्ट्रेट-फिट कुर्ते को स्लिम पैन्ट के साथ पहनें और इसे लॉन्च नेकलेस और बड़े बैग के साथ एक्सरसाइज करें। वैसे दूसरी ओर स्लीवलेस फॉर्म-फिटिंग फ्लोर-लेंथ अनारकली को पॉइन्टी पम्प के साथ पेयरअप किया जा सकता है।

## रेसिपी

### अमिरी खमन



**सामग्री**

20 खमन ढ़ोकले,1 टेबल-स्पून तेल, 2 टी-स्पून सरसों, 2 टी-स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन, 1 1/2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/4 टी-स्पून हींग, 2 टेबल-स्पून पिसी हुई शक्कर, 2 टेबल-स्पून अनारदाना, 2 टेबल-स्पून कटा हुआ हरा धनिया, 2 टेबल-स्पून ताजा कसा हुआ नारियल, 3 टेबल-स्पून सेव

**विधि**

ढ़ोकले को एक बाउल में चूरा कर एक तरफ रख दें। एक कढ़ाई में तेल गरम करें और सरसों डालें। जब बीज चटकने लगे, लहसुन, हरी मिर्च और हींग डालकर, मध्यम आंच पर कुछ सेकन्ड के लिए भून लें। इस तड़के को खमन ढ़ोकले के चूरे पर डालें और अच्छी तरह मिला लें। शक्कर, अनारदाना, धनिया, नारियल डालकर अच्छी तरह मिला लें। परोसने के तुरंत पहले, सेव डालकर अच्छी तरह मिला लें। तुरंत परोसें।

### आलू टिक्की



**सामग्री**

1 कप उबले , छिले और मसले हुए आलू, 1/2 कप उबले और मसले हुए हरे मटर, 1 टेबल-स्पून कटा हुआ हरा धनिया, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टी-स्पून चाट मसाला, 1 टी-स्पून नींबू का रस, नमक स्वादअनुसार,तेल , पकाने के लिए

**विधि**

सभी सामग्री को एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। मिश्रण को 8 बराबर भाग में बांटकर, प्रत्येक भाग की गोल चपटी टिक्की बना लें। नॉन-स्टिक पॅन को मध्यम आंच पर गरम करें और हर एक टिक्की को थोड़े तेल का प्रयोग कर दोनो तरफ सुनहरा होने तक पका लें। तेल सोखने वाले कागज में निकालकर गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**